हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 11



खेल

## युवराज सिंह बोले- शिवम दुबे की भारत के लि सम्मान नहीं मिलने के कारण लिया था संन्यास

Page 09



देश

## कैप्टन शांभवी ने दादी को भेजा गुड मार्निंग मैसेज, विमान हादसे में मौत

शुक्ल पक्ष, आर्द्रा, विक्रम संवत् 2082

• औरंगाबाद • शुक्रवार • 30 जनवरी 2026 • वर्ष 27 • अंक 60 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

### सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,63,950 | ₹ 4,10,000 |




### आज का इतिहास

**1948 :** नाथूराम गोडसे ने दिल्ली में बिड़ला हाउस में महात्मा गांधी , भारत के राजनीतिक और आध्यात्मिक नेता और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की शूटिंग की।

**1948 :** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले महात्मा गांधी की नाथू राम गोडसे ने हत्या कर दी।

### न्यूज बाइट्स

#### उप मुख्यमंत्री और एनसीपी प्रमुख अजित पवार पंचतत्व में विलीन

**बारामती (महाराष्ट्र)(ए.)।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री और एनसीपी प्रमुख अजीत पवार का अंतिम संस्कार गुरुवार को बारामती में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। पवार के अंतिम संस्कार में उनका पूरा परिवार मौजूद रहा। पवार के दोनों बेटों ने उन्हें मुखाग्नि दी। इसके अलावा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे समेत कई लोग मौजूद रहे। इससे पहले, अजित पवार की अंतिम यात्रा में भारी संख्या में लोग शामिल हुए। पवार की अंतिम यात्रा के दौरान सड़कों पर जाम की स्थिति देखने को मिली। बता दें कि गुरुवार सुबह अजित पवार के पार्थिव शरीर को काटेवाड़ी स्थित उनके आवास लाया गया था। बुधवार सुबह 8.45 बजे एक प्लेन क्रैश में पवार का निधन हुआ था। इस हादसे में पवार के सुरक्षाकर्मी, दो पायलट और एक महिला क्रू समेत 5 लोगों की मौत हुई। उनके निधन पर महाराष्ट्र में 3 दिन का राजकीय शोक रखा गया है। इस दौरान राज्यभर की सभी सरकारी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा।

#### चालक सिपाही के 4361 पदों के लिए शारीरिक परीक्षा 12 मार्च से

**पटना (नि.सं.)।** केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) ने बिहार पुलिस में चालक सिपाही के 4361 पदों पर बहाली के लिए अगले चरण की शारीरिक दक्षता परीक्षा का कार्यक्रम घोषित किया है। लिखित परीक्षा के आधार पर चयनित 15,516 अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा 12 मार्च से गर्दनीबाग स्थित पटना हाईस्कूल में होगी। पर्षद के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि अभ्यर्थियों की परीक्षा की तिथि, समय व स्थान की सूचना 15 फरवरी से पर्षद की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी। निर्धारित तिथि को प्रत्येक अभ्यर्थी का सम्मिलित होना अनिवार्य है। उन्हें दूसरा अवसर नहीं दिया जाएगा। शारीरिक दक्षता परीक्षा में दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद और गोला फेंक की परीक्षाएं होंगी। पुरुष अभ्यर्थियों के लिए ऊंचाई एवं सीना की माप तथा महिला अभ्यर्थियों के लिए ऊंचाई एवं वजन की माप होगी। शारीरिक दक्षता में सफल अभ्यर्थी ही अगले चरण की वाहन चालन दक्षता परीक्षा एवं दस्तावेज सत्यापन को लेकर आमंत्रित किए जाएंगे।

**कैबिनेट बैठक में 31 प्रस्तावों पर मुहर, छात्रवृत्ति बढ़ी, नए कॉलेज, पुलिस बल और उद्योग को बड़ा प्रोत्साहन**

# अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति दोगुनी

अब कक्षा एक से 10 तक के छात्रों को ₹1200 से ₹3600 वार्षिक मिलेंगे, जबकि छात्रावासियों को ₹6000, महंगाई को देखते हुए यह संशोधन किया गया है, जिससे लगभग 27 लाख छात्र लाभान्वित होंगे। पिछड़ा वर्ग छात्रावास अनुदान भी ₹1000 से ₹2000 किया गया है।

निज संवाददाता | पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में कुल 31 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक के अहम फैसलों में सामाजिक न्याय और शिक्षा से जुड़े दो महत्वपूर्ण निर्णय शामिल हैं, जिनसे राज्य के लाखों छात्र-छात्राओं को सीधा लाभ मिलने वाला है। बिहार सरकार के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 से प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना की दरों में बड़ा संशोधन करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत कक्षा 1 से 10 तक के अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति राशि को दोगुना कर दिया गया है। संशोधित प्रावधान के अनुसार अब कक्षा 1 से 4 तक के विद्यार्थियों को 1200 रुपये वार्षिक, कक्षा 5 से 6 तक के विद्यार्थियों को 2400 रुपये वार्षिक, कक्षा 7 से 10 तक के विद्यार्थियों को 3600 रुपये वार्षिक तथा कक्षा 1 से 10 तक के छात्रावासी विद्यार्थियों को 6000 रुपये वार्षिक छात्रवृत्ति दी जाएगी। यह लाभ राज्य के सरकारी विद्यालयों, स्थायी मान्यता प्राप्त तथा स्थापना स्वीकृत विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को मिलेगा।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि छात्रवृत्ति की दरें वर्ष 2011 में निर्धारित की गई थीं, जो अब तक लागू थीं, लेकिन वर्तमान समय में बढ़ती महंगाई और शिक्षा से जुड़े खर्चों को देखते हुए इन दरों में संशोधन आवश्यक हो गया था। दरों में वृद्धि के बाद इस योजना पर कुल अनुमानित वार्षिक व्यय 519.64 करोड़ रुपये स्वीकृत किया गया है। सरकार के अनुसार इस फैसले से राज्य के लगभग 27 लाख छात्र-छात्राओं को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा और इससे वंचित वर्गों के विद्यार्थियों को शिक्षा से जोड़े रखने, पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहन बढ़ाने तथा ड्रॉपआउट दर में कमी लाने में मदद मिलेगी। कैबिनेट की बैठक में पिछड़ा और अत्यंत पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए संचालित छात्रावास अनुदान योजना में भी वृद्धि को मंजूरी दी गई। वित्तीय वर्ष 2025-26 से "मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग छात्रावास अनुदान योजना" के तहत अब छात्रावासों में रहने वाले प्रत्येक छात्र और छात्रा को 2000 रुपये प्रति माह अनुदान मिलेगा, जबकि अब तक यह राशि 1000 रुपये प्रति माह थी। सरकार ने बताया कि यह बढ़ी हुई दर 1 जनवरी 2026 से प्रभावी होगी। इस निर्णय से विभाग के अंतर्गत संचालित छात्रावासों में रह रहे लगभग 8150 छात्र-छात्राएं लाभान्वित होंगे और अनुदान दर के पुनर्निर्धारण के बाद इस योजना पर कुल अनुमानित वार्षिक व्यय 19 करोड़ 56 लाख रुपये होगा।

### भूमि सुधार उप समाहर्ता के पदनाम को बदलकर अनुमंडल राजस्व पदाधिकारी किया गया



राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अंतर्गत भूमि सुधार उप समाहर्ता के पदनाम को बदलकर अनुमंडल राजस्व पदाधिकारी करने तथा 101 नए पद सृजित करने की मंजूरी दी गई। ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के लाभुकों को अतिरिक्त वित्तीय सहायता देने का निर्णय लिया गया। पर्यावरण विभाग के अंतर्गत बिहार इको-टूरिज्म डेवलपमेंट सोसाइटी के गठन को मंजूरी दी गई। सिविल विमानन विभाग के अंतर्गत नवगठित विभाग में 99 नए पदों के सृजन और विभिन्न निदेशालयों के पदों के हस्तांतरण को स्वीकृति दी गई।

### सरकारी नंबर-ईमेल आईडी से सोशल मीडिया अकाउंट बनाने पर रोक

सरकारी कर्मचारी अब सरकारी मोबाइल नंबर या ई-मेल आईडी से किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अकाउंट नहीं बना सकेंगे। किसी भी सोशल मीडिया पर भड़काऊ भाषण, पोस्ट या टिप्पणी करने पर भी रोक रहेगी। फेसबुक, इंस्टाग्राम, वॉट्सएप और टेलीग्राम जैसे प्लेटफॉर्म पर सरकारी पहचान के दुरुपयोग को रोकने के लिए यह नियमावली तैयार की गई है, क्योंकि इससे पहले सरकारी कर्मचारियों द्वारा सोशल मीडिया के दुरुपयोग के कई मामले सामने आए हैं। नियमों के तहत सरकारी सेवकों को सोशल मीडिया पर संयम बरतना होगा और वे किसी भी सरकारी बैठक की रील या लाइव स्ट्रीम अपने निजी सोशल मीडिया अकाउंट से नहीं कर सकेंगे।

# यूजीसी के नए नियमों पर सुप्रीम कोर्ट की रोक केंद्र को नया ड्राफ्ट तैयार करने के निर्देश

- सुप्रीम कोर्ट ने यूजीसी के नए नियमों पर समाज में विभाजन की आशंका जताई
- नियम पर यदि हम हस्तक्षेप नहीं करते हैं, तो इसके खतरनाक परिणाम होंगे : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी | नई दिल्ली




सुप्रीम कोर्ट ने यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी) के नए नियमों पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या की पीठ ने कहा कि नियमों के कई प्रावधान स्पष्ट नहीं हैं और इनके दुरुपयोग की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। अदालत ने यह टिप्पणी उन याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान की, जिनमें आरोप लगाया गया है कि नए नियम सामान्य वर्ग के छात्रों के साथ भेदभाव की स्थिति पैदा कर सकते हैं। यूजीसी ने 13 जनवरी को 'प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस रेगुलेशन्स, 2026' को अधिसूचित किया था, जिसका देश के कई हिस्सों में छात्र संगठनों और विभिन्न सामाजिक समूहों द्वारा विरोध किया जा रहा है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि नियमों में जाति आधारित भेदभाव की परिभाषा अस्पष्ट और एकतरफा है, जिससे सामान्य वर्ग के छात्रों को 'स्वाभाविक अपराधी' के रूप में देखा जा सकता है और इससे शिक्षण संस्थानों में तनाव और अव्यवस्था की स्थिति बन सकती है।

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और यूजीसी को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा और निर्देश दिया कि नियमों का नया ड्राफ्ट तैयार किया जाए, ताकि सभी वर्गों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित हो सके और किसी भी प्रकार की गलत व्याख्या या दुरुपयोग की संभावना न रहे। अदालत ने स्पष्ट किया कि अगली सुनवाई 19 मार्च को होगी और तब तक देशभर में वर्ष 2012 के यूजीसी नियम ही प्रभावी रहेंगे।

नए नियमों के तहत कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों के खिलाफ भेदभाव की शिकायतों के निपटारे के लिए विशेष समितियों, हेल्पलाइन और निगरानी तंत्र गठित करने का प्रावधान किया गया था। सरकार का तर्क है कि इन उपायों से उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा मिलेगा, लेकिन विरोध कर रहे छात्र संगठनों का कहना है कि नियमों का मौजूदा स्वरूप संतुलित नहीं है और इससे एक वर्ग विशेष को निशाना बनाए जाने की आशंका है।

सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश के बाद अब इस मुद्दे पर राजनीतिक और शैक्षणिक हलकों में भी चर्चा तेज हो गई है और सभी की निगाहें 19 मार्च को होने वाली अगली सुनवाई पर टिकी हैं, जहां यह तय होगा कि संशोधित नियमों का स्वरूप क्या होगा और उन्हें किस रूप में लागू किया जाएगा।

#### यूजीसी के पुराने 2012 के नियम में क्या है?

यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी) ने 17 सितंबर 2012 को भारत के सभी हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट्स में समानता को बढ़ावा देने और भेदभाव को रोकने के लिए नियम बनाए थे। 2012 के नियम खासतौर पर अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) स्टूडेंट्स के लिए बनाए गए थे, इसमें ओबीसी को नहीं जोड़ा गया था। यूजीसी एक्ट 2026 में ओबीसी को भी जोड़ा गया है। एससी-एसटी छात्रों के खिलाफ जाति-भेदभाव के अलावा ये नियम अन्य आधारों जैसे धर्म, भाषा, जातीय, लिंग और दिव्यांगता पर भी लागू होते हैं, लेकिन सिर्फ सलाह के तौर पर-अनिवार्य नहीं।

# लैंड फॉर जॉब केस में नौ मार्च से रोजाना सुनवाई कोर्ट ने लालू-राबड़ी को पेशी से दी छूट

निज संवाददाता | पटना



लैंड फॉर जॉब मामले में गुरुवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई, जहां अदालत ने लालू परिवार को आंशिक राहत देते हुए 1 से 25 फरवरी के बीच औपचारिक आरोप तय करने की प्रक्रिया के दौरान लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव और तेजप्रताप यादव को व्यक्तिगत रूप से पेश होने से छूट दे दी। इस दौरान लालू-राबड़ी और तेजस्वी यादव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में पेश हुए, जबकि पाटलिपुत्र से राजद सांसद मीसा भारती और उनकी बहन हेमा यादव स्वयं अदालत पहुंचीं और आरोपों से इनकार किया।

अदालत ने स्पष्ट किया कि इस मामले में 9 मार्च से नियमित रूप से रोजाना सुनवाई होगी, जहां अभियोजन पक्ष के साक्ष्य और गवाहों के बयान दर्ज किए जाएंगे। यह मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज किया गया है और अब विधिवत ट्रायल की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। इससे पहले 9 जनवरी को अदालत ने लालू परिवार समेत कुल 41 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए थे, जबकि 52 लोगों को मामले से बरी कर दिया गया था। पिछली सुनवाई के दौरान विशेष न्यायाधीश विशाल गोग्ने ने अपने आदेश में कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा था कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार ने सरकारी नौकरियों के बदले संपत्तियां हासिल करने की एक संगठित साजिश रची थी और यह पूरा मामला एक आपराधिक गिरोह की तरह काम करने का संकेत देता है।

#### 103 आरोपियों में से पांच की हो चुकी मृत्यु

कोर्ट ने सीबीआई की चार्जशीट और दस्तावेजों पर विचार करते हुए कहा था कि जांच एजेंसी के पास ऐसे पर्याप्त तथ्य और साक्ष्य मौजूद हैं, जिनके आधार पर ट्रायल चलाया जाना जरूरी है। अदालत के अनुसार यह मामला केवल अनियमित नियुक्तियों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें जमीन के ट्रांसफर, संपत्ति के मूल्य में असामान्यता और इससे जुड़े कारोबारी लेन-देन भी शामिल हैं, जिनका आपसी संबंध ट्रायल के दौरान परखा जाएगा। हालांकि अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि आरोप तय होना दोष सिद्ध होने के समान नहीं है और बचाव पक्ष को पूरा अवसर मिलेगा कि वह सीबीआई के साक्ष्यों को चुनौती दे। सीबीआई ने अदालत को यह भी बताया था कि चार्जशीट में नामजद 103 आरोपियों में से पांच की मृत्यु हो चुकी है। जांच एजेंसी ने लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव, तेजप्रताप यादव, मीसा भारती, हेमा यादव समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त आधार होने की बात कही है।

**मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना**

# महिलाओं को दो लाख देने की प्रक्रिया शुरू

निज संवाददाता | पटना



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना को लेकर बड़ी जानकारी देते हुए कहा है कि चयनित लाभुक महिलाओं को स्वरोजगार को मजबूत करने के लिए 2 लाख रुपये तक की अतिरिक्त वित्तीय सहायता देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य की महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है ताकि प्रत्येक परिवार की एक महिला उद्यमी के रूप में स्थापित हो सके। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से जानकारी साझा करते हुए बताया कि योजना के प्रथम चरण में प्रत्येक परिवार की एक महिला को 10 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी गई है, जिसके तहत अब तक 1 करोड़ 56 लाख लाभुकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से राशि अंतरित की जा चुकी है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में शेष पात्र आवेदकों के खातों में भी नियमानुसार शीघ्र ही राशि भेजी जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि योजना के अंतर्गत महिलाओं द्वारा रोजगार प्रारंभ करने के छह माह बाद उनके कार्यों का मूल्यांकन किया जाएगा और इसके आधार पर आवश्यकतानुसार 2 लाख रुपये तक की अतिरिक्त सहायता राशि प्रदान की जाएगी। यह सहायता चरणबद्ध तरीके से दी जाएगी, बशर्ते कि पहले दी गई राशि का उपयोग स्वरोजगार के उद्देश्य से सही ढंग से किया गया हो। उन्होंने यह भी कहा कि जिन मामलों में महिला का व्यवसाय अच्छी तरह संचालित हो रहा होगा, वहां आवश्यकतानुसार एकमुश्त राशि देने का भी प्रावधान रखा गया है, ताकि उनका उद्यम स्थायी रूप से खड़ा हो सके और आय का नियमित स्रोत बन सके।

मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत लाभुक महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की मार्केटिंग की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि उन्हें अपने उत्पाद बेचने के लिए बाजार की कमी न झेलनी पड़े। इसके साथ ही इन महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं और विभागीय कार्यों से भी जोड़े जाने का निर्देश दिया गया है, जिनमें पोशाक निर्माण, सुधा दुग्ध बिक्री केंद्र, दीदी की रसोई सहित अन्य कार्य शामिल हैं। सरकार का मानना है कि इससे महिलाओं को स्थायी बाजार मिलेगा और उनका रोजगार लंबे समय तक टिकाऊ बना रहेगा।

### आंगनबाड़ी के 52.66 % बच्चों का हेल्थ कार्ड बना

पटना(नि.सं.)। आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को सरकारी अस्पतालों में इलाज की मुफ्त सुविधा मिले, इसके लिए हेल्थ कार्ड बनाया जाना है। राज्य में अब तक 52.66 फीसदी यानी 52 लाख 11 हजार 407 बच्चों का हेल्थ कार्ड बन चुका है। इसकी मदद से 30 फीसदी के लगभग अभिभावकों को बच्चे के इलाज में मदद भी मिल चुकी है। एक साल पहले वर्ष 2025 जनवरी में राज्य के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में मात्र एक फीसदी ही बच्चों का हेल्थ कार्ड बना था। अधिक से अधिक बच्चों का हेल्थ कार्ड बने, इसके लिए आंगनबाड़ी केंद्रों में नियमित कैंप का आयोजन किया गया। इसमें जीरो से छह साल तक के सभी बच्चों का हेल्थ कार्ड बनाया जा रहा है। देशभर में बिहार अब एक ऐसा राज्य भी बन गया है जहां के आंगनबाड़ी केंद्रों में सबसे ज्यादा बच्चों का हेल्थ कार्ड बन चुका है। उत्तर प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों में अबतक लगभग तीन फीसदी, उत्तराखंड में 10 फीसदी, झारखंड में 27 फीसदी ही बच्चों का हेल्थ कार्ड बन पाया है। इलाज से लेकर आवासन तक में मिलती सुविधा एक बार हेल्थ कार्ड बनने के बाद बच्चों को हर तरह की बीमारी में इलाज की सुविधा दी जाती है।

# कुष्ठ रोग पूरी तरह इलाज योग्य, 31 से राज्यव्यापी जागरूकता अभियान

निज संवाददाता | पटना

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि बिहार सरकार कुष्ठ रोग के उन्मूलन को लेकर पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है और इसके लिए राज्यभर में व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में 31 जनवरी से 13 फरवरी तक पूरे राज्य में कुष्ठ उन्मूलन पखवाड़ा मनाया जाएगा, जबकि 30 जनवरी को 'स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान' का आयोजन किया जाएगा। मंत्री ने गुरुवार को जारी अपने बयान में कहा कि कुष्ठ रोग पूरी तरह से इलाज योग्य है और यदि समय पर इसकी पहचान कर उपचार शुरू किया जाए तो न केवल रोगी पूरी तरह स्वस्थ हो सकता है, बल्कि संक्रमण की श्रृंखला को भी प्रभावी रूप से रोका जा सकता है।

# बिहार के पांच जिलों में बारिश की संभावना, तापमान में गिरावट से बढ़ेगी ठंड

निज संवाददाता | पटना

बिहार के कुछ जिलों में बुधवार को हुई बारिश के बाद एक बार फिर ठंड का असर बढ़ गया है। मौसम विभाग ने गुरुवार को राज्य के पांच जिलों में बारिश की संभावना को देखते हुए यलो अलर्ट जारी किया है, जबकि पटना समेत कई अन्य जिलों में मौसम मुख्यतः साफ रहेगा, हालांकि हल्के बादल छाए रह सकते हैं। शाम होते-होते ठंडी हवाओं के कारण कनकनी बढ़ने की संभावना है और रात के समय कुछ इलाकों में बूंदाबांदी भी हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार आज राज्य में अधिकतम तापमान 20 से 24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 6 से 10 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। बीते 24 घंटे के दौरान बगहा में तेज बारिश दर्ज की गई, जबकि बक्सर में हल्की बूंदाबांदी हुई। वहीं औरंगाबाद, बेतिया, सुपौल समेत करीब 10 जिलों में सुबह के समय कोहरे के साथ बादल छाए रहे। भागलपुर 7.4 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ राज्य का सबसे ठंडा जिला दर्ज किया गया।

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक उत्तर भारत के ऊपर सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के कारण बिहार में इस तरह का मौसम बना हुआ है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से वातावरण में नमी बढ़ रही है, जिससे बादल बन रहे हैं और कुछ इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हो रही है। इसके अलावा पछुआ और पुरवा हवाओं के टकराव से भी मौसम में लगातार बदलाव देखा जा रहा है, जिसके कारण जनवरी के अंत में भी ठंड पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। मौसम विभाग का अनुमान है कि बारिश के बाद न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है, जिससे सुबह और रात के समय ठंड का असर और बढ़ेगा। हालांकि कड़ाके की ठंड लौटने की संभावना कम है, लेकिन हल्की से मध्यम ठंड अगले कुछ दिनों तक बनी रह सकती है।

राजधानी पटना में बारिश की संभावना कम है, लेकिन बादलों की आवाजाही बनी रहेगी।

**सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत एलआईसी की जनहित पहल**

# एलआईसी द्वारा वाटर कूलर व वाटर प्यूरीफायर का लोकार्पण

निज संवाददाता | पटना



भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) पटना मंडल-1 के तत्वावधान में उपभोक्ता आयोग, पटना के परिसर में वाटर कूलर एवं वाटर प्यूरीफायर का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर एलआईसी के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक राजेश आनंद तथा जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (डीसीडीआरसी) के अध्यक्ष प्रेम रंजन मिश्र ने संयुक्त रूप से इसका उद्घाटन किया।

लोकार्पण के दौरान आयोग के अध्यक्ष प्रेम रंजन मिश्र ने एलआईसी के इस लोककल्याणकारी कदम की सराहना करते हुए कहा कि इससे उपभोक्ताओं के साथ-साथ न्यायालय परिसर में आने वाले अधिवक्ताओं और आम लोगों को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल की सुविधा मिलेगी। उन्होंने इस पहल के लिए एलआईसी प्रबंधन को धन्यवाद दिया और इसे सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया।

कार्यक्रम में एलआईसी पटना मंडल-1 के विपणन प्रबंधक अभय कुमार सुमन, प्रबंधक (विक्रय) राजेश यादव, प्रबंधक (विधि) विनोद कुमार पाण्डेय, प्रशासनिक अधिकारी प्रेम कुमार तथा चित्रसेन चरण सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल को उपभोक्ताओं की सुविधा और जनहित से जुड़ा महत्वपूर्ण कदम बताया।

### 172.80 करोड़ की लागत से बनेगा पुलिस डाटा सेंटर भवन

**पटना (नि.सं.)।** गृह विभाग ने पटना जिले के राजीव नगर थाना क्षेत्र में आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली (डायल 112) एवं राज्य पुलिस डाटा सेंटर के स्थायी भवन के निर्माण को स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह भवन ग्राउंड सहित सात तल्ले का होगा। भवन निर्माण पर करीब 172.80 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत आएगी। उप मुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस राशि से फर्नीचर एवं आधारभूत संरचना सहित पुलिस भवन का निर्माण कराया जाएगा। गृह मंत्री ने कहा कि मजबूत और आधुनिक पुलिस भवन न केवल प्रशासनिक कार्यों को सुचारु बनाएंगे, बल्कि पुलिसकर्मियों को बेहतर कार्य वातावरण भी उपलब्ध कराएंगे।



## संक्षिप्त समाचार

### दिन-दहाड़े जगजीवन नगर से बाइक उड़ा ले गए चोर,पीड़ित पहुंचा थाना,लगाई न्याय की गुहार

**रजौली**। थाना क्षेत्र में चोरों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि वे दिन-दिहाड़े बाजार क्षेत्र से चोरी जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।गुरुवार की सुबह लगभग 9 बजे पशु चिकित्सालय में कार्यरत कर्मी का काला और लाल रंग का ग्लैमर बाइक को अज्ञात चोर ले उड़े।पीड़ित चितरकोली गांव निवासी प्रसाद यादव के पुत्र पप्पू कुमार ने बताया कि वे पशु चिकित्सालय रजौली में कार्यरत हैं और जगजीवन नगर के एक निजी भवन में रह रहे चिकित्सक से मिलने आए थे।वे अपनी बाइक ग्लैमर संख्या जेएच02एके2706 को भवन के नीचे एवं साहू फर्नीचर के समीप लगाकर चिकित्सक से मिलकर लौटे,तो देखा की उनकी बाइक नहीं है।पीड़ित ने आसपास काफी खोजबीन की,किंतु कुछ भी पता नहीं चल सका।पीड़ित ने आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगालने का प्रयास किया,तो गली के सामने एक दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज में एक अज्ञात व्यक्ति ग्लैमर बाइक का लॉक तोड़कर पुरानी बस स्टैंड की तरफ जाता हुआ दिख रहा है।पीड़ित ने थाने को लिखित आवेदन देकर चोरी की बाइक की बरामदगी की गुहार लगाई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रंजीत कुमार ने बताया कि पीड़ित बाइक मालिक द्वारा लिखित आवेदन मिला।पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### वोटर जागरूकता को लेकर निकाला गया पैदल मार्च




**नवादा**। मेरा युवा भारत, नवादा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से वोटर जागरूकता हेतु नवादा के मिर्जापुर में पदयात्रा का आयोजन किया गया । पदयात्रा के माध्यम से समाज में अपने मत प्रयोग के अधिकार के बारे में जनता को जागरूक करने का प्रयास किया गया । इस कार्यक्रम का मुख्य फोकस नए मतदाताओं जो 18 वर्ष के हैं उनको नए मतदाता सूची से जोड़ना एवं अपने मत के प्रयोग हेतु प्रेरित करना है ताकि मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जाए एवं सभी मतदाता अपने मत के अधिकार को समझ सके इस कार्यक्रम में करीब 500 युवा एवं युवतियों ने भाग लिया । करीब 4 किमी पदयात्रा का आयोजन नवादा के मिर्जापुर कृष्ण प्रसाद खेल मैदान से इंदिरा चौक तथा पुनः इंदिरा चौक से मिर्जापुर ग्राउंड में समापन किया गया । कार्यक्रम के अंत में सभी युवाओं एवं युवतियों को मताधिकार के प्रयोग हेतु शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन बिहार गौरव सम्मान से सम्मानित राष्ट्रीय कोच व प्रख्यात शारीरिक शिक्षक श्री संतोष कुमार वर्मा द्वारा किया गया है। इस अवसर पर मेरा युवा भारत कार्यालय के सहायक श्री मनीष कुमार गिरि, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी राष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट कीर्ति रंजन सब इंस्पेक्टर विक्रम कुमार, सुनील कुमार जूही कुमारी योग शिक्षक मिथिलेश कुमार शिव कुमार की गरिमामई उपस्थिति रही कार्यक्रम के समाप्ति पर युवाओं के चहेते राष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट कीर्ति रंजन एवं विक्रम कुमार को सॉल एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### डीसीएस पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय अंडर-17 कबड्डी खिलाड़ी को किया गया सम्मानित



**नारदीगंज (नवादा)**: नारदीगंज बाजार स्थित डी. सी. एस . पब्लिक स्कूल में गुरुवार को सम्मान समारोह आयोजित हुई। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय अंडर-17 कबड्डी प्रतियोगिता नारदीगंज पंचायत के दरियापुर निवासी रौशन सिंह के 16 वर्षीय पुत्र हिमांशु राज को विद्यालय के निदेशक संजय कुमार ने डायरी कलम देकर सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा हिमांशु राज इस विद्यालय में प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण किया। यहां चतुर्थ कक्षा तक पढ़ाई करने के बाद उच्च शिक्षा ग्रहण के लिए दूसरे जगह विद्यालय में जाकर विद्याध्ययन किया। बचपन से ही खेलकूद में अभिरुचि रखता था। यह अनुशासित रहकर सदैव आगे बढ़ते रहे। राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पहुंच कर देश,समाज,परिवार को गौरान्वित करते रहे । कहा कि माता,पिता और गुरु सदैव अपने बच्चे को आगे बढ़ते हुए देखना चाहते हैं। ताकि वह अच्छा करके समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनें। इधर,विजेता हिमांशु राज कहता है कि सरकारी स्तर पर मुझे सहयोग मिलता, तो और कुछ बेहतर कर सकते हैं। मौके पर छात्र पावनी,माही, अमन,वैष्णवी,आहिलखान,कन्हैया, शिवम,विमान समेत अन्य मौजूद रहे।

### राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, नवादा में भूकंप सुरक्षा हेतु मॉक ड्रिल एवं सीबीआरएन टेबल टॉप अभ्यास का आयोजन



**नवादा**। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय परिसर, नवादा में दिनांक 29 जनवरी 2026 को भूकंप सुरक्षा के उद्देश्य से मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) / राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम द्वारा सीबीआरएन (रासायनिक, जैविक, विकिरणीय एवं नाभिकीय) विषय पर टेबल टॉप अभ्यास भी कराया गया। वहीं सीबीआरएन आधारित मॉक ड्रिल दिनांक 30 जनवरी 2026 को आयोजित की जाएगी। भूकंप मॉक ड्रिल के दौरान आपदा की काल्पनिक स्थिति उत्पन्न कर राहत एवं बचाव कार्य, त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली, सुरक्षित निकासी व्यवस्था, प्राथमिक उपचार एवं सीपीआर प्रशिक्षण, तथा भूकंप जोखिम न्यूनीकरण उपायों का व्यावहारिक एवं प्रभावी प्रदर्शन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य आपदा की स्थिति में विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय, तत्काल निर्णय लेने की क्षमता, एवं उपलब्ध संसाधनों के प्रभावी उपयोग का परीक्षण करना रहा। मॉक ड्रिल के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि प्राकृतिक आपदाओं से निपटने हेतु पूर्व तैयारी एवं जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। समय पर सही निर्णय एवं समन्वित प्रयासों से जान-माल की क्षति को न्यूनतम किया जा सकता है। इस मॉक ड्रिल में जिला अग्निशमन पदाधिकारी, उत्पाद विभाग, स्वास्थ्य विभाग, प्रधानाचार्य, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, नवादा, सहायक कमांडेंट, एनडीआरएफ, सहित एसडीआरएफ एवं अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। सभी विभागों द्वारा सक्रिय सहभागिता के साथ अभ्यास को सफल बनाया गया।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित

## हिट एंड रन मामलों में त्वरित एवं सख्त कार्रवाई के निर्देश

निज संवाददाता। नवादा

नवादा समाहरणालय सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, ब्लैक स्पॉट की पहचान एवं उनके सुधारात्मक उपायों, हिट एंड रन तथा नॉन हिट एंड रन मामलों में मुआवजा भुगतान की स्थिति तथा सार्वजनिक परिवहन के संचालन से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में आईआरएडी पोर्टल के अनुसार वर्ष 2022 से 2025 तक हिट एंड रन मामलों की कुल संख्या 355 बताई गई, जिसमें 201 मामलों में आवेदन अग्रसारित किए जा चुके हैं तथा 154 मामले लंबित हैं। वहीं नॉन हिट एंड रन मामलों में कुल 556 मामलों में से 317 आवेदन अग्रसारित किए जा चुके हैं तथा 239 मामले लंबित हैं। जिला पदाधिकारी ने जिला परिवहन पदाधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) को निर्देश दिया कि हिट एंड रन एवं नॉन हिट एंड रन के सभी लंबित मामलों की थाना-वार समीक्षा सुनिश्चित की जाए तथा प्रत्येक थानाध्यक्ष से साप्ताहिक प्रगति प्रतिवेदन प्राप्त करते हुए मामलों का शीघ्र निष्पादन कराया जाए, ताकि पात्र लाभुकों को समय पर मुआवजा राशि उपलब्ध कराई जा सके।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सड़क सुरक्षा को लेकर जिले में व्यापक जन-जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान चलाया जाएगा। जिला



पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि "नो हेलमेट, नो पेट्रोल" की व्यवस्था को जिले में सख्ती से लागू किया जाए। इसके तहत बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल की आपूर्ति नहीं की जाएगी। उन्होंने जिला परिवहन पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सभी पेट्रोल पंपों की नियमित एवं औचक जांच की जाए। नियमों का उल्लंघन करने वाले पेट्रोल पंप संचालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

साथ ही जिला पदाधिकारी द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि थाना-वार रोस्टर बनाकर ट्रैक्टरों के कागजातों की सघन जांच की जाए तथा कम उम्र के चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। जिला पदाधिकारी ने एनएचएआई के पदाधिकारियों को जिले में प्रवेश मार्गों पर नागरिकों की सुविधा हेतु साइन बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। साथ ही धर्मशीला अस्पताल मोड़ पर हाई मास्ट लाइट लगाने तथा फोरलेन पर सभी स्ट्रीट लाइटों को सुचारू रूप से संचालित करने का भी निर्देश दिया गया।

नवादा शहरी क्षेत्र में बढ़ती यातायात जाम की समस्या को देखते हुए अवैध रूप से संचालित टोटो वाहनों के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाने तथा बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के विरुद्ध विशेष जांच अभियान चलाकर चालान की कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

जिला पदाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं प्रमुख चौक-चौराहों पर सड़क सुरक्षा से संबंधित विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, ताकि अधिकाधिक लोग यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक हो सकें। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लाने हेतु नई रणनीतियों को अपनाने तथा सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर बल दिया गया। समिति ने बैठक को जन-सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि इसके सकारात्मक परिणाम शीघ्र ही परिलक्षित होंगे। इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (यातायात), अवर परिवहन पदाधिकारी, मोटरयान निरीक्षक (एमवीआई) एवं अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## संपत्ति विवाद में पति को जहर देकर मारने और आनन-फानन में शव जलाने का आरोप



थाना गेट पर आवेदन के साथ पीड़िता

निज संवाददाता। रजौली

रजौली थाना क्षेत्र से एक रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक महिला ने अपने ही ससुराल वालों पर पति की निर्मम हत्या का आरोप लगाया है। नरहट थाना क्षेत्र के रामपुर गांव की रहने वाली सोनी कुमारी ने रजौली थाना अध्यक्ष को दिए आवेदन में न्याय की गुहार लगाते हुए बताया कि बीती 25 जनवरी की सुबह उसके पति पवन कुमार को साजिश के तहत खाने में जहर देकर मार डाला गया।

पीड़िता का आरोप है कि घटना की सूचना उसे किसी अनजान व्यक्ति ने फोन पर दी, लेकिन जब तक वह अपने ससुराल कौरीखाप पहुंची, तब तक आरोपियों ने सबूत मिटाने की नीयत से उसके पति के शव को जलाकर राख कर दिया था।सोनी कुमारी ने अत्यंत भावुक होते हुए पुलिस को बताया कि उसे अपने मृतक पति का चेहरा तक देखने की अनुमति नहीं दी गई। इस जघन्य अपराध के पीछे संपत्ति का विवाद बताया जा रहा है। महिला के अनुसार, उसके ससुराल के सदस्यों में उसकी सौतेली सास मालती देवी, छोटा ससुर रंजीत राम, छोटी सास नीतू देवी और ननद खुशबू कुमारी शामिल हैं, हिस्सेदारी को लेकर पहले भी उसके पति को जान से मारने की धमकी दे चुके थे।

तीन बच्चों की मां सोनी कुमारी ने अब पुलिस प्रशासन से गुहार लगाई है कि उसके पति के हत्यारों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि उसके अनाथ हुए एक लड़की समेत दोनों बच्चों को न्याय मिल सके। इस संबंध में एसडीपीओ गुलशन कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है।उन्होंने कहा कि लिखित शिकायत मिलने पर पुलिस अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।

## सीआरसी छपरा में प्रधानाध्यापकों की बैठक संपन्न शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने पर दिया गया जोर

निज संवाददाता। रजौली

रजौली प्रखंड क्षेत्र के इंटर स्कूल छपरा में सीआरसी छपरा,सीआरसी करिगांव एवं सीआरसी रजौली पूर्वी के सीआरसी स्तर के प्रधानाध्यापकों के बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में नगर पंचायत के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने भाग लिया।इस बैठक में सीआरसी हेड एवं कॉर्डिनेटर की विशेष उपस्थिति रही,जिससे बैठक और अधिक प्रभावी एवं मार्गदर्शक बनी।

बैठक में सीआरसी हेड सहित निपुण भारत मिशन के मास्टर ट्रेनर जितेन्द्र कुमार, कुनाल सिंह,अंजू कुमारी,आयुष आनंद एवं कुमारी उपस्थित रहीं।बैठक का संचालन पिरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो प्रशांत सोनटक्के द्वारा किया गया।बैठक के दौरान निपुण भारत मिशन के अंतर्गत प्रखंड की शैक्षणिक प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही एफएलएन, टीएलएम, विद्यालय पुस्तकालय, बाला पेंटिंग एवं प्रातःकालीन सभा से जुड़ी



सीआरसी की बैठक में शामिल प्रधानाध्यापकगण

गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा हुई। कक्षा अवलोकन के माध्यम से विद्यालय एवं सीआरसी स्तर पर आ रही समस्याओं की पहचान कर उनके व्यावहारिक समाधान पर सहमति बनाई गई।इस अवसर पर सभी विद्यालयों में पुस्तकालय की स्थापना एवं नियमित संचालन, प्रभावी विद्यालय प्रबंधन तथा छात्रों के अधिगम परिणामों में सुधार पर विशेष जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त प्रत्येक माह सीआरसी स्तर पर प्रधानाध्यापकों की नियमित बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया।बैठक में उपस्थित सभी प्रधानाध्यापकों ने शैक्षणिक गुणवत्ता एवं निपुणता स्तर को बढ़ाने हेतु संयुक्त रूप से कार्य करने का संकल्प लिया तथा निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से प्राप्त करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## सूखी धरती पर हरियाली लाने का मंत्र,रजौली में किसानों को मिला दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण

निज संवाददाता। रजौली

जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच कृषि को लाभदायक बनाने के उद्देश्य से चमरबिगहा स्थित 'जलवायु परिवर्तन कार्यक्रम समिति' के तत्वावधान में दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। नाबार्ड (पटना) द्वारा संपोषित और 'महिला विकास समिति' रजौली द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य विषय 'शुष्क भूमि बागवानी एवं कृषि वानिकी' रहा। सामुदायिक पुस्तकालय फरका बुजुर्ग में आयोजित इस दो दिवसीय प्रशिक्षण में फरका बुजुर्ग, अम्बातारी, बिराज, चमरबिगहा और घामुचक जैसे विभिन्न गांवों के लगभग 60 किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम का उद्घाटन नाबार्ड नवादा के डीडीएम सुशांत रौशन और कृषि विज्ञान केंद्र सेखोदेवरा के प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक डॉ. रौशन कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।

प्रशिक्षण के दौरान डॉ. रौशन कुमार ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि पानी की कमी वाली



विशेष प्रशिक्षण में भाग लेते किसान व अन्य

यानी शुष्क भूमि में खेती करना अब नामुमकिन नहीं है, बशर्ते सही तकनीक और कृषि वानिकी का समन्वय किया जाए।

उन्होंने किसानों को बीजोपचार, सही समय पर बीजारोपण और पौधरोपण के महत्व को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझाया। उन्होंने चेतावनी दी कि समय पर बुआई न करने से उत्पादन में भारी गिरावट आती है, जिसे आधुनिक तकनीकों और जैविक खाद के प्रयोग से संतुलित किया जा सकता है।प्रशिक्षण के दौरान प्राकृतिक तरीके से फसलों की बीमारियों के उपचार, दवाओं के उचित प्रयोग,जैविक खाद के लाभ और फसलों की समयबद्ध कटाई व निराई-गुड़ाई पर विस्तृत जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम के समापन पर महिला विकास समिति की सचिव लीला कुमारी ने किसानों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया। इस सफल आयोजन में अनिल कुमार, शंकर दयाल सिंह, पंकज कुमार, जनार्दन प्रसाद और गोपाल सिंह जैसे समर्पित कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही।

## जन्म व मृत्यु से संबंधित पंचायत सचिवों को दी गई एकदिवसीय जानकारी



प्रशिक्षण के दौरान बीडीओ, बीएसओ व पंचायत सचिव

निज संवाददाता। रजौली

रजौली प्रखंड कार्यालय में गुरुवार की दोपहर को जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्रों से संबंधित जानकारियों के लिए विभिन्न पंचायतों के सचिव का एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान बीडीओ संजीव झा एवं प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी चंदन सिन्हा मौजूद रहे। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न ग्राम पंचायतों में पदस्थापित पंचायत सचिवों को जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत हेतु नियमावली की विस्तृत जानकारी दी गई। सांख्यिकी पदाधिकारी ने कहा कि पहले 21 दिनों के लिए निःशुल्क प्रमाण पत्र निर्गत किया जाना है।वहीं 21 दिनों के बाद से लेकर 30 दिनों के अंदर तक 2 रुपए जुर्माना के साथ प्रमाण पत्र निर्गत किया जाना है। साथ ही बताया कि एक माह से लेकर एक वर्ष तक को 5 रुपए जुर्माना राशि के साथ शपथ पत्र एवं सांख्यिकी पदाधिकारी के आदेश के बाद ही प्रमाण पत्र निर्गत किया जाना है,जबकि एक वर्ष के बाद वाले प्रमाण पत्रों में बीडीओ के आदेश के बाद ही निर्गत करने का प्रावधान है। एकदिवसीय प्रशिक्षण के दौरान रजौली पूर्वी व पश्चिमी,हरदिया,मुरहेना,अंधरबारी,लेंगुरा समेत अन्य पंचायतों के सचिव मौजूद रहे।

# सार्वजनिक संपत्ति पर निजी स्वार्थ का प्रहार, रजौली में सरकारी सड़क तोड़कर अतिक्रमण की कोशिश

### विकास कार्यों पर भारी पड़ती दबंगई, प्रशासन के सामने चुनौती

निज संवाददाता। रजौली

रजौली अंचल अंतर्गत टकुआटांड़ के महसई मोहल्ले में विकास और नियम-कानून को ताक पर रखने का एक चिंताजनक मामला प्रकाश में आया है। यहां सार्वजनिक उपयोग के लिए बनाई गई पीसीसी सड़क को निजी स्वार्थ के लिए क्षतिग्रस्त किया जा रहा है। एक तरफ सरकार बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए करोड़ों खर्च कर रही है, वहीं दूसरी तरफ कुछ लोगों द्वारा निजी बाउंड्री वॉल खड़ी करने के लिए सरकारी संपत्ति को नष्ट करना प्रशासन की मुस्तैदी पर सवाल खड़े करता है।

**पड़ोसी की मनमानी से ग्रामीण परेशान, तोड़ी गई सरकारी ढलाई:-** घटना का मुख्य केंद्र मथुरासिनी कॉलेज के समीप स्थित मोहल्ला है, जहां की निवासी संजू देवी पिता स्व. शर्मा राम ने व्यवस्था



सड़क को काटकर निर्माण कार्य शुरू करने की तैयारी

के खिलाफ आवाज उठाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता के पड़ोसी ज्ञान रंजन कुमार पिता फूलचंद राम पर यह गंभीर आरोप है कि उन्होंने बिना किसी डर के सार्वजनिक मार्ग की पक्की ढलाई को तोड़ दिया है। यह कृत्य न केवल सरकारी धन की बर्बादी है, बल्कि उस रास्ते का उपयोग करने वाले दर्जनों परिवारों के आवागमन के अधिकार का हनन भी है। अतिक्रमण की इस मंशा ने मोहल्ले में विवाद और तनाव की स्थिति पैदा कर दी है।

**अतिक्रमण की आड़ में बाउंड्री वॉल का निर्माण जारीः-** शिकायती पत्र के अनुसार, पीसीसी ढलाई को हटाने का एकमात्र उद्देश्य वहां अवैध रूप से बाउंड्री वॉल का निर्माण करना है। पीड़िता का कहना है कि यह कार्य काफी समय से चल रहा है और बार-बार के विरोध के बावजूद इसमें कोई कमी नहीं आई है। सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा करने की यह प्रवृत्ति अगर समय रहते नहीं रोकी गई, तो आने वाले समय में यह एक बड़ी कानून-व्यवस्था की समस्या बन सकती है। यह मामला सीधे तौर पर सरकारी भूमि के संरक्षण और आम नागरिक के अधिकारों की सुरक्षा से जुड़ा है।

**न्याय की आस में अंचल अधिकारी के द्वार पर पीड़िताः-** थक-हारकर पीड़िता संजू देवी ने रजौली के अंचल अधिकारी को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने मांग की है कि प्रशासन अविलंब मामले का संज्ञान ले और मौके पर पहुंचकर वस्तुस्थिति की जांच करे। पीड़िता ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई और सड़क को पूर्ववत स्थिति में लाने का अनुरोध किया है। पिड़ीता ने कहा कि देखना महत्वपूर्ण होगा कि क्या अंचल प्रशासन इस गंभीर शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सरकारी संपत्ति को अतिक्रमण मुक्त करा पाते हैं या फिर यह फाइल भी दफ्तरों के चक्कर काटती रहेगी।

**क्या कहते हैं अधिकारी :** इस मामले को लेकर सीओ गुफरान मजहरी ने बताया है कि शिकायत मिलने के उपरांत मामले की जांच करने के लिए स्थल पर गया था। जहां पर जांचोपरांत सरकारी रोड के नुकसान करने के लिए अतिक्रमणकारी को नोटिस भी भेजा जा रहा है,इसके अलावा जो भी सरकारी संपत्ति की नुकसान हुई है,उससे हर्जाने के रूप जुर्माना लगा कर वसूल किया जाएगा।

# UGC क़ानून के समर्थन में वारिसलीगंज विधायक ने निकाला पैदल मार्च

निज संवाददाता। वारिसलीगंज

देश की उच्च शिक्षा व्यवस्था में समानता और भेदभाव-मुक्त वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) ने UGC (Promotion of Equity in Higher Education Institutions) Regulations, 2026 लागू किया है।ये नियम 13 जनवरी 2026 से प्रभावी बताए गए हैं, जिनका मकसद विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में जाति, वर्ग या किसी भी आधार पर होने वाले भेदभाव को रोकना है। इस क़ानून के समर्थन में वारिसलीगंज विधायक श्री मति अनीता देवी एवं अशोक महतो के नेतृत्व में पैदल मार्च निकाला गया। जिसमें क़ानून से पिछड़े, दलितों को होने बाले लाभ और सुरक्षा को लेकर क़ानून को पूर्ण लागु करने की मांग की गयी। पैदल मार्च के दौरान उन्होंने कहा की नियमों के तहत देश के सभी उच्च शिक्षा संस्थानों में इक्वल अपॉर्च्युनिटी सेंटर (EOC), इक्विटी कमेटी और नियुक्ति अनिवार्य की गई है। साथ ही, छात्रों और शिक्षकों की शिकायतों के त्वरित निपटारे के लिए प्रभावी तंत्र विकसित करने के निर्देश दिए




गए हैं। आयोग का कहना है कि इससे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, महिला और दिव्यांग वर्ग के विद्यार्थियों को सुरक्षित व समान अवसर मिल सकेगा।

हालांकि, UGC 2026 के इन नियमों को लेकर देश के कई हिस्सों में विरोध भी देखने को मिला है। छात्र संगठनों और कुछ शिक्षाविदों का आरोप है कि नियमों की भाषा अस्पष्ट है और इसके दुरुपयोग की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। उनका कहना है कि बिना स्पष्ट दिशा-निर्देश के लागू किए गए प्रावधान संस्थानों में नए विवादों को जन्म दे सकते हैं।

विवाद बढ़ने के बाद मामला न्यायिक जांच के दायरे में भी पहुंच गया। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में UGC 2026 के कुछ प्रावधानों पर अंतरिम रोक लगाते हुए केंद्र और UGC से जवाब मांगा है। कोर्ट ने कहा कि नियमों की स्पष्टता और व्यावहारिक प्रभावों पर विस्तृत सुनवाई आवश्यक है।फिलहाल, UGC 2026 को लेकर स्थिति असमंजस की बनी हुई है। एक ओर आयोग इसे उच्च शिक्षा में सुधार और समानता की दिशा में बड़ा कदम बता रहा है, वहीं दूसरी ओर छात्र और शिक्षक वर्ग इसके संभावित प्रभावों को लेकर चिंतित हैं। अब सबकी निगाहें सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल इस पर रोक लगा दिया है। अंतिम निर्णय जो तय करेगा कि ये नियम किस रूप में और कब तक लागू होंगे। मौके पर राजद के सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल थे।

बिहार सरकार

# समाहरणालय, औरंगाबाद

(मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग)

**(बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 एवं संशोधित अधिनियम 2018 के सुसंगत प्रावधानों के तहत राजसात किये गये वाहनों की अल्पकालीन सार्वजनिक नीलामी सूचना)**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत विभिन्न थाना काण्डों/उत्पाद वादों में निम्न वाहनों का बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 एवं संशोधित अधिनियम 2018 के सुसंगत प्रावधानों के तहत विभिन्न अधिहरण वादों में समाहर्त्ता–सह–जिला दण्डाधिकारी, औरंगाबाद के न्यायालय एवं विभिन्न वरीय उप समाहर्त्ता के उत्पाद न्यायालयों द्वारा राजसात (Confiscate) किये गये वाहनों की सार्वजनिक नीलामी (Public Auction) **"जो है, जहाँ है, जैसे है" के रूप में समाहर्त्ता, औरंगाबाद द्वारा गठित नीलामी समिति के द्वारा 11:00 बजे पूर्वाह्न से नगर भवन, समाहरणालय औरंगाबाद में निम्न प्रकार से की जायेगी।**

| वाहन नीलामी की तिथि | | आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि | आवेदन प्राप्त करने का स्थान |
|---|---|---|---|
| नीलामी की पहली तिथि | 09.02.2026 | 05.02.2026 से 06.02.2026 को अपराहन् 05:00 बजे तक | **कार्यालय अधीक्षक मद्यनिषेध, औरंगाबाद** |
| शेष बचे वाहनों की नीलामी की दूसरी तिथि | 16.02.2026 | 13.02.2026 को अपराहन् 05:00 बजे तक | |
| शेष बचे वाहनों की नीलामी की तीसरी तिथि | 23.02.2026 | 20.02.2026 को अपराहन् 05:00 बजे तक | |

## नीलाम की जानेवाली वाहनों की विस्तृत विवरणी

| Sl. No. | Excise case no. and date | Name & type of vehicle | Registration No. | Engine no. | Chasis no. | Confiscation case no. | Date of confiscation order | Minimum price fixed by MVI | Advance Deposite Amount (50%) | Remark |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | Excise Sadar 567/24 11.06.2024 | Motorcycle | BR-02U-0260 | HA10ELDHB10845 | MBLHA10AS DB07575 | 133/2024 | 236/ 26.07.2025 | 4100 | 2050 | Scrap |
| 2 | Excise Sadar 659/24 07.07.2024 | Motorcycle | BR-02AL-7827 | JC73ET1220610 | ME4JC735KH T090936 | 134/2024 | 236/ 26.07.2025 | 15000 | 7500 | - |
| 3 | Excise Sadar 587/24 17.06.2024 | Motorcycle | BR-02AW-8962 | HA10ACKHE16721 | MBLHAW011 KHE26184 | 135/2024 | 236/ 26.07.2025 | 17000 | 8500 | वाहन पर निबंधन संख्या–BR02AE8726 |
| 4 | Excise Sadar 665/24 09.07.2024 | Splendor Motorcycle | BR-02BB-6591 | HA11EDMHD70881 | MBLHAW120 HHD77912 | 138/2024 | 236/ 26.07.2025 | 26500 | 13250 | - |
| 5 | Excise Sadar 648/24 04.07.2024 | Pulser Motorcycle | BR-02AG-7465 | DHXRLL59019 | MD2A11CX8L RL22654 | 141/2024 | 236/ 26.07.2025 | 34500 | 17250 | वाहन पर वास्तविक निबंधन संख्या–BR02AW-3210 |
| 6 | Excise Sadar 703/24 21.07.2024 | Splendor Pro Motorcycle | BR-26G-9590 | HA10ELEHD29037 | MBLHA10A9 EHD01080 | 143/2024 | 236/ 26.07.2025 | 5500 | 2750 | Scrap |
| 7 | Excise Sadar 680/24 15.07.2024 | Hero Galemor Motorcycle | BR-02AW-1219 | JA06ERKGM22259 | MBLJAW101L GA49094 | 145/2024 | 236/ 26.07.2025 | 21500 | 10750 | - |
| 8 | Excise Sadar 680/24 15.07.2024 | Hero Galemor Motorcycle | BR-04L-0693 | JA06ELCGH0 2761 | MBLJA06AFC GH02793 | 146/2024 | 236/ 26.07.2025 | 5100 | 2550 | Scrap |
| 9 | Excise Sadar 721/24 28.07.2024 | Bajaj Discover Motorcycle | BR-2M-2997 | JBMBTB95769 | MD2DSPA2Z TWB69411 | 147/2024 | 236/ 26.07.2025 | 4500 | 2250 | Scrap |
| 10 | Excise Sadar 760/24 06.08.2024 | TVS Motorcycle | BR-26Q-6851 | DP1EJ2792945 | MD621EP18J 3E27648 | 148/2024 | 236/ 26.07.2025 | 5500 | 2750 | Scrap |
| 11 | Excise Sadar 701/24 20.07.2024 | Apachi 160 Motorcycle | BR-26Y-1071 | AE8FP2207070 | MD634BE81 P2F06877 | 151/2024 | 236/ 26.07.2025 | 66000 | 33000 | - |
| 12 | Excise Sadar 720/24 27.07.2024 | Splendor Motorcycle | BR-01CG-0984 | AA10AGKHD53613 | MBLHAW088 KHDA224 | 152/2024 | 236/ 26.07.2025 | 5100 | 2550 | Scrap |
| 13 | Excise Sadar 656/24 05.07.2024 | Passion Pro Motorcycle | BR-26H-4783 | HA10EVFHF74235 | MBLHA10BSF HF84299 | 158/2024 | 236/ 26.07.2025 | 11000 | 5500 | वाहन पर वास्तविक निबंधन संख्या–BR02 AB-7572 |
| 14 | Excise Sadar 805/24 19.08.2024 | Honda Shine Motorcycle | BR-02V-3009 | JC36E77849145 | ME4JC36KHD 7280671 | 159/2024 | 236/ 26.07.2025 | 9500 | 4750 | - |
| 15 | Excise Sadar 712/24 23.07.2024 | TVS Motorcycle | BR-02AG-8719 | OE4GG2018893 | MD634KE44 G2G72114 | 160/2024 | 236/ 26.07.2025 | 20700 | 10350 | - |
| 16 | Excise Sadar 712/24 23.07.2024 | Bajaj Discover Motorcycle | BR-26Q-2607 | PFYRJF24826, | MD2A76AYZJ RF53153 | 161/2024 | 236/ 26.07.2025 | 14000 | 7000 | - |
| 17 | Excise Sadar 1042/24 19.10.2024 | Pulser Motorcycle | BR-26W-7827 | DHXPNF98498, | MD2B68BX2 NPF46715 | 163/2024 | 236/ 26.07.2025 | 53000 | 26500 | - |
| 18 | Excise Sadar 1031/24 15.10.2024 | Splendor iYl Motorcycle | R-02AZ-3167 | HA11EYLH101384, | MBLHAW123 LHL83251 | 165/2024 | 236/ 26.07.2025 | 22500 | 11250 | - |
| 19 | Excise Sadar 841/24 28.08.2024 | Scooty | BR-02BR-4529 | BK4ER3401381, | MD626AK49 R3E09070 | 166/2024 | 236/ 26.07.2025 | 55000 | 27500 | - |
| 20 | Excise Sadar 1164/24 19.11.2024 | Honda Shine Motorcycle | BR-01BU-8510 | JC36E77786240, | ME4JC36KGD 7264836 | 167/2024 | 236/ 26.07.2025 | 10000 | 5000 | - |
| 21 | Excise Sadar 1063/24 24.10.2024 | Motorcycle | BR-2K-6379 | JBUB5G63470, | MD2D5PAZZ SPG78477 | 169/2024 | 236/ 26.07.2025 | 4500 | 2250 | Scrap |
| 22 | Excise Sadar 886/24 07.09.2024 | TVS Motorcycle | BR-26R-0463 | CP1CK2816599 | MD621WP13 K323636 | 170/2024 | 236/ 26.07.2025 | 12500 | 6250 | - |
| 23 | Excise Sadar 995/24 05.10.2024 | Centro Car | BR-1V-7302 | G4HD3C14605, | MALAA51HR 3M337229 | 171/2024 | 236/ 26.07.2025 | 26200 | 13100 | Scrap |
| 24 | Excise Sadar 1149/24 16.09.2024 | Splendor Motorcycle | BR-26W-7775 | HA11EDNHM17413 | MBLHAW122 NHMA0584 | 178/2024 | 236/ 26.07.2025 | 38500 | 19250 | - |
| 25 | Excise Sadar 1133/24 12.11.2024 | Splendor Motorcycle | NA | HA10EA9HC71328, | MBLHA10EE9 HC35284 | 179/2024 | 236/ 26.07.2025 | 4500 | 2250 | Scrap |
| 26 | Excise Sadar 1086/24 31.10.2024 | Motorcycle | JH-01U-5529 | 07K15E60045, | 07K03F34598 | 180/2024 | 236/ 26.07.2025 | 4500 | 2250 | Scrap |
| 27 | Excise Sadar 845/24 28.08.2024 | Piagio Tempu | BR-26PA-5741 | S9K9032758, | MBX0003BFX K946868 | 186/2024 | 236/ 26.07.2025 | 71000 | 35500 | - |
| 28 | Excise Sadar 923/24 15.09.2024 | Alto Car | BR-1AM-0747 | NA | NA | 189/2024 | 236/ 26.07.2025 | 25000 | 12500 | Scrap |
| 29 | Excise Sadar 1012/24 23.07.2024 | Splendor Motorcycle | UP-16BF-5731 | HA10ERGHF18001, | MBLHA10CG GHF19231 | 164/2024 | 236/ 26.07.2025 | 11500 | 5750 | - |
| 30 | Excise Sadar 637/24 01.07.2024 | Motorcycle | BR-24J-4885 | JBUBTB29162, | MD2DSPAZZ TPB44502 | 124/2024 | 236/ 26.07.2025 | 3700 | 1850 | Scrap |
| 31 | Excise Sadar 223/25 25.02.2025 | Passion Pro Motorcycle | BR-26C-4460 | NA | NA | 73/2025 | 236/ 26.07.2025 | 4800 | 2400 | Scrap |
| 32 | Excise Sadar 902/24 11.09.2024 | Tempu | BR26K-0611 | A5K0948323, | MC600AMC4 L1527140 | 104/2024 | 236/ 26.07.2025 | 9500 | 4750 | Scrap |
| 33 | Excise Sadar 655/24 05.07.2024 | Motorcycle | BR-26Y-3684 | HA11E7PHKA7634, | MBLHAW229 PHKD7434 | 111/2024 | 236/ 26.07.2025 | 49400 | 24700 | - |
| 34 | Excise Sadar 665/24 09.07.2024 | Motorcycle | BR-26E-7610 | JZUBUL63372, | MD2D5JZZZU PL48419 | 137/2024 | 236/ 26.07.2025 | 4500 | 2250 | Scrap |
| 35 | Excise Sadar 648/24 04.07.2024 | Passion Pro Motorcycle | DN-09N-6899 | HA10EVGHJ46870, | MBLHA10BS GHJ42260 | 140/2024 | 236/ 26.07.2025 | 13000 | 6500 | - |
| 36 | Excise Sadar 899/24 11.09.2024 | Yamaha FZS Motorcycle | DL-5SAS-3287 | G3C8E0276185, | ME1RG0721 G0170527 | 176/2024 | 236/ 26.07.2025 | 12500 | 6250 | - |
| 37 | Excise Sadar 797/24 17.08.2024 | Passion Pro Motorcycle | JH-09N-5391 | HA10EDAGH12158, | MBLHA10AH AGH12217 | 154/2024 | 236/ 26.07.2025 | 5500 | 2750 | Scrap |
| 38 | Excise Sadar 1165/24 20.11.2024 | Bolero DI | JH-02V-7011 | GA84A20098, | MA1PS2GAK 82A14180 | 188/2024 | 236/ 26.07.2025 | 36500 | 18250 | Scrap |
| 39 | Excise Sadar 692/24 19.07.2024 | Passion Pro Motorcycle | JH-21D-9958 | HA10ETEHJ 50372, | MBLHA10BJE HJ51160 | 173/2024 | 236/ 26.07.2025 | 12500 | 6250 | - |
| 40 | Excise Sadar 691/24 19.07.2024 | Hero Passion Pro Motorcycle | BR-02AP-2630 | JA06ETJGC 04274, | MBLJAR150J GC02834 | 150/2024 | 236/ 26.07.2025 | 12900 | 6450 | - |
| 41 | Excise Sadar 1072/2025 27.10.2024 | Tata Container 6 Chakka | UP21AN-9975 | NA | MAT388081E 5C03290 | 01/2025. | 347/ 01.07.2025 | 443000 | 221500 | वहन पर काण्ड सं0–1072/2024 अंकित है। |
| 42 | Excise Sadar 1307/2024 29.12.2024 | Hero Super Splendor Motorcycle | UP67Z-8423 | JA05EGK9L 22932 | MBLJAW093 K9L | 49/2025 | 406/ 26.07.2025 | 5500 | 2750 | Scrap |
| 43 | Excise Sadar 211/2025 23.02.2025 | Discover Motorcycle | BR26J-9276 | JZZRGB99436 | MD2A15BZ3 GRB82046 | 98/2025 | 406/ 26.07.2025 | 5500 | 2750 | Scrap |
| 44 | Excise Sadar 207/2025 22.02.2025 | Bajaj Pulsar | BR26Y-9485 | DHXPPJ62800 | MD2B68BX5 PP526995 | 100/2025 | 406/ 26.07.2025 | 62000 | 31000 | - |
| 45 | Excise Sadar 185/2025 17.02.2025 | Pulsar Motorcycle | JH01DU-5987 | DHYRKH83555 | MD2B64BY2 KRH10708 | 106/2025 | 406/ 26.07.2025 | 18000 | 9000 | - |
| 46 | Excise Sadar 145/2025 06.02.2025 | Bajaj Pulsar Motorcycle | UP65AY-9605 | DHGBUA04600 | MD2DHDHZZ UCA2157 | 107/2025 | 406/ 26.07.2025 | 8500 | 4250 | Scrap |
| 47 | Excise Sadar 245/2025 03.03.2025 | Passion Pro Motorcycle | BR26E-8198 | HA10ENCGF44297 | MBLHA10AW CGF11706 | 108/2025 | 406/ 26.07.2025 | 8000 | 4000 | - |
| 48 | Excise Sadar 284/2025 10.03.2025 | Passion Pro Motorcycle | BR50C-9342 | JA12ABEGG 19891 | MBLJA12ACE GG15989 | 109/2025 | 406/ 26.07.2025 | 11000 | 5500 | - |
| 49 | Excise Sadar 186/2025 17.02.2025 | Apachi TVS Motorcycle | BR26R-9402 | CE4LK2904484 | MD634CE41K 2L08490 | 110/2025 | 406/ 26.07.2025 | 32500 | 16250 | - |
| 50 | Excise Sadar 289/2025 11.03.2025 | Hero Splendor Motorcycle | BR24W-8171 | HA10AGJHEF3979 | MBLHAR080J HE45385 | 117/2025 | 406/ 26.07.2025 | 12000 | 6000 | - |
| 51 | Excise Sadar 330/2025 24.03.2025 | Passion Pro Motorcycle | JH02Q-2119 | NA | MBLHA10EW AGD16834 | 128/2025 | 406/ 26.07.2025 | 4500 | 2250 | Scrap |
| 52 | Excise Sadar 410/2025 14.04.2025 | Hero Splendor Motorcycle | JH03AH-7846 | HA11EMHJ29536 | MBLHAW120 MHJB6739 | 138/2025 | 406/ 26.07.2025 | 35000 | 17500 | - |
| 53 | Excise Sadar 427/2025 22.04.2025 | Platina Motorcycle | BR26H-4394 | DZUBUG21554 | MD2DZZUPG 91488 | 139/2025 | 406/ 26.07.2025 | 5000 | 2500 | Scrap |
| 54 | Excise Sadar 257/2025 05.03.2025 | Honda 125 SP Motorcycle | JH01DX-8870 | JC83EG0068593 | ME4JC831BL G025738 | 146/2025 | 406/ 26.07.2025 | 18500 | 9250 | - |
| 55 | Excise Sadar 383/2025 09.04.2025 | Hero Splendor Motorcycle | CG04DF-1503 | HA10EA8HJ 32883 | MBLHA10EJ8 HJ32883 | 148/2025 | 406/ 26.07.2025 | 5000 | 2500 | Scrap |
| 56 | Excise Sadar 85/2025 21.01.2025 | T.V.S. Apachi Motorcycle | JH03AE6406 | AE8HL2215987 | MD634AE89L 2H16826, | 67/25 | 332/ 28.06.25 | 30500 | 15250 | - |
| 57 | Excise Sadar 35/2025 09.01.2025 | E-Rikshaw | BR26ER0687 | 19421 | M5ECHAMN R21024282, | 72/25 | 332/ 28.06.25 | 63000 | 31500 | - |
| 58 | Excise Sadar 34/2025 09.01.2025 | Hero Passion Pro Motorcycle | MP09VC3147 | HA10ACHHH48787 | MBLHAR185 HHH50339 | 76/25 | 332/ 28.06.25 | 4800 | 2400 | Scrap |
| 59 | Excise Sadar 75/2025 19.01.2025 | Bajaj Platina Motorcycle | BR01FJ5170 | PFXRMF42458 | MD2B77AXX MRF62995 | 81/25 | 332/ 28.06.25 | 29500 | 14750 | - |
| 60 | Excise Sadar 115/2025 30.01.2025 | Piagio Ape Tempu | BR02PA5612 | S7K8767317 | MBX0003BFV K538473 | 83/25 | 332/ 28.06.25 | 9500 | 4750 | Scrap |
| 61 | Excise Sadar 147/2025 07.02.2025 | Hero Splendor Plus Motorcycle | JH01AZ0836 | HA10EJD9C 07831 | MBLHA10AL D9C02823 | 88/25 | 332/ 28.06.25 | 4500 | 2250 | Scrap |
| 62 | Excise Sadar 1175/2024 22.11.2024 | Hero Glamour Motorcycle | JH03AP1216 | JA07AERGB 00879 | MBLJAW382 RGB00856 | 90/25 | 332/ 28.06.25 | 54500 | 27250 | - |
| 63 | Excise Sadar 126/2025 01.02.2025 | cycle | - | - | - | 99/25 | 332/ 28.06.25 | 200 | 100 | - |
| 64 | Excise Sadar 392/2025 11.04.2025 | Piaggio Tempu | NA | घिसा हुआ | बेल्डिंग किया हुआ | 137/25 | 332/ 28.06.25 | 9100 | 4550 | Scrap |
| 65 | Excise Sadar 396/2025 11.04.2025 | Passion Pro Motorcycle | NA | HA10EDBHJ 18458 | MBLHA10EW BHJ18361 | 143/25 | 332/ 28.06.25 | 5500 | 2750 | Scrap |
| 66 | Excise Sadar 275/2025 08.03.2025 | Hero Splendor Motorcycle | BR26E9838 | HA10ELCHGO7454 | MBLHA10AS CHGO | 145/25 | 332/ 28.06.25 | 4500 | 2250 | Scrap |
| 67 | Excise Sadar 1185/2024 18.11.2024 | Bajaj pulser 125cc motorcycle | JH03AR9672 | DHXPRD66838 | MD2B68BX3 RPD02819 | 05/25. | 325/ 25.06.25 | 55000 | 27500 | - |
| 68 | Excise Sadar 1250/2024 16.12.2024 | Hero Glamour motorcycle | BR26K7385 | JA06EJG9M 00163 | MBLJA06AM G9M00408 | 31/25 | 325/ 25.06.25 | 12500 | 6250 | - |
| 69 | Excise Sadar 1290/2024 27.12.2024 | Ape Tempu | BR26F4178 | R3A2279251 | ZFPB661983 | 46/25 | 325/ 25.06.25 | 9500 | 4750 | Scrap |
| 70 | Excise Sadar 1269/2024 22.12.2024 | Maruti Suzuki Alto Car | JH01K0021 | F8DN4055374 | MA3EYD81S0 0426929 | 47/25 | 325/ 25.06.25 | 18000 | 9000 | Scrap |
| 71 | Excise Sadar 1255/2024 28.12.2024 | Super Splendor Motorcycle | CG15E6662 | NA | NA | 50/25 | 325/ 25.06.25 | 4500 | 2250 | Scrap |
| 72 | Excise Sadar 1307/2024 29.12.2024 | Hero Passion Pro Motorcycle | BR02AE4800 | HA10EVGHE05155 | MBLHA10BS GHE04962 | 51/25 | 325/ 25.06.25 | 11000 | 5500 | - |
| 73 | Excise Sadar 1230/2024 12.12.2024 | Pulsar Motorcycle | BR26F8351 | DHZCDB33273 | MD2A11CZ7 DCB46821 | 53/25 | 325/ 25.06.25 | 5500 | 2750 | Scrap |
| 74 | Excise Sadar 46/2025 12.01.2025 | Piaggio Tempu | BR26F5816 | S3B8109982 | ZFPC669133 | 59/25 | 325/ 25.06.25 | 9000 | 4500 | Scrap |
| 75 | Excise Sadar 1207/2025 05.12.2024 | TVS XL 100 | BR26R8532 | CP1KK1407755 | MD621HP10 K1K08145 | 60/25 | 325/ 25.06.25 | 3500 | 1750 | Scrap |
| 76 | Excise Sadar 1295/2024 28.12.2024 | Hero Honda Splendor Plus Motorcycle | NA | 07J15M06524 | 07J03C056 | 61/25 | 325/ 25.06.25 | 4200 | 2100 | Scrap |
| 77 | Excise Sadar 1210/2025 06.12.2024 | Bajaj Pulsar Motorcycle | BR26G9076 | DHZCEM22936 | MD2A11CZXE CM44990 | 62/25 | 325/ 25.06.25 | 12000 | 6000 | - |
| 78 | Excise Sadar 1210/2025 06.12.2024 | TVS Apachi Motorcycle | JH14H1087 | AE8HL2219245 | MD634AE82L 2H20278 | 64/25 | 325/ 25.06.25 | 32000 | 16000 | - |
| 79 | Excise Sadar 17/2025 05.01.2025 | Hero cycle | NA | - | - | 65/25 | 325/ 25.06.25 | 200 | 100 | - |
| 80 | Excise Sadar 11/2025 04.01.2025 | Hero cycle and Neelam cycle | NA | - | - | 75/25 | 325/ 25.06.25 | 200 | 100 | - |
| 81 | Excise Sadar 195/2025 19.02.2025 | Bajaj Discover Motorcycle | BR26C8632 | JBUBTE48243 | 2DSPA7ZTRE 54437 | 93/25 | 325/ 25.06.25 | 5500 | 2750 | Scrap |
| 82 | Excise Sadar 124/2025 01.02.2025 | Hero Splendor Motorcycle | BR2C6448 | 05H1519770 | | 116/25 | 325/ 25.06.25 | 4500 | 2250 | Scrap |
| 83 | Excise Sadar 241/2025 01.03.2025 | Discover Motorcycle | BR26BL1833 | HA10ELC90 18571 | MBLHA10AS C | 118/25 | 325/ 25.06.25 | 4700 | 2350 | Scrap |
| 84 | Excise Sadar 266/2025 06.03.2025 | Discover Motorcycle | BR26B2571 | JZUBUD46601 | MD2DSJZZZU P57607 | 121/25 | 325/ 25.06.25 | 5500 | 2750 | Scrap |
| 85 | Excise Sadar 713/24 | Tempu | BR26K5601 | S6K8634303 | MCG000GP4 K1657372 | 64/24 | 121/ 23.06.25 | 10500 | 5250 | Scrap |
| 86 | Excise Sadar 664/23 21.08.23 | Bajaj Pulsar Motorcycle | BR26X9355 | PDXCPA63480 | MD2B54DX3 PCA09581 | 270/23 | 348/ 02.07.25 | 71300 | 35650 | - |
| 87 | Excise Sadar 790/23 11.10.23 | Splendor Plus Motorcycle | JH03AL3147 | HA11E8PH E46546 | MBLHAW236 PHE86077 | 355/23 | 348/ 02.07.25 | 29500 | 14750 | - |
| 88 | Excise Sadar 729/23 15.09.23 | Bolero Car | JH01EK6100 | XKM6F43529 | MA1XL2XkX M5F45405 | 366/23 | 348/ 02.07.25 | 370000 | 185000 | - |
| 89 | Excise Sadar 801/23 16.10.23 | Maruti Suzuki car | JH01FG7222 | K10CNC343356 | MA3RFL61SP E452533 | 375/23 | 348/ 02.07.25 | 302000 | 151000 | - |
| 90 | Excise Sadar 784/23 09.10.23 | Pulsar Motorcycle | BR26W5761 | DHXPNG87075 | MD2B64BX1 NPG03849 | 377/23 | 348/ 02.07.25 | 42500 | 21250 | - |
| 91 | Excise Sadar 813/23 23.10.23 | Hero Glamour Motorcycle | BR24Z0936 | JA06ERKGD 28167 | MBLJAW106 KGD27924 | 406/23 | 348/ 02.07.25 | 21100 | 10550 | - |
| 92 | Excise Sadar 877/23 27.11.23 | Splendor Plus Motorcycle | JH03AL8334 | HA11E8PGE 15037 | MBLHAW228 PGE13239 | 89/24 | 348/ 02.07.25 | 44500 | 22250 | - |
| 93 | Excise Sadar 07/24 05.01.24 | Hero Splendor Plus Motorcycle | JH03Y3238 | HA10AGKHH21834 | MBLHAW088 KHH20422 | 188/24 | 348/ 02.07.25 | 15000 | 7500 | - |
| 94 | Excise Sadar 493/24 23.05.24 | Atul Tempu, | BR26K2548 | A6B0971943 | MCG000GP4 B1635816 | 269/24 | 348/ 02.07.25 | 9500 | 4750 | Scrap |
| 95 | Excise Sadar 265/24 24.03.24 | Hero Glamour Motorcycle | BR02AK4100 | JA06EGH9M 00869 | MBLJAS011H 9M00954 | 294/24 | 348/ 02.07.25 | 15500 | 7750 | - |
| 96 | Excise Sadar 380/24 27.04.24 | Mahindra XUV Car | JH01EN4770 | NMMZM84725 | MA1NM2NM 1M2M67992 | 329/24 | 348/ 02.07.25 | 473000 | 236500 | - |
| 97 | Excise Sadar 926/2023, 18.12.2023 | Pulser Motorcycle 150 CC, | BR24S-0481 | DHZCFA77398 | MD2A11CZFC A01778 | 90/24 | 824/ 16.12.24 | 25800 | 12900 | - |
| 98 | Excise Sadar 749/2023, 25.09.2023 | Maruti Car, | WB06B-3178 | K10BN1046156 | MA3EPDE1S0 0145964 | 28/24 | 822/ 12.12.24 | 43500 | 21750 | Scrap |
| 99 | Excise Sadar 143/24 22.02.24 | Pulser Motorcycle | BR26Q-6908 | DHYRJJ81450 | MD2A11CYXJ RJ11073 | 196/24 | 838/ 20.12.24 | 24800 | 12400 | - |
| 100 | Excise Sadar 959/24 23.09.24 | Apachi Motorcycle | BR02AY-2104 | AE8GL2X22578 | MD634AE86L 2G22922 | 68/24 | 25/ 13.01.25 | 36000 | 18000 | वाहन पर निबंधन सं0–BR26VY-2545 अंकित है |
| 101 | Excise Sadar 402/2024, 03.05.2024 | Maruti Suzuki Car, | WB02Z-3388 | M16A1316948 | MA3EFJC1S0 0124607 | 423/24 | 89/ 21.02.25 | 32000 | 16000 | Scrap |
| 102 | Excise Sadar 597/2024, 19.06.2024 | Motorcycle | BR26D-8511 | JC58ET3543639 | ME4JC589LE T356988 | 426/24 | 89/ 21.02.25 | 4600 | 2300 | Scrap |
| 103 | Excise Sadar 755/2024, 04.08.2024 | Hero Passion Pro Motorcycle | JH01BG-5306 | HA10ENEHD93467 | MBLHA10A6 EHD62608 | 442/24 | 89/ 21.02.25 | 4500 | 2250 | Scrap |
| 104 | Excise Sadar 922/2024, 15.09.2024 | Cycle | NA | NA | NA | 446/24 | 89/ 21.02.25 | 150 | 75 | Scrap |
| 105 | Excise Sadar 551/23, 12.07.2023 | Hero Honda Bike CBHORNET.T 160R | BR06BC-6005 | KC23E80131283 | ME4KC238A H8015803 | 242/23 | 193/ 14.11.23 | 4700 | 2350 | Scrap |
| 106 | Excise Sadar 582/23, 22.07.2023 | TVS XL100 Luna Bike | BR26J-4467 | NA | MD621CPXG 2A32115 | 266/23 | 163/ 10.10.23 | 3100 | 1550 | Scrap |
| 107 | Excise Daudnagar 281/24 02.07.24 | Mahindra Auto | BR02T-3796 | A2M0698110 | MA1LE2FYSD 5A13419 | 57/24 | 42/ 28.01.25 | 8000 | 4000 | Scrap |
| 108 | Excise Sadar 926/23 18.12.23 | Pulser 150 CC Motorcycle | BR24S-0491 | SRZCFA79865 | JYO11CZFCA0 9708 | 90/24 | 824/ 16.12.24 | 5100 | 2550 | - |

विस्तृत जानकारी औरंगाबाद जिला के वेबसाईट **www.aurangabad.bih.nic.in** या अधीक्षक मद्यनिषेध कार्यालय, औरंगाबाद से प्राप्त की जा सकती है।

**PR. No. 022861 (Excise) 2025-26** उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है। सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।

**समाहर्त्ता, औरंगाबाद**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### दिनारा पुलिस ने देसी शराब के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**दिनारा/रोहतास।** दिनारा थाना क्षेत्र के करंज गांव निवासी फैयाज मियां को पुलिस ने अवैध देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है । पुलिस ने आरोपी के पास से लेमन ब्लू कंपनी की देसी शराब के सात पीस बरामद किए हैं, जिसकी कुल मात्रा लगभग एक लीटर चार सौ मिली लीटर बताई जा रही है । पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है । इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष समीर कुमार सिंह ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है । पुलिस का कहना है कि आगे भी क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी ।

### सघन चेकिंग अभियान में 341 बेटिकट यात्री पकड़े गए



**सासाराम (रोहतास)।** सासाराम व बिक्रमगंज स्टेशन पर गुरुवार को सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें 341 बेटिकट यात्री पकड़े गए।रेलवे प्रशासन द्वारा बिना टिकट यात्रा पर रोक लगाने और राजस्व बढ़ाने के उद्देश्य से अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व सहायक वाणिज्य प्रबंधक अरविंद कुमार ने किया। इस दौरान मुगलसराय मंडल से आए वाणिज्य यातायात निरीक्षक भूषण कुमार, के.के. सिंह, भूपेन्द्र कुमार, बेनी प्रसाद मीना एवं रणजीत कुमार सिंह सहित अन्य रेलवे अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। टिकट जांच दल ने प्लेटफॉर्म, ट्रेनों एवं यार्ड क्षेत्र में व्यापक जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान बिना टिकट एवं अनियमित टिकट पर यात्रा कर रहे बड़ी संख्या में यात्रियों को पकड़ा गया। रेलवे अधिकारियों ने मौके पर ही यात्रियों से जुर्माना वसूलते हुए भविष्य में वैध टिकट लेकर यात्रा करने की सख्त हिदायत दी। रेलवे के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस अभियान में कुल 341 यात्रियों को बिना टिकट पकड़ा गया, जिनसे 1 लाख 15 हजार 200 रुपये का जुर्माना वसूला गया। अभियान को सफल बनाने में टिकट जांच कर्मचारियों के साथ आरपीएफ एवं जीआरपी की भी सक्रिय भूमिका रही।

### बिक्रमगंज में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन,स्वर्गीय शनि देवी को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



**बिक्रमगंज / रोहतास।** रेलवे स्टेशन शिक्षक कॉलोनी स्थित पूर्व प्रधानाध्यापक राम तवकल सिंह के आवास पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया । इस अवसर पर पूर्व प्रधानाध्यापक राम तवकल सिंह की पत्नी एवं समाजवादी पार्टी के रोहतास जिला के पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक सिंह की माता स्वर्गीय शनि देवी के तैलचित्र समक्ष दीप प्रज्वलन कर पुष्पांजलि अर्पित की गई ।श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित गणमान्य लोगों ने स्वर्गीय शनि देवी के व्यक्तित्व एवं सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला और उन्हें एक सादगीपूर्ण व प्रेरणादायी जीवन जीने वाली महिला बताया । वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय शनि देवी का जीवन परिवार और समाज के लिए मार्गदर्शक रहा । इस अवसर पर स्वर्गीय शनि देवी के स्वजन,रिश्तेदारों के साथ-साथ क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

### बच्चे की मौत पर परिजनों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में किया हंगामा



**नवादा।** जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के मसनखामा गावं में पल्स पोलियो अभियान के तहत ड्रॉप पिलाए जाने के करीब 14 घंटे बाद चार माह के एक बच्चे की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने सरकारी अस्पताल पहुंचकर हंगामा किया और आरोप लगाया कि पोलियो की दवा पीने के कारण ही बच्चे की जान गई है। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। जानकारी के अनुसार, मंटू कुमार के चार माह के पुत्र सिद्धार्थ कुमार को बुधवार को पल्स पोलियो ड्रॉप पिलाई गई थी। इसके लगभग 14 घंटे बाद बच्चे की तबीयत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजन अस्पताल पहुंचे और स्वास्थ्यकर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाया।

सिविल सर्जन ने कहा- परिजनों के आरोप बेबुनियाद है। मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए नवादा के सिविल सर्जन डॉ. विनोद चौधरी ने बताया कि जिस पोलियो ड्रॉप से सिद्धार्थ को खुराक दी गई थी, उसी शीशी से करीब 12 अन्य बच्चों को भी दवा पिलाई गई थी और सभी बच्चे पूरी तरह स्वस्थ हैं। पोलियो ड्रॉप से बच्चे की मौत होना संभव नहीं है।

उन्होंने परिजनों के आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि पोलियो ड्रॉप से बच्चे की मौत होना बिल्कुल संभव नहीं है। सिविल सर्जन ने स्पष्ट किया कि यदि परिजन पोस्टमार्टम कराने के लिए तैयार होते हैं, तो मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकता है।डॉ. चौधरी ने यह भी बताया कि जिले में लंबे समय से पल्स पोलियो अभियान चल रहा है और अब तक ऐसी कोई शिकायत सामने नहीं आई है। उन्होंने कहा कि जब अन्य सभी बच्चे सुरक्षित हैं, तो बच्चे की मौत के पीछे कोई अन्य चिकित्सकीय कारण हो सकता है। इधर परिजनों ने हॉस्पिटल परिसर में जम कर बवाल काटा।

# जिविका दिदियों को लैंगिक हिंसा के प्रति किया गया जागरूक

## सोंच बदलकर देखो, जिविका दिदियों को दिखाई गई फिल्म

**निज संवाददाता। राजपुर**



समाज में लैंगिक हिंसा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए राजपुर नोखा रोड स्थित कार्यालय सीएमटीसी पर गुरूवार को जिविका दिदियों का एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय कार्यशाला आयोजित हुआ. जिसका उद्घाटन बीपीएम सुधांशु तेज गौरव,रीजनल कोआर्डिनेटर श्यामसुंदर राय,एलएचएस राहुल कुमार शर्मा,सामुदायिक समन्वयक अभिनाश कुमार, नंदन कुमार, शैल कुमारी, ममता कुमारी और दीदी अधिकार केंद्र समन्वयक रेनू कुमारी के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया.

इस दौरान नई चेतना फोर प्वाइंट जीरो जेंडर समानता एवं महिला सशक्तिकरण पर राष्ट्रीय अभियान अन्तर्गत सोच बदल के देखो फिल्म दिखाकर दिदियों को जागरूक किया गया. इस अवसर पर छियालिस ग्राम संगठनों के एक सौ पचास जीविका दीदियों ने भाग लिया.कार्यशाला के दौरान दीदी अधिकार अभियान उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा किया गया.

बीपीएम ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य समुदाय आधारित पहल के माध्यम से जेंडर आधारित हिंसा के प्रति जागरूकता फैलाना,महिलाओं की सुरक्षित गतिशीलता सुनिश्चित करना एवं उनके आर्थिक योगदान की पहचान को बढ़ावा देना तथा घरेलू कार्यों में साझा जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा.

महिलाओं को सामाजिक आर्थिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाना इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है. कार्यशाला के दौरान सहभागियों को जागरूक करने हेतु विभिन्न तकनीकी माध्यमों का उपयोग किया गया,जिसमें वीडियो प्रदर्शन एवं कहानी प्रस्तुति जैसी नवाचार पूर्ण गतिविधियाँ शामिल रहा.

## कराकाट पुलिस ने 60 लीटर देसी शराब के साथ सेंट्रो कार को किया जब्त

**निज संवाददाता। काराकाट /रोहतास**




काराकाट थाना की पुलिस ने देसी शराब के अवैध परिवहन का बड़ा खुलासा किया है । गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार देर रात बुढ़वल रोड पर छापेमारी कर दिल्ली नंबर वाली सेंट्रो कार को घेर लिया गया । कार में भरी 60 लीटर महुआ देसी शराब बरामद हुई,लेकिन शराब तस्कर मौके से फरार हो गया । थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि बुढ़वल मध्य विद्यालय से आगे बुढ़वल गांव जाने वाली मुख्य पक्की सड़क पर नाकेबंदी की गई थी ।

थानाध्यक्ष के अनुसार गुप्त सूचना मिली थी कि दिल्ली नंबर की सेंट्रो कार से थाना क्षेत्र में शराब की बिक्री की जा रही है । छापेमारी टीम ने कार को रोका तो उसमें प्लास्टिक के थैलियों में पैक 60 लीटर महुआ देसी शराब मिली । पुलिस की गिरफ्त से तस्कर भाग निकला,लेकिन पुलिस ने कार और शराब को जब्त कर लिया । फिलहाल आरोपी की पहचान अज्ञात है और उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है,जांच जारी है । थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने कहा कि शराब माफियाओं पर थाने की सख्त नजर बनी हुई है । ऐसी अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । शराब तस्करों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा । पुलिस ने अपील की है कि कोई भी ऐसी संदिग्ध गतिविधि दिखे तो सूचना दें । यह कार्रवाई इलाके में शराब तस्करी पर लगाम लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है ।

## गोडारी में भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर व राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले की जयंती धूमधाम से मनाई

**निज संवाददाता। काराकाट/रोहतास**



काराकाट नगर पंचायत गोडारी में गुरुवार को बहुजन समाज ने भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर एवं राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले की जयंती समारोह भव्य रूप से आयोजित किया। 29 जनवरी को दुर्गा स्थान पर संपन्न इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भगवान सिंह ने की, जबकि मंच संचालन शिक्षक तुलसी सिंह ने किया। समारोह में लोहिया विचार मंच के संयोजक संजय सिंह, जेपी सेनानी व समाजवादी नेता वशिष्ठ सिंह, तुलसी सिंह, गोरख राम, पारसनाथ सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम की शुरुआत में कर्पूरी ठाकुर, सावित्रीबाई फुले और फातिमा शेख के चित्रों पर माल्यार्पण व फूल अर्पित किए गए। संयोजक संजय सिंह ने इन महान व्यक्तित्वों के योगदान को विस्तार से याद दिलाया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले देश की पहली महिला शिक्षिका थीं, जिन्होंने महिलाओं व शोषित वर्गों की शिक्षा के लिए जीवनपर्यंत संघर्ष किया। उन्होंने लड़कियों के लिए पहला स्कूल खोला और छुआछूत के खिलाफ आवाज बुलंद की। वहीं, फातिमा शेख उनके सहयोगी के रूप में शिक्षा क्रांति में अहम भूमिका निभाई। भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर को पिछड़े वर्गों के मसीहा के रूप में याद किया गया, जिन्होंने सामाजिक न्याय की नींव रखी।

समारोह के दौरान बहुजन समाज ने छोटे बच्चों को पेन व कॉपियां भेंट कर पढ़ाई के प्रति प्रेरित किया। यह प्रयास शिक्षा के प्रसार को मजबूत बनाने का संकल्प दर्शाता है। मौके पर पारसनाथ सिंह, सूरज राम, गोरख राम, भिखारी राम, प्रदीप कुमार, विशाल कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने सामाजिक समानता व शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया, जो क्षेत्र में सकारात्मक संदेश दे गया।

# राजपुर गांधी स्मारक पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया धरना उपवास

**निज संवाददाता। राजपुर**

**मनरेगा को वापिस लाने का किया मांग**




केन्द्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदले जाने से नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरूवार को प्रखण्ड मुख्यालय शौणडिक हाई स्कूल मैदान स्थित महात्मा गांधी स्थल पर प्रखंड अध्यक्ष प्रेमा देवी के नेतृत्व में बैठकर धरना उपवास किया. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार की नितियों का विरोध किया.धरना उपवास को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस जिला महासचिव सरोज तिवारी ने कहा कि केन्द्र सरकार महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना का नाम बदल गांधी जैसे महापुरुष की नीतियों का विरोध किया है.सरकार की गोडसे नीति विध्वंसक है.भारत के लोग गोडसे की करतुत को स्वीकार नहीं कर सकते.

कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता मोदी सरकार के गलत मंसूबों को चकनाचूर करने के लिए तैयार है.प्रखण्ड अध्यक्ष प्रेमा देवी ने कहा कि मनरेगा को लेकर उपवास एवं धरना कार्यक्रम सभी पंचायत में चलाकर मजदुरो को जागरूक करने का काम किया जा रहा है.केन्द्र में बैठे मोदी सरकार किसान मजदूर विरोधी है. मौके पर कांग्रेस जिला प्रभारी किशोरी लाल,मुक्तिनाथ तिवारी, राजू नट,काजल देवी, मो निजामुद्दीन अंसारी, रामजीत पाण्डेय, कौली देबी, दिनेश तिवारी, शहीद अंसारी, शमीम बीबी, बिनोद राम अंजय तिवारी,दायाशंकर सहित अन्य उपस्थित थे.

# संकल्प का कोई विकल्प नहीं– पद्मश्री डॉ. भीम सिंह भवेश

**निज संवाददाता। बिक्रमगंज(रोहतास)**




द डिवाइन पब्लिक स्कूल, बिक्रमगंज के प्रांगण में आयोजित वार्षिक खेलकूद महोत्सव के दूसरे दिन कार्यक्रम का उद्घाटन पद्मश्री सम्मानित डॉ. भीम सिंह भवेश ने किया।इस दौरान छात्र - छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अपने उज्जवल भविष्य के लिए संकल्पित होना अनिवार्य है। संकल्प का कोई विकल्प नहीं होने की बात बताते हुए उन्होंने बच्चों का उत्साह वर्धन किया। लक्ष्य निर्धारण और उसे प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया तथा संबंधित उदाहरणों को प्रस्तुत किया। विद्यालय के निदेशक अखिलेश कुमार ने पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्राओं द्वारा स्वागत गीत से किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि ने टॉर्च रिले से किया।

विद्यालय के निदेशक अखिलेश कुमार ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। प्रतिभागियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

दूसरे दिन कबड्डी (जूनियर एवं सीनियर बालक-बालिका वर्ग), खो-खो (सीनियर बालिका वर्ग) तथा नर्सरी, एलकेजी एवं यूकेजी वर्ग के बच्चों के लिए टॉफी रेस, ब्लास्ट द बैलून, बुक बैलेंस, स्पून रेस, शू रेस एवं 50 मीटर दौड़ जैसी रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। नन्हे बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सभी का मन मोह लिया। कबड्डी प्रतियोगिता में विभिन्न हाउस टीमों के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया, वहीं खो-खो प्रतियोगिता में बालिकाओं ने फुर्ती और टीमवर्क का शानदार उदाहरण प्रस्तुत किया।

## बाल विवाह जागरूकता अभियान का आयोजन



**निज संवाददाता। बिक्रमगंज (रोहतास)**

प्रखंड क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय कझाई में गुरुवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली के निर्देश के आलोक में बाल विवाह निषेध को बढावा देने को लेकर विशेष विधिक जागरूकता अभियान आशा का आयोजन किया गया। इस संबंध में नालसा के 100 दिवसीय निर्धारित कार्यकम के अनुपालन के तहत पैनल अधिवक्ता अशोक कुमार, राजेश कुमार सिंह, श्याम सुंदर मिश्रा पीएलभी मो०रिजवान, विकास कुमार द्वारा स्कूली बच्चों को बाल विवाह के संबंध में जानकारी दी। बाल विवाह निषेध क्यों जरूरी है इसके बारे में कानूनी जानकारी देने के साथ कार्यकम को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत बिक्रमगंज के प्रभारी देवेन्द्र कुमार बाल विवाह अधिनियम के संबंध में बताया। उन्होंने कहा कि विवाह के लिए लड़कियों की आयु 18 वर्ष और लड़कों की आयु 21 वर्ष निर्धारित किया गया है। इससे कम आयु में कोई विवाह संपन्न कराता है तो बाल विवाह अधिनियम के तहत दोषी होगा। इसके लिए सजा का भी प्रावधान किया गया है।

# इयूटी के दौरान अंचल गार्ड की मौत से शोक की लहर

## सीओ ने कार्यालय परिसर में आयोजित की शोक सभा

**निज संवाददाता। काराकाट/रोहतास**




अंचल कार्यालय में पदस्थापित अंचल गार्ड सुदर्शन पांडेय की ड्यूटी के दौरान हुई असामयिक मौत से अंचल कार्यालय सहित पूरे प्रखंड क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।दिवंगत अंचल गार्ड के निधन पर अंचलाधिकारी अजीत कुमार के द्वारा अंचल कार्यालय परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सभी की आंखें नम रहीं और कार्यालय परिसर गमगीन माहौल में डूबा रहा।

अंचलाधिकारी ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि "सुर्दशन पांडेय एक कर्मठ, अनुशासित और कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारी थे। ड्यूटी के दौरान उनका इस तरह से निधन होना न सिर्फ विभाग बल्कि समाज के लिए भी अपूरणीय क्षति है।" उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की। साथ ही प्रशासन की ओर से नियमानुसार हरसंभव सहायता दिलाने का भरोसा भी दिलाया गया।

शोक सभा में प्रखंड विकास पदाधिकारी अजीत कुमार,अंचल आरो मनिष कुमार, अंचल अमीन विकास कुमार सहित प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभी कर्मचारी, राजस्व कर्मी एवं अन्य कर्मी मौजूद रहे। सभी ने दिवंगत अंचल गार्ड के साथ बिताए पलों को याद करते हुए उन्हें एक मिलनसार और जिम्मेदार कर्मी बताया। दिवंगत अंचल गार्ड की मौत से क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है और हर कोई इस दुखद घटना से मर्माहत नजर आ रहा है।

## काराकाट पुलिस की फुर्ती : सासाराम चोरी की बाइक बरामद, चोर न्यायिक हिरासत में

**निज संवाददाता। काराकाट/रोहतास**



काराकाट थाना क्षेत्र में पुलिस ने सासाराम से चोरी हुई बाइक को चोर समेत धर दबोच लिया । थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि बुधवार को संध्या गश्त के दौरान गश्ती टीम ने संदिग्ध को पकड़ा । उसके कब्जे से सासाराम थाने में दर्ज केस संख्या 45/26 वाली हीरो स्प्लेंडर बाइक बरामद हुई,जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 24 एबी 9444 है । चोर की पहचान थाना क्षेत्र के मानिक परासी निवासी अजय कुमार तिवारी के पुत्र सचिन कुमार तिवारी उर्फ पवन तिवारी के रूप में हुई । पुलिस ने बाइक जब्त कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया,जो अब जेल पहुंच चुका है । वाहन मालिक करगहर थाना क्षेत्र के गोगहरा गांव निवासी समर सिंह के पुत्र प्रमोद कुमार हैं । वे राम नगीना सिंह महाविद्यालय करगहर में प्रोफेसर हैं । प्रमोद कुमार ने बताया कि 20 जनवरी को वे दोस्त के रेलवे कॉलोनी स्थित घर गए थे । सुबह उठे तो बाइक गायब मिली । उन्होंने तुरंत सासाराम थाने में शिकायत दर्ज कराया । मात्र नौ दिनों में बाइक मिलने पर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं । उन्होंने काराकाट थानाध्यक्ष विवेक कुमार व पूरी टीम का लाख-लाख धन्यवाद दिए। बोले कि पुलिस की फुर्ती से न केवल मेरी बाइक लौटी,बल्कि अपराधियों पर नकेल कसने का संदेश भी मिला । यह घटना क्षेत्र में पुलिस की सतर्कता का जीता-जागता उदाहरण है । स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की तारीफ की और अपराधमुक्त रोहतास बनाने की अपील की । थानाध्यक्ष ने कहा कि गश्त तेज कर चोरी-डकैती जैसे अपराधों पर लगाम लगाई जाएगी ।

# बिक्रमगंज में कानून-व्यवस्था व भूमि विवाद पर प्रशासन सख्त

**निज संवाददाता। बिक्रमगंज(रोहतास)**

**एसडीएम की अध्यक्षता में हुई अहम समीक्षा बैठक**



बुधवार को अनुमंडल कार्यालय के सभागार में एसडीएम प्रभात कुमार की अध्यक्षता में विधि-व्यवस्था,लोक शिकायत एवं भूमि विवाद से जुड़े मामलों को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई । बैठक में अनुमंडल स्तर के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया । बैठक में एसडीपीओ सिंधु शेखर सिंह,भूमि सुधार उपसमाहर्ता संतोष कुमार सहित अनुमंडल के सभी थानाध्यक्ष एवं सीओ उपस्थित रहे । एसडीएम प्रभात कुमार ने बैठक के दौरान लंबित भूमि विवादों और लोक शिकायत मामलों की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए ।

उन्होंने कहा कि भूमि विवाद अक्सर कानून-व्यवस्था की बड़ी समस्या बन जाते हैं,इसलिए ऐसे मामलों का त्वरित,निष्पक्ष और कानूनी निष्पादन हर हाल में सुनिश्चित किया जाए ।एसडीएम ने स्पष्ट रूप से कहा कि आम जनता से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी । उन्होंने पुलिस और राजस्व विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर संवेदनशील मामलों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया । बैठक के दौरान सभी थानाध्यक्षों और सीओ ने अपने-अपने क्षेत्रों की वर्तमान स्थिति से प्रशासन को अवगत कराया,जिस पर एसडीएम द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए । बैठक का उद्देश्य अनुमंडल क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत करना तथा जनता को समयबद्ध न्याय उपलब्ध कराना बताया गया ।

# यूजीसी के नए नियमों पर 'सुप्रीम' रोक का स्वागत

निज संवाददाता। भागलपुर

यूजीसी से जुड़े नए नियमों को लेकर देश भर में पिछले कई दिनों से जारी बहस के बीच शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने बड़ा मोड़ ला दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने नए कानून पर फिलहाल रोक लगाते हुए केंद्र सरकार से 19 मार्च तक जवाब मांगा है। साथ ही अदालत ने कहा है कि तब तक वर्ष 2012 का रेगुलेशन ही लागू रहेगा। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का भागलपुर में अधिवक्ताओं ने खुलकर स्वागत किया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद शहर के सवर्ण समाज से जुड़े अधिवक्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। अधिवक्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और फैसले को न्याय की जीत बताया।

**यूजीसी के नए नियमों को लेकर वकीलों में नाराजगी थी:** बता दें कि नए यूजीसी कानून को लेकर अधिवक्ताओं में काफी नाराजगी थी। इसी को लेकर शुक्रवार की शाम चार बजे सवर्ण समाज की ओर से विरोध मार्च निकालने की तैयारी थी, लेकिन उससे पहले ही सुप्रीम कोर्ट का फैसला आ गया, जिससे माहौल पूरी तरह बदल गया। अधिवक्ता अंजनी दुबे ने कहा कि यह कानून बिना किसी व्यापक विमर्श के उन पर थोपा जा रहा था, जो आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के लिए बड़ा खतरा साबित हो सकता था। उनका आरोप है कि नए कानून से शिक्षा व्यवस्था और संवैधानिक ढांचे पर प्रतिकूल असर पड़ता। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप समय पर और सराहनीय है। अधिवक्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट के प्रति आभार जताते हुए कहा कि कोर्ट ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की है। हालांकि, उन्होंने सरकार को चेतावनी भी दी कि भविष्य में इस कानून को दोबारा लागू करने की कोशिश की गई तो इसका जोरदार विरोध किया जाएगा। अधिवक्ताओं का कहना है कि अगर सरकार जनविरोधी कानून थोपने का प्रयास करेगी तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे और जनमत के जरिए सरकार को जवाब दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला सशक्तिकरण पर जागरूकता कार्यक्रम

**बांका**। बांका में महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला पदाधिकारी नवदीप शुक्ला के निर्देशानुसार, महिला एवं बाल विकास निगम, बांका के अंतर्गत जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन (DHEW) द्वारा यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम बाराहाट प्रखंड के स्वाभिमान जीविका महिला संकुल संघ, खड़हरा में 'बाल विवाह मुक्त भारत अभियान' और 'विशेष सखी वार्ता' के तहत हुआ। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं और सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी देना था। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को मिशन शक्ति, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त, बाल विवाह निषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम और यौन उत्पीड़न अधिनियम जैसे कानूनों के बारे में भी बताया गया। इन योजनाओं और कानूनों के माध्यम से महिलाओं को मिलने वाली सुरक्षा, सहायता और न्याय पर विस्तार से चर्चा की गई।

**महिलाओं ने अपनी समस्याओं को खुलकर साझा किया:** विशेष सखी वार्ता सत्र में महिलाओं ने अपनी समस्याओं को खुलकर साझा किया। इस अवसर पर, जिला मिशन समन्वयक ने बताया कि सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सभी योजनाएं महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही हैं। जेंडर स्पेशलिस्ट मोहम्मद महबूब आलम ने जोर देकर कहा कि महिलाएं सरकारी योजनाओं का सही उपयोग करके आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकती हैं।

**समाज में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने की अपील की:** इस कार्यक्रम में जीविका के क्लस्टर लेवल फेडरेशन, ग्राम संगठन और सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं ने भाग लिया। जीविका कार्यकर्ता सीसी रिंकू कुमारी, सीएम निशा कुमारी, सावित्री कुमारी, बीबी फरीदा, अर्चना कुमारी, ललिता देवी, सोनी कुमारी सहित अन्य सदस्य और टीम भी मौजूद रही। कार्यक्रम के अंत में, सभी प्रतिभागियों ने बाल विवाह के खिलाफ शपथ ली और समाज में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने की अपील की।

### यूपी विजिलेंस की छापेमारी

**बांका**। बांका जिले में आय से अधिक संपत्ति के मामले को लेकर उत्तर प्रदेश विजिलेंस की बड़ी कार्रवाई से गुरुवार को हड़कंप मच गया।यूपी से आई विजिलेंस टीम ने एक साथ शंभूगंज थाना क्षेत्र और बांका टाउन थाना क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया। यह कार्रवाई शंभूगंज प्रखंड के गुलनी कुशाहा गांव निवासी गगन कुमार सिंह के आवासों पर की जा रही है,जिन पर अपने ज्ञात स्रोतों से कहीं अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। फिलहाल यूपी विजिलेंस की यह कार्रवाई जारी है और जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा की उनके पास आय से अधिक कितनी संपत्ति पाई गई है। जानकारी के अनुसार गगन कुमार सिंह उत्तर प्रदेश के मऊ जिले में खाद आपूर्ति विभाग में लिपिक पद पर कार्यरत रह चुके हैं।उनके खिलाफ गोरखपुर विजिलेंस कार्यालय में गोपनीय शिकायत दर्ज कराई गई थी।

**दो टीमों से 8 अधिकारियों ने दबिश दी:** लंबे समय तक चली प्रारंभिक जांच और पुख्ता सबूत मिलने के बाद यूपी विजिलेंस ने यह छापेमारी कार्रवाई शुरू की। गुरुवार की सुबह दो टीमों में कुल आठ अधिकारियों ने एक साथ अलग-अलग ठिकानों पर दबिश दी। विजिलेंस की टीम ने शंभूगंज थाना क्षेत्र के गुलनी स्थित पैतृक आवास के अलावा बांका टाउन थाना क्षेत्र में स्थित उनके घर पर भी तलाशी ली।

### जीवन जागृति सोसाइटी का सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

**भागलपुर**। भागलपुर के तिलकामांझी चौक पर गुरुवार को जीवन जागृति सोसाइटी की ओर से सड़क सुरक्षा को लेकर एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक करना था। अभियान के दौरान दो पहिया वाहन चालकों से बिना हेलमेट वाहन नहीं चलाने की अपील की गई है साथ ही यह भी बताया गया कि दो पहिया वाहन पर पीछे बैठने वाली सवारी के लिए भी हेलमेट पहनना अनिवार्य है। वहीं चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का उपयोग करने के लिए जागरूक किया गया। इस जागरूकता अभियान में जीवन जागृति सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह, यातायात डीएसपी संजय कुमार, यातायात इंस्पेक्टर, वीरेंद्र राम, सोसाइटी के कई सदस्य एवं यातायात पुलिस के जवान मौजूद रहे।

# 31 जनवरी से सीताकुंड माघी मेला




निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर के सीताकुंड में माघी मेला 31 जनवरी से शुरू होगा। इस बार यह मेला राजकीय मेले का दर्जा प्राप्त होने के बाद पहली बार आयोजित किया जा रहा है, जिसकी तैयारी जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है। यह आयोजन एक माह तक चलेगा। सदर प्रखंड क्षेत्र की नौवागढ़ी उत्तरी पंचायत के अंतर्गत आने वाले सीताकुंड में लगने वाले इस मेले की तैयारियों में जिला प्रशासन के साथ-साथ कमेटी के सदस्य भी जुटे हैं। जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पणीकर के निर्देश पर सदर एसडीओ अभिषेक कुमार और सदर डीएसपी अभिषेक आनंद ने श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए शांति समिति की बैठक भी की है।

**पंडाल निर्माण, मंदिर का रंग-रोगन और सजावट जारी:** इस वर्ष मेले के आयोजन की पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन के पास है। सीताकुंड माघी मेले को हाल ही में राजकीय मेले का दर्जा मिला है, जिसके बाद यह पहला आयोजन है। जिला प्रशासन मेले के सभी खर्च वहन कर रहा है। इन खर्चों में पंडाल निर्माण, मंदिर का रंग-रोगन और सजावट, आश्रय स्थल का निर्माण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन शामिल है। इस बार तीन दिनों तक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, जिसमें कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। हालांकि, इन तीन दिवसीय कार्यक्रमों में शामिल होने वाले कलाकारों के नाम 30 जनवरी तक तय हो जाएंगे। सीताकुंड माघी मेले को राजकीय दर्जा मिलने से क्षेत्र के लोगों में हर्ष का माहौल है। बिहार सरकार ने पिछले वर्ष इस मेले को राजकीय मेला का दर्जा दिया था। एक माह तक चलने वाले इस मेले का संचालन पहली बार जिला प्रशासन द्वारा किया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए कुंड में स्नान करने से लेकर ठहरने तक की सभी सुविधाएं सरकारी स्तर पर उपलब्ध कराई जाएंगी। कमेटी के सदस्य और पूर्व विधायक प्रणव कुमार यादव ने बताया कि मेले के सफल संचालन के लिए बिहार सरकार से लगभग 63 लाख रुपये के आवंटन की मांग की गई है। राजस्व मंत्री ने जल्द ही यह राशि भेजने का आश्वासन दिया है। इधर एक माह तक चलने वाला माघी मेला को लेकर मंदिर को सजाने का कार्य शुरु कर दिया गया है तो वहीं दूसरी ओर बिहार एवं झारखंड से आए दुकानदारों के द्वारा दुकानों को सजाने का काम शुरु कर दिया गया है। वहीं मनोरंजन के लिए कई तरह के आकर्षक झुला भी लगाए जा रहे हैं। जबकि इस बार 31 जनवरी को माघी मेला का उद्घाटन मुख्य रुप से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करने की संभावना है। इसके अलावा राजस्व मंत्री सह डिप्टी सीएम विजय सिन्हा के आने की भी संभावित कार्यकम है। अगर मुख्य अतिथि नहीं आते हैं तो प्रमंडलीय आयुक्त प्रेम सिंह मीणा के द्वारा किया जाएगा। इस मौके पर डीएम, एसपी, विधायक सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहेंगे।

**चप्पे-चप्पे पर होगी पुलिस जवानों की तैनाती:** सीताकुंड माघी मेला में मुख्य रुप से एक सप्ताह तक अधिक भी ड़ होती है। जिसे नियंत्रण करने के लिए जिला बल पुलिस के अलावा कमेटी सदस्यों के द्वारा भीड़ को नियंत्रित की जाती है। वहीं एसपी सैयद इमरान मसूद ने बताया कि मेला में लोगों की अधिक भीड़ होने की संभावना है। इसे लेकर पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर लिया गया है। भीड़ के अलावा असमाजिक तत्वों पर पुलिस की खास नजर रहेगी। इसके अलावा जगह-जगह पर पुलिस जवानों की तैनाती रहेगी। जिसके लिए पर्याप्त मात्रा में पुलिस जवानों को लगाया जाएगा। पुलिस सुरक्षा के बीच दूर दराज से आने वाले श्रद्धालु मेला का आनंद लेंगे। इसके लिए मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरा के जरिए भी भीड़ पर निगरानी रखी जाएगी।

# आईआरसीटीसी चलाएगा भारत गौरव ट्रेन

**मुंगेर**। आईआरसीटीसी तीर्थयात्रियों के लिए एक बार फिर विशेष भारत गौरव पर्यटन ट्रेन का संचालन करने जा रहा है। इस यात्रा के माध्यम से श्रद्धालुओं को चार प्रमुख ज्योतिर्लिंगों के दर्शन के साथ-साथ द्वारका मंदिर, बेट द्वारका और अक्षरधाम मंदिर के दर्शन का अवसर मिलेगा। आठ रात और नौ दिन की यह विशेष तीर्थ यात्रा 11 मार्च से शुरू होकर 19 मार्च को समाप्त होगी। इस तीर्थ यात्रा के लिए बुकिंग प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसकी जानकारी आईआरसीटीसी भारतीय रेल कोलकाता के मुख्य पर्यवेक्षक संजीव कुमार और आईआरसीटीसी पूर्वी क्षेत्र कोलकाता के मुख्य पर्यवेक्षक मनीष कुमार ने दी।

**11 मार्च की सुबह ज्योतिर्लिंग तीर्थ यात्रा की होगी शुरुआत:** उन्होंने बताया कि इस भारत गौरव ट्रेन में भागलपुर, जमालपुर, क्यूल, मोकामा, बख्तियारपुर, पटना, जहानाबाद, गया (अनुग्रह नारायण रोड), सासाराम और भभुआ रोड स्टेशन से यात्री सवार हो सकेंगे। संजीव कुमार ने यह भी बताया कि 'देखो भारत' और 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल के तहत 11 मार्च की सुबह इस ज्योतिर्लिंग तीर्थ यात्रा की शुरुआत भागलपुर रेलवे स्टेशन से की जा रही है। ट्रेन खुलने का निश्चित समय अभी रेलवे बोर्ड की ओर से जारी नहीं किया गया है, इसकी जानकारी तीन दिन पहले दी जाएगी। इस सफर में मेडिकल टीम, सुरक्षा गार्ड और सहायता के लिए स्वयंसेवक भी साथ रहेंगे।

# सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**बेगूसराय**। बेगूसराय के एनएच-31 फोरलेन पर सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई। घटना जीरोमाइल थाना क्षेत्र में हर्ल खाद कारखाना टाउनशिप गेट के पास की है। मृतक की पहचान बीहट वार्ड नंबर-29 के रहने वाले गंगाधर पाठक के बेटे अनिल पाठक (50) के रूप में की गई है। पुलिस ने लाश पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। अनिल पाठक बेगूसराय के खातोपुर में राजलक्ष्मी ट्रांसपोर्ट में काम करते थे। रात में वह अपने बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान हर्ल गेट के सामने पीछे से आ रहे ट्रक ने ठोकर मार दी। जिसमें अनिल पाठक सड़क पर गिर गए।

बाइक ट्रक में फंस गई, सूचना मिलते ही जीरोमाइल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों के सहयोग से अनिल पाठक को उठाकर बरौनी पीएचसी पहुंचाया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। ट्रक चालक बाइक फंसे होने के बावजूद रुकने के बदले भागने लगा। बीहट चांदनी चौक के पास मौजूद लोगों ने जब ट्रक में बाइक फंसी देखी तो खदेड़ना शुरू किया। ट्रक को घेर कर रोका और बाइक को निकाला गया। पुलिस ने ट्रक और चालक को हिरासत में कब्जे में ले लिया है। स्थानीय रामकृष्ण ने बताया कि आम आदमी के जान की कीमत कीड़े-मकोडे से ज्यादा नहीं रह गया है। जितने लोग आतंकवादी हमले में नहीं मरते, उससे अधिक लोग सिर्फ बेगूसराय में एक महीने में सड़क दुर्घटना में मर जाते हैं। लोगों ने ट्रक को पीछे से दौड़ाया: अनिल पाठक काम पर से बेगूसराय से अपने घर लौट रहे थे।


**Govt. of Bihar**

**Home Department (Prison), Government of Bihar**
**NOTICE INVITING e-TENDER**
**FOR**
**District Jail, Aurangabad and Sub Jail, Daudnagar**
(Through e-procurement2 mode only)
(https://eproc2.bihar.gov.in)

**Tender Notice No- 01 /2026-27**

District Jail, Aurangabad and Sub Jail, Daudnagar intends to hire agency for supply of (Food Grains, Green Vegetable, Potato, Onion and other miscellaneous items) for daily use for Prisoners. e-Tender is being invited to welcome interested capable and reputed firm(s)/agency(s). Document containing further information about the eligibility criteria, terms and condition can be downloaded from:- **(https://eproc2.bihar.gov.in)**

| SL. No. | Scope of work | Cost of tender document (to be paid through e-payment mode only through (NEFT/RTGS/Credit/ Debit card/Net banking) In Rupees) | Tender processing Fee (Non Refundable) ( Inclusive of GST@18.00%) (To be paid through e-payment mode only through (NEFT/RTGS/Credit/Debit card/Net banking) In Rupees) | Earnest Money Deposited(EMD) (to be paid through e-payment mode only through (NEFT/RTGS/Credit/Debit card/Net banking) In Rupees) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | Selection of Agency for supply of eatables (Food Grains, Green Vegetable, Potato, Onion and other miscellaneous items) for daily use for Prisoners. | As per Departmental Approval | (As per Tender processing Fee) | Khand-(K) District jail Aurangabad- Rs-40000 Sub Jail Daudnagar - Rs- 30000 Khand-(Kh)(G) District jail Aurangabad- Rs-10000 Sub Jail Daudnagar- Rs- 5000 (for the F. Y. 202 6-27) |

**Tender Schedule/Programme**

| SL. No. | Activity | Date/Time:Duration |
|---|---|---|
| 1 | Online Sale /Download date of Tender documents | from **03/02/26; 11:00 AM** to **24/02/26** till **04:00 PM** (https://eproc2.bihar.gov.in ) |
| 2 | Pre-Bid Meeting (Not compulsory) | **Not Compulsory** |
| 3 | Minutes of Pre Bid Meeting to be upload(if pre-Bid Meeting organized) | **Not Applicable** |
| 4 | Date/Time for submission/uploading of offer/Bid | Up to **24/02/26** till **05:00** PM (https://eproc2.bihar.gov.in ) |
| 5 | Submission of form Fee & EMD online | Up to **24/02/26** till **04:00** PM (Through e- payment mode only on) (https://eproc2.bihar.gov.in ) |
| 6 | Date & Time for opening of Technical Bid | **26/02/26** at **11:00** AM (https://eproc2.bihar.gov.in ) |
| 7 | Financial Bid Opening Date and Time | **07/03/26** at **11:00 AM** |
| 8 | Contact person/Nodal Officer for queries | Deputy Superintendent, District Jail, Aurangabad, Phone No- 06186 295013 |

Detailed descriptions of the item and instructions for submitting your offer can be downloaded from e-Procurement Portal (http:/www.eproc2.bihar.gov.in/BELTRON).

(I) For Support related to e-tendering process, bidders may contact at following address "e-Procurement HELP DESK First Floor, Mjunction Services limited RJ Complex 2nd Floor, Canara Bank Campus, Khajpura Ashiana Road, P.S- Shastri Nagar, Patna 800014 Bihar, Toll Free Number : 18005726571, Email id: eproc2support@bihar.gov.in Working Hours: 8:00 A.M to 7:00 P.M (All days in week except Sunday and few selected state holiday) or may Visit the Link " Vendor Info" at (https://www.eproc2.bihar.gov.in)

जिला पदाधिकारी–सह–अध्यक्ष,
जिला कारा क्रय समिति, औरंगाबाद।

For further details please visit : **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**

**PR. No. 22612 (Police) 25-26**

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।



**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. एनआईटी/02/26/5, दिनांक 27.01.2026; प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, 17, नेताजी सुभाष रोड, फेयरली प्लेस, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित मदों की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। क्रमांक, निविदा सं., भंडार का विवरण, ईएमडी क्रमशः निम्नलिखित हैं:- (क) निविदा खुलने की तारीख: 23.02.2026, समय: अपराह्न 1.30 बजे: (1) 10252482, लंबी आयु वाली लोको साइड बफर असेम्बली, रु. 5,63,700/-। निविदा खुलने की तारीख: 13.02.2026, समय: अपराह्न 1.30 बजे: (2) 10251896, मैग्नेट फ्रेम उपकरणों का सेट, रु. 3,75,520/-। निविदा खुलने की तारीख: 18.02.2026, समय: अपराह्न 1.30 बजे: (3) 10251153, सिंगल बोतल वीसीबी के लिए पीओएच प्रतिस्थापन किट, रु. 2,36,850/-। (4) 10252512ए, हाई वोल्टेज बुशिंग इत्यादि, रु. 3,59,810/-। निविदा खुलने की तारीख: 03.03.2026, समय: अपराह्न 1.30 बजे: (5) 14251182, जी.आई. बूम बैरियर के लिए उपयुक्त आउटपुट शैफ्ट पर कनेक्टिंग लिंक के साथ हार्ड क्रैंक इंसर्ट इंटरनल लॉकिंग विशेषता, ऑयल फील्ड एवं मुहरबंद टाइप यूनिट के साथ क्लच स्टेज कंबीनेशन हेलिकल एवं वोर्म ह्वील गीयर ड्राइव के साथ ईएलबी (आरडीएसओ विनिर्देश सं. आरडीएसओ/एसपीएन/208/2012 वर्सन 2.0 अथवा नवीनतम) के लिए उपयुक्त गीयर बॉक्स असेम्बली की खरीददारी। आरेख सं. एसएंडटी/एमएफटी/6000/एडीवी. 1 इत्यादि, रु. 1,76,810/-। निविदा खुलने की तारीख: 19.02.2026, समय: अपराह्न 1.30 बजे: (6) 05251229, 1400 सीआईएल केटीए 50एल डीईएमयू इंजनों इत्यादि के लिए क्रैंककेस ऑयल 150डब्ल्यू40 एपीआइ सीएच4 की खरीददारी, रु. 2,06,460/-। निविदा खुलने की तारीख: 04.03.2026, समय: अपराह्न 1.30 बजे: (7) 21261508, बीएमबीएस कैसनब बोली इत्यादि के लिए पिन/कॉटर, रु. 1,52,440/-। निविदा खुलने की तारीख: 27.02.2026, समय: अपराह्न 1.30 बजे: (8) 10255049, मेन कम्प्रेशर, रु. 11,76,530/-। निविदा खुलने की तारीख: 16.02.2026, समय: अपराह्न 1.30 बजे: (9) 11251045, सेंटर पाइवोट इत्यादि के लिए साइलेंट ब्लॉक के साथ सम्पूर्ण स्लीव, रु. 2,15,360/-। निविदा खुलने की तारीख: 02.03.2026, समय: अपराह्न 1.30 बजे: (10) 15255158, 15 टी ईओटी क्रेन इत्यादि की आपूर्ति, स्थापना एवं चालू करना, रु. 1,13,120/-। निविदा खुलने की तारीख: 18.02.2026, समय: अपराह्न 1.30 बजे: (11) 10255046, 3-फेज एसाइनक्रोनोर ट्रैक्शन मोटर इत्यादि, रु. 2,24,930/-। निविदा खुलने की तारीख: 16.02.2026, समय: अपराह्न 1.30 बजे: (12) 10252428, पी7 लोको के लिए सम्पूर्ण गीयर केस, रु. 4,47,720/-। निविदा खुलने की तारीख: 23.02.2026, समय: अपराह्न 1.30 बजे: (13) 10262372, 3 फेज टीआर. मोटर इत्यादि के लिए आउटर लैबिरिंथ (डीई) का सेट, रु. 7,50,480/-। (14) 10252501, कम रखरखाव वाली लीड एसिड बैटरी 75 एएच, रु. 4,70,210/-। निविदा खुलने की तारीख: 27.02.2026, समय: अपराह्न 1.30 बजे: (15) 10261929, लोको सेट इत्यादि में एनआईसीडी बैटरी, रु. 6,61,680/-। निविदा खुलने की तारीख: 23.02.2026, समय: अपराह्न 1.30 बजे: (16) 10251045, लोको इत्यादि के लिए रिले टाइप डीयू क्यूओपी, रु. 3,31,760/-। निविदा खुलने की तारीख: 18.02.2026, समय: अपराह्न 1.30 बजे: (17) 10252511ए, 3-फेज लोकोमोटिवों इत्यादि के लिए सर्ज अरेस्टर, रु. 1,86,930/-। निविदा की कीमत: सभी के लिए रु. 0/-। (बी) निविदा सं. : 52256224बी. संक्षिप्त विवरण : पोर्टेबल लेजर स्पेक्टोमीटर। निविदा बंद होने की तारीख: 19.02.2026, निविदा मूल्य : रु. 58,52,804/-। (सी) क्रमांक 1, निविदा सं.: 52265008. संक्षिप्त विवरण : 160 केएन एयर स्प्रिंग असेम्बली। निविदा बंद होने की तारीख: 20.02.2026, निविदा मूल्य : रु. 2,95,82,600/-। क्रमांक 2, निविदा सं.: 52265122. संक्षिप्त विवरण : सेलेक्टिव पैलेट रैकिंग सिस्टम। निविदा बंद होने की तारीख: 20.02.2026, निविदा मूल्य : रु. 51,49,783/-। क्रमांक 3, निविदा सं.: 52257781. संक्षिप्त विवरण: सम्पूर्ण बोगी फ्रेम। निविदा बंद होने की तारीख: 20.02.2026, निविदा मूल्य : रु. 83,17,230/-। टिप्पणी: उपरोक्त उल्लेखित सभी निविदाएँ ई-निविदा हैं तथा सभी निविदादाताओं से अपनी बोलियां आईआरईपीएस की वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** के जरिए ऑन-लाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। उपरोक्त उल्लेखित निविदाओं तथा अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में और अधिक विवरण के लिए कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें।
(STORES-65/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**कुछ ट्रेनों की संशोधित समय-सूची**

कुछ ट्रेनों की निम्नानुसार विभिन्न स्टेशनों पर समय-सूची में संशोधन किया जाएगा: (क) संचालनगत कारणों से, निम्नलिखित ट्रेनों के समक्ष उल्लेखित स्टेशनों में **प्रस्थान के समय** में **दिनांक 01.04.2026 से** नीचे उल्लेखित विवरण के अनुसार संशोधित किया जाएगा:

| ट्रेन सं. एवं नाम | स्टेशन | प्रस्थान का संशोधित समय |
|---|---|---|
| **15234** दरभंगा-कोलकाता मैथिली एक्सप्रेस [प्रभावी होने की तिथि 01.04.2026 (जेसीओ)] | दरभंगा | 15.30 |
| **15236** दरभंगा-हावड़ा साप्ताहिक एक्सप्रेस [प्रभावी होने की तिथि 03.04.2026 (जेसीओ)] | | 15.30 |
| **17008** दरभंगा-चर्लापल्ली एक्सप्रेस [प्रभावी होने की तिथि 03.04.2026 (जेसीओ)] | | 07.05 |
| **13136** जयनगर-कोलकाता साप्ताहिक एक्सप्रेस [प्रभावी होने की तिथि 05.04.2026 (जेसीओ)] | जयनगर | 12.35 |
| **15554** जयनगर-भागलपुर एक्सप्रेस [प्रभावी होने की तिथि 01.04.2026 (जेसीओ)] | | 20.05 |
| **18420** जयनगर-पुरी साप्ताहिक एक्सप्रेस [प्रभावी होने की तिथि 04.04.2026 (जेसीओ)] | | 05.20 |
| **13158** मुजफ्फरपुर-कोलकाता एक्सप्रेस [प्रभावी होने की तिथि 01.04.2026 (जेसीओ)] | मुजफ्फरपुर | 14.20 |
| **13170** सहरसा-सियालदह हाटे बाजारे एक्सप्रेस [प्रभावी होने की तिथि 01.04.2026 (जेसीओ)] | सहरसा | 14.45 |

(ख) संचालनगत कारणों से, निम्नलिखित ट्रेनों के समक्ष उल्लेखित स्टेशनों में **आगमन के समय** में दिनांक **05.02.2026** से नीचे उल्लेखित विवरण के अनुसार संशोधित किया जाएगा:

| ट्रेन सं. एवं नाम | स्टेशन | आगमन का संशोधित समय |
|---|---|---|
| **15233** कोलकाता-दरभंगा मैथिली एक्सप्रेस [प्रभावी होने की तिथि 05.02.2026 (जेसीओ)] | दरभंगा | 23.35 |
| **15235** हावड़ा-दरभंगा साप्ताहिक एक्सप्रेस [प्रभावी होने की तिथि 07.02.2026 (जेसीओ)] | | 23.35 |
| **17007** चर्लापल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस [प्रभावी होने की तिथि 07.02.2026 (जेसीओ)] | | 13.40 |
| **18105** राउरकेला-जयनगर एक्सप्रेस [प्रभावी होने की तिथि 05.02.2026 (जेसीओ)] | जयनगर | 11.35 |
| **18119** टाटानगर-जयनगर एक्सप्रेस [प्रभावी होने की तिथि 06.02.2026 (जेसीओ)] | | 11.35 |
| **13155** कोलकाता-सीतामढ़ी मिथिलांचल एक्सप्रेस [प्रभावी होने की तिथि 05.02.2026 (जेसीओ)] | सीतामढ़ी | 11.15 |
| **13165** कोलकाता-सीतामढ़ी एक्सप्रेस [प्रभावी होने की तिथि 07.02.2026 (जेसीओ)] | | 12.20 |
| **13419** भागलपुर-मुजफ्फरपुर जनसेवा एक्सप्रेस [प्रभावी होने की तिथि 05.02.2026 (जेसीओ)] | मुजफ्फरपुर | 20.45 |
| **15227** एसएमवीटी बेंगलुरु-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस [प्रभावी होने की तिथि 05.02.2026 (जेसीओ)] | | 01.50 |
| **13043** हावड़ा-रक्सौल एक्सप्रेस [प्रभावी होने की तिथि 06.02.2026 (जेसीओ)] | रक्सौल | 14.05 |
| **17005** हैदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस [प्रभावी होने की तिथि 05.02.2026 (जेसीओ)] | | 17.00 |
| **13163** सियालदह-सहरसा हाटे बाजारे एक्सप्रेस [प्रभावी होने की तिथि 06.02.2026 (जेसीओ)] | सहरसा | 13.00 |
| **13169** सियालदह-सहरसा हाटे बाजारे एक्सप्रेस [प्रभावी होने की तिथि 05.02.2026 (जेसीओ)] | | 12.15 |

**टिप्पणी:** (1) **12332 जम्मू तवी-हावड़ा हिमगिरी एक्सप्रेस** की पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन स्टेशन में समय-सूची में दिनांक **05.02.2026** से संशोधित किया जाएगा। **पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन में संशोधित समय सूची: आगमन 22.13 बजे/प्रस्थान 22.18 बजे**। शेष समय-सूची अपरिवर्तित रहेंगी।
(2) **12349 गोड्डा-नई दिल्ली एक्सप्रेस** की नई दिल्ली स्टेशन में आगमन की समय-सूची में दिनांक **02.02.2026** से संशोधित किया जाएगा। **नई दिल्ली में संशोधित समय-सूची: आगमन 12.50 बजे।**
(3) **12551 एसएमवीटी बेंगलुरु-कामाख्या साप्ताहिक एक्सप्रेस** की बेंगलुरु एवं जोलारपेट्टै स्टेशनों में समय-सूची में दिनांक **31.01.2026** से संशोधित किया जाएगा। **एसएमवीटी बेंगलुरु में संशोधित समय-सूची: प्रस्थान 09.30 बजे** एवं **जोलारपेट्टै** स्टेशन: **आगमन 11.58/प्रस्थान 12.00 बजे।** केतांडपट्टी एवं कामाख्या के बीच समय-सूची में कोई परिवर्तन नहीं होगी।
(4) **12253 एसएमवीटी बेंगलुरु-भागलपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस** तुरंत प्रभाव से खोरधा रोड मंडल के तहत भद्रक स्टेशन में ठहरेगी। **भद्रक स्टेशन में समय-सूची: आगमन 18.16/प्रस्थान 18.18 बजे।**
मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

**पूर्व रेलवे**



**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-32-25, दिनांक 22.01.2026; वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), पूर्व रेलवे, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-32-25 के तहत निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है, निविदा बंद होने की तारीख/समय 16.02.2026 को 15.00 बजे। कार्य का नाम साथ में उसका स्थान: पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल के अधीन पुरानी जीयूवाई रॉड असेम्बली के प्रतिस्थापना के संबंध में 25 केवी ओएचई कार्य। कार्य की अनुमानित लागत: रु. 4,14,46,772; जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षा: रु. 3,57,200; निविदा प्रपत्र की कीमत: शून्य। कार्य समापन अवधि: एलओए के जारी किए जाने की तारीख से 18 महीने। निविदा बंद होने की तारीख/समय: 16.02.2026 को 15.00 बजे। निविदा खोला जाना: निविदा बंद होने के उपरांत किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदा के परिपूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देशन के लिए निविदादातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा करें। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा अगर कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।
(HWH-563/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

खुली निविदा सूचना सं. 37-एसडीएसटीई-एएसएन-2025-26, दिनांक 27.01.26; वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: कार्य का नाम/स्थान: आसनसोल मंडल - स्टेशन अनुभाग में उम्र सह दशा के आधार पर एक्सल काउंटर का प्रतिस्थापन। निविदा मूल्य : रु. 4,66,63,498.78; बयाना राशि : रु. 3,83,300; कार्य समापन अवधि : एलओए के जारी किए जाने की तारीख से 18 महीने। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय : 13.02.2026 को 14.00 बजे। वेबसाइट का विवरण: **http://www. ireps.gov.in/**
(ASN-320/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

प्रधान मुख्य अभियंता, पूर्व रेलवे, कोलकाता, 17, नेताजी सुभाष रोड, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, कोलकाता-700001 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: ई-निविदा सं.: डब्ल्यू2_623_12_06_2025-26, दिनांक 21.01.2026; कार्य का नाम: एफपी/एचक्यू/पूर्व रेलवे/एचक्यू भवन के बिल्डिंग के अग्रभाग का महत्वपूर्ण उन्नयन के साथ भवन की छत, दीवार, चहारदीवारी, छत की रिसन एवं फर्श की मरम्मत। कार्य की अनुमानित लागत: रु. 3,86,87,167.44; बयाना राशि : रु. 3,43,400। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 13.02.2026 को 14.00 बजे। समापन अवधि: 12 महीने। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। (MISC-373/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट ww.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

खुली निविदा सूचना सं. 35-एसडीएसटीई-एएसएन-2025-26, दिनांक 27.01.26; वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: कार्य का नाम/स्थान: आसनसोल मंडल - एएसटीई/एएसएन अनुभाग में उम्र सह दशा के आधार पर सिग्नलिंग गीयरों का प्रतिस्थापन एवं विश्वसनीयता में सुधार। निविदा मूल्य : रु. 2,46,56,855.55; बयाना राशि : रु. 2,73,300; कार्य समापन अवधि : एलओए के जारी किए जाने की तारीख से 18 महीने। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय : 13.02.2026 को 14.00 बजे। वेबसाइट का विवरण: **http://www. ireps.gov.in/**
(ASN-318/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

ई–निविदा नोटिस सं.– 56 ऑफ 2025–26/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू। मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।
1. निविदा सं.–24–डीडीयू–व.मं.इंजी.–II–25–26. कार्य का नाम एवं लोकेशन : डीडीयू डिवीजन में सासाराम के 04 यूनिट टाइप–II क्वार्टरों का प्रतिस्थापन। कार्य का अनुमानित लागत : ₹7230623.80, 3. धरोहर राशि : ₹144600.00
2. निविदा सं.–25–डीडीयू–व.मं.इंजी.–II–25–26. कार्य का नाम एवं लोकेशन : गया जंक्शन– कोचिंग डिपो गया के पिट नंबर 2 पर वंदे भारत और अमृत भारत के रखरखाव के लिए बुनियादि ढांचे की सुविधा का निर्माण। कार्य का अनुमानित लागत : ₹11380486.92, 3. धरोहर राशि : ₹206900.00
3. ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 16.02.2026 को 12:00 बजे तक। 4. वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in.
नोट :– विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक/
पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/1706/डीडीयू/अभि./टी/25–26/40

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षा, नियुक्ति और पदोन्नति में हो रहा भेदभाव

**आरा।** यूजीसी संशोधन एक्ट 2026 के विरोध में सामान्य वर्ग समन्वय समिति (एस-4) के आह्वान पर बुधवार को समाहरणालय आरा के समक्ष आक्रोश मार्च निकाला गया। आक्रोश सभा की गयी। इस दौरान केंद्र सरकार की शिक्षा नीति के प्रति गहरा असंतोष प्रकट किया। आक्रोश मार्च शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाला गया। इसमें यूजीसी संशोधन एक्ट 2026 वापस लो, शिक्षा पर राजनीति नहीं चलेगी, योग्यता से समझौता नहीं... के नारे लगाए गये। वक्ताओं ने कहा, यह आंदोलन केवल एक विरोध प्रदर्शन नहीं है। यह देश की उच्च शिक्षा व्यवस्था और विशेषकर सामान वर्ग के छात्रों के भविष्य की रक्षा के लिए उठाई गयी गंभीर और निर्णायक आवाज है। यह अधिनियम सामान्य वर्ग के मेहनती छात्रों के लिए अवसरों के द्वार बंद करने की साजिश है। वक्ताओं ने कहा कि यूजीसी संशोधन एक्ट 2026 के माध्यम से केंद्र सरकार उच्च शिक्षा को केंद्रीकृत नियंत्रण में लेकर सामान्य वर्ग के छात्रों की वर्षों की मेहनत, योग्यता और प्रतिस्पर्धा आधारित उपलब्धियों को कमजोर कर रही है। यह अधिनियम नियुक्ति, पदोन्नति और शोध में योग्यता के स्थान पर मनमाने व गैर-पारदर्शी हस्तक्षेप को बढ़ावा देता है। इससे सबसे अधिक नुकसान सामान्य एवं सामान्य वर्ग के छात्रों को हो रहा है। वक्ताओं ने आरोप लगाया गया कि शिक्षा सुधार के नाम पर विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता को समाप्त कर उन्हें सरकारी आदेशों का पालन करने वाला तंत्र बनाया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकुमार सिंह (अध्यक्ष, क्षत्रिय कल्याण संगठन, बिहार) ने की। जबकि सभा संचालन निर्मल सिंह शक्रवार (राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय कुंवर सेना) व राजपा नेता मनमोहन सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन संभावना स्कूल की निर्देशिका डा. अर्चना सिंह व एसटीएसभी स्कूल के निदेशक मनोज सिंह अधिवक्ता ने किया। इस मौके पर अमरेंद्र राजेश, रिंकू सिंह मुखिया, प्रमोद राय अधिवक्ता, डा. अनिल कुमार सिंह, मंटू सिंह मुखिया, अरविंद सिंह, हरेंद्र सिंह तोमर, हरखेन सिंह, भरत सिंह सहयोगी, रविश सिंह, विकाश सिंह, आनंद तिवारी, प्रो. त्रिवेणी राय, अरुण सिंह, कर्नल राणा प्रताप सिंह, योगिन्दर सिंह, विरेन्द्र मिश्रा, गोपाल सिंह अधिवक्ता, अशोक सिंह, अजित सिंह, जितेंद्र सिंह, बरमेश्वर सिंह बेहरा, निशांत सिंह सेंगर, चिंकु सिंह, नागेन्द्र मिश्रा, लखनदीप दुबे, मधुरेंद्र भूषण पांडेय, नंदकुमार चौधरी, विनय पांडेय, प्रकाश सिंह, दीपक राय, रणजीत सिंह कुशवाहा, अरविंद ओझा, शिवदास सिंह, चुनू सिंह, संजय कुमार ओझा, बबलू सिंह व श्रीकांत निराला समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### 208 विद्यार्थियों का एडमिट कार्ड जारी नहीं होने पर अभाविप नेताओं का हंगामा

**आरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने बुधवार को अल हफीज कॉलेज प्रशासन के खिलाफ इंटरमीडिएट में नामांकन और पंजीयन की गड़बड़ी को लेकर आंदोलन किया। छात्रों ने करीब दो घंटे तक सड़क जाम कर हंगामा किया, जिससे आवागमन बाधित रहा। संयोजक ऋतुराज चौधरी ने आरोप लगाया कि कॉलेज प्रशासन ने सत्र 2024–26 में छात्रों का गलत तरीके से नामांकन कराया। नामांकन व पंजीयन शुल्क वसूल लिया, लेकिन अब तक 208 छात्रों का पंजीयन नहीं कराया गया है। न ही छात्रों को एडमिट कार्ड उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि 2 फरवरी 2026 से इंटरमीडिएट की परीक्षा शुरू होने वाली है और ऐसे में छात्रों का करियर दांव पर लगा हुआ है। जिला संयोजक अनूप सिंह ने कहा कि अल हफीज कॉलेज द्वारा वर्षों से नामांकन, पंजीयन और परीक्षा फॉर्म के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है तथा छात्रों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक छात्रों की समस्याओं का समाधान नहीं होता, अभाविप आंदोलन जारी रखेगी। आंदोलन में निखिल राज, आदित्य सिंह, राहुल कुमार, विक्रांत ओझा, विष्णु शंकर, हैप्पी किशोर, चंदन सिंह, रोहित नरेश, राहुल तिवारी, उज्ज्वल तिवारी, सुंदरम तिवारी, सूर्यमणि तिवारी, विवेक, सुन्नी, अमन, अनुराग, देव और फरहान अख्तर सहित कई छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। गलत नामांकन नहीं है नामांकन गलत तरीके से नहीं लिया गया है। 208 विद्यार्थियों का नामांकन एसबी हाई स्कूल से टैग कर दिया गया है। छात्रहित में मामले को कोर्ट में रखा गया है। 29 जनवरी को इसकी सुनवाई है। साहिद अली, सचिव

### अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकराई, चार घायल

**आरा।** आरा बक्सर रोड पर गजराजगंज थाना क्षेत्र के धमार मोड़ के पास पश्चिम से आ रही अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकरा गई जिसके कारण कार पर सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में पंकज कुमार शाह, धर्मेंद्र कुमार, अभिषेक कुमार तीनों दानापुर बिहटा पटना के रहने वाले हैं। वहीं कृष्णकांत सिंह बक्सर जिला के सिमरी के निवासी हैं। चारों आपस में दोस्त हैं। सभी अयोध्या से घूम कर वापस पटना की तरफ जा रहे थे उसी क्रम में धमार मोड़ के पास अनियंत्रित कर डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें कार में सवार चारों दोस्त घायल हो गए।

### शराब के साथ 2 गिरफ्तार

**आरा।** गजराजगंज थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के कारीसाथ गांव के पास फ्लाईओवर पर वाहन चेकिंग के क्रम में दो बाइक पर लदे 15 6 लीटर अंग्रेजी शराब को जब्त करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों में बलिया जिले के बरहटा के निवासी गणेश चौहान के पुत्र उपेंद्र चौहान और कन्हैया राजभर के पुत्र अनिल राजभर शामिल है। पुलिस ने दोनों के पास से दो बाइक जब्त किया है। पूछताछ के क्रम में दोनों तस्कर यूपी से शराब लेकर आरा की तरफ जा रहे थे। गजराजगंज थाना के थानाध्यक्ष चंचल कुमार महंता ने बताया कि वारंटी थाना क्षेत्र के नवानगर गांव के निवासी संजय कुमार को गिरफ्तार किया गया।

### ट्रक-टेलर की टक्कर, चालक केबिन में फंसा

**बक्सर।** बक्सर में गुरुवार अहले सुबह करीब 4:30 बजे आरा की ओर से आ रहा बालू लदा एक तेज रफ्तार ट्रक सड़क किनारे खड़े टेलर से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और केबिन बुरी तरह पिचक गया। इस हादसे में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना नगर थाना क्षेत्र के गोलंबर स्थित केनरा बैंक के पास हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर के बाद ट्रक चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया था। केबिन के क्षतिग्रस्त होने के कारण उसे बाहर निकालना मुश्किल हो रहा था। सूचना मिलते ही गंगा ब्रिज चौकी की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहायता से घायल चालक को केबिन से सुरक्षित बाहर निकाला। इस दौरान सड़क पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा।

**दोनों पैरों में फ्रैक्चर की आशंका:** घायल चालक की पहचान उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले के मझवारी गांव निवासी कतवारू उर्फ रामधनी के पुत्र सुभाष प्रजापति के रूप में हुई है। हादसे में चालक को गंभीर चोटें आई हैं और उसके दोनों पैरों में फ्रैक्चर होने की आशंका है। गंभीर हालत में उसे तत्काल सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

**मामले की जांच कर की जा रही कार्रवाई:** गंगा ब्रिज चौकी प्रभारी रोहित कुमार ने बताया कि दुर्घटना के बाद दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात सामान्य कर दिया गया है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और सड़क किनारे खड़े टेलर को हादसे का कारण माना जा रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### स्कूल में 13 साल की छात्रा की मौत

**बक्सर।** बक्सर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बनारपुर गांव स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में गुरुवार सुबह एक 13 वर्षीय छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृत छात्रा की पहचान मोहनी कुमारी के रूप में हुई है, जो मूक-बधिर थी और कक्षा सात की छात्रा थी। घटना के बाद शिक्षा विभाग और मुफस्सिल थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। विद्यालय में रात की देखरेख में तैनात महिला कर्मी किरण देवी ने बताया कि बुधवार रात छात्राओं के लिए पनीर की सब्जी बनी थी। सभी छात्राओं ने भोजन किया। मोहनी ने भोजन को तीखा बताया था, जिसके बाद उसने रोटी के साथ गुड़ खाकर खाना खाया। रात में वह सामान्य रूप से सोई थी। गुरुवार सुबह करीब पांच बजे उसे अचानक उल्टी होने लगी। उसे तत्काल नमक के साथ गर्म पानी दिया गया, जिससे कुछ समय के लिए राहत मिली, लेकिन थोड़ी देर बाद दोबारा उल्टी शुरू हो गई।

# महिला दरोगा के लव ट्रायंगल में टीचर लापता

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में ढाई साल से लापता टीचर के किडनैपिंग केस में महिला दरोगा की गिरफ्तारी हुई है। अबतक की जांच में लापता टीचर कमलेश राय और महिला SI अंजली के बीच अफेयर की बात सामने आई है। इस केस में CBI ने 10 दिन पहले बक्सर से एक युवक रूपेश को गिरफ्तार किया। जिससे पूछताछ में ये बात सामने आ रही है कि वो भी महिला दरोगा से प्यार करता है। अब मामले की जांच कर रही CBI को शक है कि लव ट्रायंगल में टीचर की हत्या हुई है, हालांकि मर्डर के सबूत अभी नहीं मिले हैं। पटना हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई कमलेश राय के अपहरण के केस की जांच कर रही है। टेक्निकल सबूत और रूपेश से पूछताछ के आधार पर बुधवार को महिला दरोगा की लखीसराय से गिरफ्तारी हुई है।

**महिला दारोगा को पढ़ाता था कमलेश:** कमलेश राय और अंजली कुमारी दोनों एक ही इलाके में किराए के मकान में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। दोनों दरोगा में भर्ती होना चाहते थे। कमलेश एक नंबर से प्रतियोगी परीक्षा में पीछे रह गया, जबकि अंजली का चयन





हो गया था। लापता टीचर की मां मानती देवी ने बताया, 'हमलोगों ने कमलेश को पढ़ने के लिए भेजा था। वो अंजली को पढ़ाता था। हमने मना भी किया कि तुम ट्यूशन मत पढ़ाया करो। अपनी पढ़ाई करो।'

**शादी से पहले कमलेश से फैमिली ने पूछा था:** कमलेश के माता-पिता ने बताया कि उन्होंने कमलेश से पूछा था कि क्या उसका किसी से अफेयर है। उसने इनकार किया, जिसके बाद हमने आरा की एक लड़की किरण के साथ उसका रिश्ता तय किया। 16 मई 2022 को किरण और कमलेश की शादी हुई। इससे पहले 12 मई को तिलक से एक दिन पहले अंजली और रूपेश कमलेश के घर आए थे। तीनों बंद कमरे में हंसी ठिठोली करते रहते थे। यहां तक की शादी में शामिल होने के लिए कमलेश ने अंजली के लिए खास तौर से गाड़ी भेजी थी। बारात में अंजली, कमलेश के साथ उसी गाड़ी में थी।

**लापता होने से एक दिन पहले अंजली का आया था फोन:** परिवार के अनुसार, कमलेश को 12 जुलाई 2023 को अंजली का फोन आया था। उसने कहा कि वो कहां है, पता नहीं। जिसके बाद कमलेश दोस्त की बीमारी का बहाना बनाकर उससे मिलने गए थे। हालांकि, वो वापस आ गए थे। पिता राजेश राय ने बताया, 'बेटे के गायब होने के बाद हमने थाने को अंजली और रूपेश के बारे में बताया था। पुलिस 6 महीने तक मामले को टालती रही। कहते थे कहीं डूबकर मर गए होंगे।'

**2019 बैच की दरोगा है अंजली:** दारोगा अंजली कुमारी 2019 बैच की है। वो मूल रूप से आरा के नवादा थाना क्षेत्र के अनाइठ मोहल्ला की रहने वाली हैं और फिलहाल लखीसराय जिले में पोस्टेड हैं। वहीं से इनकी गिरफ्तारी हुई है। शुरुआती तकनीकी सबूतों के आधार पर गिरफ्तारी की गई है। सीबीआई के बिहार–झारखंड संयुक्त निदेशक राजीव रंजन ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है। सीबीआई आज गिरफ्तार महिला दारोगा को कोर्ट में पेश करेगी।

## स्टेशन रोड में पेड़ से टकराया ट्रक केबिन में फंसा नशे में धुत चालक



निज संवाददाता। आरा

कोईलवर थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड पर अस्पताल के समीप बुधवार को ट्रक पेड़ से टकरा गया। बताया जा रहा है कि चालक नशे में था। हादसे में वाहन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। चालक करीब आधे घंटे तक केबिन के भीतर फंसा रहा। जानकारी के अनुसार ट्रक छपरा की ओर से आ रहा था।बालू लादने के उद्देश्य से स्टेशन रोड तरफ जा रहा था। कोईलवर अस्पताल के समीप पहुंचने पर ट्रक अनियंत्रित हो गई। नशे में धूत होने के कारण चालक वाहन पर से अपना संतुलन खो दिया। सूचना पाकर कोईलवर थाना की पुलिस पहुंची। बताया गया कि ट्रक का दरवाजा खोलना मुश्किल हो रहा था। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से लगभग 30 मिनट के बाद खिड़की के रास्ते चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। ट्रक चालक की पहचान मोतिहारी जिले के रमगढ़वा गांव निवासी राजू है। घटना के बाद पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया। चालक राजू को हिरासत में लिया है। कोईलवर थाना के थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र ने बताया कि चालक का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। शराब के नशे में वाहन चलाने तथा सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के तहत उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## अदालत की रोक के बावजूद जमीन का निबंधन

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिला निबंधन कार्यालय में अदालत की रोक के बावजूद गलत सूचना और भ्रामक दस्तावेजों के आधार पर जमीन का निबंधन करने का गंभीर मामला सामने आया है। इस मामले में एसपीजीआरओ कार्यालय के आदेश पर अवर निबंधन कार्यालय बक्सर के प्रधान लिपिक ने नगर थाना बक्सर में प्राथमिकी (कांड संख्या 55/2026) दर्ज कराई है। यह मामला अनुमंडल लोक शिकायत निवारण कार्यालय, डुमरांव में सुनवाई के दौरान उजागर हुआ। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि न्यायालय द्वारा बिक्री पर रोक लगी जमीन का निबंधन गलत तथ्यों और भ्रामक दस्तावेजों के आधार पर कर दिया गया।

**शिवजी राय ने किया था परिवाद दायर:** बक्सर के अर्जुनपुर निवासी शिवजी राय ने इस संबंध में परिवाद दायर किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि डुमरांव मौजा के नया खाता संख्या 60, नया खेसरा



संख्या 2013 की कुल 10.1562 डिसमिल जमीन की बिक्री आदा देवी द्वारा की गई। इस जमीन का निबंधन डुमरांव के हरीजी के हाता निवासी पियुष कुमार उपाध्याय और डुमरांव स्टेशन बाइपास रोड निवासी निर्भय राज के नाम कराया गया था। परिवाद में बताया गया कि उक्त जमीन पर अनुमंडलीय न्यायालय में वाद लंबित था, जिसके कारण जमीन की बिक्री पर रोक लगी हुई थी।

**30 दिनों तक बिक्री पर था रोक:** इसके बावजूद, रोक सूची में दर्ज होने के बाद भी अवर निबंधन कार्यालय बक्सर द्वारा जमीन का निबंधन कर दिया गया। विक्रेता आदा देवी द्वारा जिला निबंधन कार्यालय में 29 जून 2024 को जारी एक आदेश की सत्यापित प्रति समर्पित की गई थी, जिसमें केवल 30 दिनों के लिए बिक्री पर रोक लगाए जाने का उल्लेख था। इसके साथ ही विक्रेता द्वारा एक शपथ पत्र भी दाखिल किया गया था, जिसमें यह घोषणा की गई थी कि अब उक्त जमीन पर किसी प्रकार की कोई कानूनी रोक या विवाद नहीं है। दस्तावेजों में भी यह दर्शाया गया था कि संपत्ति किसी भी न्यायालय में विवादित नहीं है। इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर निबंधन प्रक्रिया पूरी कर दी गई।

**एसपीजीआरओ डुमरांव के समक्ष हुई सुनवाई:** हालांकि, बाद में शिवजी राय द्वारा एसपीजीआरओ कार्यालय को यह जानकारी दी गई कि प्रस्तुत किया गया न्यायादेश अपूर्ण और भ्रामक था तथा शपथ पत्र पूरी तरह झूठा था। इस गंभीर चूक को लेकर मामले की विधिवत सुनवाई एसपीजीआरओ डुमरांव के समक्ष हुई। आरोप है कि इन्हीं गलत और अधूरी जानकारियों के सहारे कार्यालय को दिग्भ्रमित कर निबंधन कराया गया।

## कुकर फटने से महिला झुलसी

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के बड़हरा थाना क्षेत्र के सेमरिया गांव में खाना बनाते समय अचानक कुकर फट गया। इस हादसे में चूल्हे पर खाना बना रही एक महिला बुरी तरह झुलस गई। कुकर फटने की तेज आवाज और महिला की चीख-पुकार सुनकर घर के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे। गंभीर रूप से झुलसी महिला को परिजनों ने आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

**उबलता पानी-भाप महिला के चेहरे पर पड़ा:** झुलसी महिला की पहचान सेमरिया गांव निवासी बाला लखंदर की 28 साल की पत्नी रीमा देवी के रूप में की गई है। बुधवार को रीमा देवी अपने घर में चूल्हे पर खाना बना रही थीं। इसी दौरान उन्होंने कुकर में आलू डालकर उसे भाप पर चढ़ाया था।



कुछ ही देर बाद अचानक कुकर में जोरदार धमाका हो गया। कुकर फटते ही उबलता पानी और भाप महिला के चेहरे और शरीर पर पड़ गया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। घटना के बाद घर में चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग भी शोर सुनकर मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने बिना देरी किए झुलसी महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। महिला के चेहरे का हिस्सा अधिक झुलसा है, हालांकि उसकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। डॉक्टरों की देखरेख में उसका इलाज किया जा रहा है। झुलसी महिला की गोतनी संगीता देवी ने बताया कि खाना बनाते समय कुकर में अचानक तेज प्रेशर बन गया, जिससे वह ब्लास्ट कर गया। उन्होंने कहा कि किसी को इस बात का अंदाजा नहीं था कि कुकर इस तरह फट जाएगा। हादसे के बाद पूरे परिवार में दहशत का माहौल है।

## आज 5 घंटे बाधित रहेगी बिजली

निज संवाददाता। आरा

आरा शहर जापानी PSS से पांच घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। आज सुबह 11 बजे से शाम 4 तक बजे तक आपूर्ति बाधित रहेगी । इस मामले में सहायक विद्युत अभियंता ने बताया कि जापानी PSS में अधिष्ठापित विद्युत उपकरणों को मेंटेनेंस करने और तार में सट रहे पेड़ के डालो को छांटने काम किया जाएगा। मुहल्लेवासियों से अपील की गई है कि पहले से अपने अपने घरों के जरूरी काम को निपटा लें और पानी की व्यवस्था कर ले। उपभोगताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है। साथ ही इस क्षेत्र के सभी पोल व जर्जर तार की भी मरम्मती की जाएगी, ताकि बिजली उपभोक्ताओं को बिजली से संबंधित कोई भी समस्या उत्पन्न न हो। इसके लिए सभी बिजली उपभोक्ताओं से सूचना देकर अपील की गई है बिजली से जुड़ा काम को समय से पहले निपटा ले । क्योंकि शहर के इन इलाकों में बिजली नही रहेगी । सहायक अभियंता ने कहा



कि काम खत्म होने के साथ जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति बहाल करने की कोशिश की जाएगी ।

**इन मुहल्लों की बाधित रहेगी बिजली-** आरा शहरी फीडर सं.-3 के संकट मोचन नगर,चंदवा मोड़, मौलाबाग, न्यू पुलिस लाइन आदि आस पास के क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। आरा शहरी फीडर सं.-4 के हरी जी के हाता, जज कोठी मोड़, के. जी. रोड, क्लब रोड, बी.डी.ओ. ब्लाक और बजाज शो रूम के आस पास के क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। आरा शहरी फीडर सं.-5 के पकड़ी चौक, गैस एजेंसी, ट्रैफीक पुलिस, डॉ0 ओपी राजेंद्र, मौलाबाग आदि आसपास के क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

## यूजीसी कानून के विरोध में आक्रोश मार्च

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में गुरुवार को यूजीसी (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग) से जुड़े प्रस्तावित कानून के विरोध में स्वर्ण समाज ने एक आक्रोश मार्च निकाला। करीब तीन किलोमीटर लंबे इस मार्च में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। हाथों में तिरंगा और विरोधी नारे लगाते हुए यह मार्च नगर के गोलंबर से शुरू होकर वीर कुंवर सिंह चौक तक पहुंचा, जहां यह एक विशाल जनसभा में परिवर्तित हो गया। मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और यूजीसी कानून वापस लेने की मांग की। वक्ताओं ने इस कानून को वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के लिए 'खतरनाक' बताया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि सरकार शिक्षा व्यवस्था को कमजोर कर रही है, जिससे समाज में असमानता और वैमनस्य बढ़ेगा।

**सरकार पहले ही बहुत कुछ छीन चुकी:** सभा को संबोधित



करते हुए युवा वक्ता अंकित कुमार ने कहा कि यह कानून 'आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के साथ खिलवाड़' है, जिसके विरोध में सवर्ण समाज सड़क पर उतरने को मजबूर हुआ है। उन्होंने सवर्ण समाज से जुड़े विधायकों, मंत्रियों और सांसदों से इस मुद्दे पर खुलकर विरोध करने या इस्तीफा देने की मांग की। अंकित कुमार ने कहा, 'सवर्ण समाज से पहले ही बहुत कुछ छीन लिया गया था, तब हम चुप रहे। अब हमारे पास केवल शिक्षा बची थी, जिसे भी सरकार छीनना चाहती है।'

**समुदायों के बीच दुर्भावना फैलाने की नीति:** अंकित कुमार ने आरोप लगाया कि सरकार समाज को तोड़ने और समुदायों के बीच दुर्भावना फैलाने की नीति पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जो सरकार पहले हिंदुओं की एकता की बात करती थी, वही अब उन्हें बांटने का काम कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार अपने फैसले पर पुनर्विचार नहीं करती है, तो इससे भी बड़ा आंदोलन किया जाएगा। कानून के विरोध में बोलते हुए श्रवण तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार ने 'आपसी भाईचारे को बिगाड़ने' का काम किया है।

**नीतियों ने समाज के बीच खाई बढ़ाने का काम किया:** युवा पीढ़ी एकजुट होकर देश का भविष्य संवारने में लगी थी, लेकिन सरकार की नीतियों ने समाज के बीच खाई बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि यह समय समाज को जोड़ने का है, न कि विभाजन पैदा करने का। सभा के अंत में प्रदर्शनकारियों ने एक स्वर में सरकार से कानून वापस लेने की मांग की और चेतावनी दी कि यदि उनकी आवाज नहीं सुनी गई, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

## सांसद ने यूरोप ट्रेड डील पर उठाए सवाल

निज संवाददाता। बक्सर

बजट सत्र के दौरान बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति का अभिभाषण देश की वास्तविक समस्याओं से कटी हुई एक दिशाहीन सरकार की तस्वीर प्रस्तुत करता है। सांसद सिंह ने आरोप लगाया कि बिहार जैसे राज्य और देश के अन्य पिछड़े क्षेत्र विकास की दौड़ में लगातार पिछड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के विकास मॉडल का लाभ कुछ चुनिंदा इलाकों तक ही सीमित है।

**13 जिलों से आता है 52 प्रतिशत योगदान:** उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि देश की अर्थव्यवस्था में लगभग 52 प्रतिशत योगदान केवल 13 जिलों से आता है, जबकि शेष 780 जिलों का योगदान मात्र 48 प्रतिशत है। यह असमान और केंद्रीकृत विकास को दर्शाता है। सुधाकर सिंह ने हाल ही में हुए यूरोपियन ट्रेड डील पर भी प्रश्न उठाए। उन्होंने कहा कि मीडिया में इस बात की चर्चा है कि समझौते से मर्सिडीज जैसी लग्जरी गाड़ियों के दाम घटेंगे और



शराब सस्ती होगी। हालांकि, उन्होंने सवाल किया कि इस डील से देश के किसानों को क्या लाभ मिलेगा, छात्रों की शिक्षा में क्या सुधार होगा, या स्वास्थ्य सुविधाएं कैसे मजबूत होंगी, इस पर कोई बात नहीं कर रहा है।

**आम जनता के हित में नहीं ट्रेड डील:** सांसद सिंह के अनुसार, यह ट्रेड डील आम जनता के हित में नहीं, बल्कि देश के कुछ पूंजीपतियों के लिए की गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि टैक्स और टैरिफ में कटौती का सीधा असर गरीबी उन्मूलन

**♦ बोले- 'चंद पूंजीपतियों को फायदा, आम जनता को नहीं'**

और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों पर पड़ेगा, जिसका खामियाजा अंततः आम जनता को भुगतना होगा। इस बीच, सांसद सुधाकर सिंह ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (NCDC) के मुख्यालय में निगम के निदेशक और उप-प्रबंध निदेशक (वित्त) से मुलाकात की। इस बैठक में बिहार में सहकारिता क्षेत्र की वर्तमान स्थिति, चुनौतियों और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। मुलाकात के दौरान इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि एनसीडीसी की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर बिहार के किसानों, दुग्ध उत्पादकों और मछुआरों को किस प्रकार अधिक लाभ पहुंचाया जा सकता है। सुधाकर सिंह ने कहा कि यदि सहकारिता को मजबूती दी जाए, तो यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन का सबसे सशक्त माध्यम बन सकता है।

## अजीत पवार के निधन पर जताया शोक



निज संवाददाता। आरा

महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री सह राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता अजीत पवार के विमान हादसे में निधन पर भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं ने शोक जताया है। जिलाध्यक्ष दुर्गा राज के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि अजीत पवार न केवल महाराष्ट्र बल्कि देश की राजनीति में एक उभरते हुए बड़े नेता थे। उनके आकस्मिक निधन से देश को अपूरणीय क्षति हुई है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति दें। मौके पर जिला प्रभारी राजेश सिन्हा, प्रहलाद राय, जिला उपाध्यक्ष इंजीनियर धीरेंद्र सिंह, सूर्यकांत पांडेय, ज्योति प्रकाश कुशवाहा, राजकुमार कुशवाहा, संतोष चंद्रवंशी, संजय कुमार सिंह, विभु जैन, विद्यासागर पांडेय, भुनेश्वर ठाकुर, अमरेंद्र चौबे, आदित्य सिंह, उमेद चंद्रवंशी, विष्णु मिश्रा सहित कई कार्यकर्ता थे।

## संक्षिप्त समाचार

### मसौढ़ी में हृदयविदारक हादसे पर भाजपा नेता धनेश्वर ठाकुर ने जताया शोक

**मसौढ़ी, पटना।** प्रखंड क्षेत्र के दौलतपुर पंचायत अंतर्गत दनाड़ा गांव में शनिवार दोपहर हुए दर्दनाक हादसे में दो मासूम बच्चों की आग में झुलसकर मौत से पूरे इलाके में शोक की लहर है। इस दुखद घटना पर कर्पूरी ठाकुर सह भाजपा नेता धनेश्वर ठाकुर ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए मृतक बच्चों के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। धनेश्वर ठाकुर ने कहा कि दो निर्दोष बच्चों की इस तरह असमय मौत अत्यंत पीड़ादायक और हृदय को झकझोर देने वाली है। उन्होंने कहा कि इस अपार दुख की घड़ी में वे शोक संतप्त परिवार के साथ खड़े हैं और ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति की कामना करते हैं। भाजपा नेता ने घटना की जानकारी संबंधित अधिकारियों को भी दी और उनसे पीड़ित परिवार को हरसंभव सरकारी सहायता एवं आवश्यक सहयोग शीघ्र उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जरूरत पड़ने पर वे व्यक्तिगत स्तर पर भी परिवार की मदद के लिए आगे रहेंगे। इस मौके पर ग्रामीणों ने भी हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया और प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की।

### बिहटा चौक पर सड़क हादसा तेल टैंकर की चपेट में आई युवती, हालत गंभीर



**बिहटा, पटना।** पटना के बिहटा में गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बिहटा चौक के पास सड़क पार कर रही एक युवती को तेज रफ्तार तेल टैंकर ने कुचल दिया। हादसे में युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवती को तुरंत बिहटा स्थित ईएसआईसी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार युवती की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही बिहटा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तेल टैंकर चालक को हिरासत में ले लिया और वाहन को जब्त कर लिया है। खुद बिहटा थानाध्यक्ष अमित कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच की। फिलहाल पुलिस घायल युवती की पहचान में जुटी हुई है। आसपास के इलाकों में पूछताछ की जा रही है, ताकि परिजनों को सूचना दी जा सके।

स्थानीय निवासी धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि युवती जैसे ही सड़क पार कर रही थी, पटना की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे तेल टैंकर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर के बाद युवती जोर-जोर से चिल्लाने लगी, तब जाकर चालक ने वाहन रोका। ग्रामीणों का आरोप है कि बिहटा चौक और आसपास के इलाकों में सड़क निर्माण कार्य चल रहा है, इसके बावजूद भारी वाहन तेज गति से गुजर रहे हैं। इसी लापरवाही के कारण यहां आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि तेल टैंकर को जब्त कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### अतिक्रमण हटते ही मनेर की सड़कों ने ली राहत की सांस, जाम से मिली निजात



**मनेर।** पटना जिले के मनेर नगर परिषद क्षेत्र में अतिक्रमण हटाए जाने के बाद गुरुवार को सड़कों पर वर्षों बाद राहत का माहौल देखने को मिला। प्रशासन की सख्त निगरानी और सक्रियता के कारण थाना मोड़, हाई स्कूल गेट, राम नगीना सिंह मोड़ सहित अन्य प्रमुख चौराहों पर पूरे दिन यातायात सामान्य बना रहा और कहीं भी जाम की स्थिति नहीं बनी। अतिक्रमण हटने के बाद सड़क किनारे अवैध रूप से वाहन खड़े करने वालों पर भी कार्रवाई की गई। नियमों की अनदेखी करने वाले पांच ऑटो चालकों से पांच-पांच सौ रुपये का जुर्माना वसूला गया। इससे अन्य चालकों में भी अनुशासन का संदेश गया।

यह दिन मनेरवासियों के लिए खास तौर पर राहत भरा रहा। लंबे समय से रोजमर्रा की जिंदगी में परेशानी बन चुके जाम से छुटकारा मिलने पर लोगों ने संतोष जताया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन ने यदि इसी तरह नियमित निगरानी बनाए रखी, तो मनेर की यातायात व्यवस्था स्थायी रूप से सुधर सकती है। व्यवसायी संघ ने भी प्रशासनिक पहल की सराहना की और इसे लगातार जारी रखने की मांग उठाई। दुकानदार प्रभात कुमार और बिनोद कुमार ने बताया कि अतिक्रमण हटने के बाद भगत सिंह स्मारक के आसपास का मुख्य चौक अब खुला और व्यवस्थित नजर आ रहा है, जिससे ग्राहकों की आवाजाही भी सुगम हुई है।

मनेर पड़ाव से अवैध टेम्पो स्टैंड हटने का असर भी साफ दिखा। पहले राष्ट्रीय राजमार्ग पर इस स्थान पर अक्सर जाम लगता था, जिससे मनेर शहरी क्षेत्र और दियारा इलाके से आने-जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानी होती थी। गुरुवार को निर्धारित स्थान से ही ऑटो और टेम्पो खुलने के कारण यातायात सुचारू बना रहा। यात्रियों ने कहा कि अब समय पर वाहन मिलने से वे बिना देरी अपने गंतव्य तक पहुंच पा रहे हैं। वहीं ऑटो चालकों ने भी सभी के लिए एक समान नियम लागू करने की मांग की, ताकि किसी के साथ भेदभाव न हो। थाना प्रभारी रजनीश ने बताया कि सड़क पर अवैध रूप से वाहन खड़े करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्ती बरती जाएगी। प्रशासन का साफ संदेश है कि अतिक्रमण और अव्यवस्थित यातायात किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# नीमा गांव गोलीकांड का पुलिस ने किया खुलासा, तीन अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता। मसौढ़ी, पटना



पटना–डोभी एनएच-22 पर नीमा गांव के पास बीते गुरुवार की देर शाम हुई गोली मारकर हत्या के मामले में धनरूआ पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस सनसनीखेज गोलीकांड का उद्भेदन करते हुए घटना में शामिल तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। उद्भेदन को लेकर धनरूआ थाना परिसर में आयोजित प्रेसवार्ता में थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि 22 जनवरी की शाम नीमा सूर्यमंदिर के समीप धनरूआ थाना क्षेत्र के छोटकी मठ निवासी सोनू कुमार की अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल एवं तकनीकी शाखा की टीम को बुलाकर साक्ष्य संकलन कराया गया। मृतक के भाई मिट्ठू कुमार के बयान पर सोनू कुमार की हत्या के मामले में सात लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसके बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष अनुसंधान टीम का गठन किया गया।

गठित टीम ने तकनीकी अनुसंधान एवं मानवीय सूचना के आधार पर छापेमारी कर तीन अप्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान एकंगरसराय थाना क्षेत्र के एकंगरसराय गांव निवासी रणविजय यादव के पुत्र आशीष कुमार, आलमगंज थाना क्षेत्र के कुम्हरार मुहल्ला निवासी अनिल कुमार सिंह के पुत्र प्रिंस राज तथा धनरूआ थाना क्षेत्र के डुमरापुल गांव निवासी गुडडू प्रसाद के पुत्र बिट्टू कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक जैयलों कार भी बरामद की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ के दौरान उन्होंने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। अन्य फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। इस कार्रवाई में अपर थानाध्यक्ष अमित कुमार, नदवा ओपी सह अनुसंधानकर्ता पुअनि अंकित कुमार, पुअनि राहुल कुमार शाह, पुअनि राजेश रौशन कुमार, पुअनि नवीन कुमार समेत सदर थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।

## लहसुना पुलिस ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान, नियम तोड़ने वालों पर हुई कार्रवाई



निज संवाददाता। मसौढ़ी, पटना

एसपी के निर्देश पर थाना क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर लहसुना पुलिस की सक्रियता देखने को मिली। लहसुना थानाध्यक्ष खुशबू खातून के नेतृत्व में घोरहुआ मोड़ के समीप सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों की गहन जांच की गई।

पुलिस टीम ने विशेष रूप से हेलमेट के उपयोग, वाहन के वैध कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस और ट्रिपल लोडिंग जैसे गंभीर यातायात नियम उल्लंघनों पर ध्यान केंद्रित किया। जांच के दौरान कई वाहन चालक बिना हेलमेट और आवश्यक दस्तावेजों के पकड़े गए, जिनके खिलाफ मौके पर ही चालान की कार्रवाई की गई। थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें, हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करें तथा वैध कागजात साथ रखें, ताकि खुद भी सुरक्षित रहें और दूसरों की जान को भी खतरे में न डालें। पुलिस ने स्पष्ट किया कि आगे भी इस तरह के वाहन चेकिंग अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## वैशाली में 10 फरवरी से शुरू होगा फाइलेरिया उन्मूलन अभियान, 17 दिनों तक चलेगा एमडीए

निज संवाददाता। हाजीपुर, वैशाली



जिले में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर 10 फरवरी से सर्वजन दवा सेवन अभियान (एमडीए) की शुरुआत होगी। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। अभियान की रूपरेखा तय करने के लिए सिविल सर्जन सह डीवीबीडीसीओ डॉ. गुडिया की अध्यक्षता में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें सभी संबंधित अधिकारियों और स्वास्थ्यकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डॉ. गुडिया ने बताया कि इस बार एमडीए अभियान 17 दिनों तक चलेगा, जिसमें रजिस्टर के सही संधारण और दवा का वास्तविक सेवन सुनिश्चित कराने पर विशेष जोर रहेगा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि दवा का केवल वितरण नहीं, बल्कि लोगों को दवा खिलाना अनिवार्य होगा। जिले के 16 प्रखंडों में से नाइट ब्लड सर्वे में केवल चेहरकलां और महुआ प्रखंड फेल पाए गए हैं, जहां यह अभियान चलाया जाएगा। सभी कर्मियों को हर वर्ग तक पहुंच बनाने के लिए प्रभावी रणनीति अपनाने को कहा गया है।

**पहले तीन दिन बूथ पर, फिर घर-घर दवा सेवनः** अभियान के पहले तीन दिनों में स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों पर बूथ लगाकर लोगों को दवा खिलाई जाएगी। इसके बाद शेष 14 दिनों तक ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर घर-घर जाकर फैमिली रजिस्टर के आधार पर दवा का सेवन कराएंगे। अभियान के दौरान दो बार मॉप-अप राउंड भी चलाया जाएगा, जिसमें सप्ताह के छह दिन घर-घर जाकर और सातवें दिन छूटे हुए लोगों को दवा खिलाई जाएगी।

**दवा की खुराक को लेकर सख्त निर्देशः** प्रशिक्षण के दौरान दवा की खुराक को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए। बताया गया कि 90 सेंटीमीटर से कम लंबाई वाले बच्चे, दो वर्ष से कम उम्र के शिशु, गर्भवती महिलाएं और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को आइवरमेक्टिन दवा नहीं दी जाएगी। कार्यशाला में फाइलेरिया कार्यक्रम प्रभारी अमित कुमार और पिरामल फाउंडेशन के जिला प्रमुख पियूष कुमार ने रजिस्टर संधारण, रिपोर्टिंग, पर्यवेक्षण और उच्च जोखिम वाले व छूटे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में चेहरकलां और महुआ प्रखंड के एमओआईसी, बीएचएम, बीसीएम सहित विभिन्न स्वास्थ्यकर्मी, डब्ल्यूएचओ और पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस मौके पर डीसीएम निभा रानी सिंहा समेत अन्य स्वास्थ्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## अवैध देसी शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 90 लीटर शराब बरामद, कई भट्ठियां ध्वस्त

निज संवाददाता। बिहटा, पटना



पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र में अवैध देसी शराब के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शराब माफियाओं पर करारा प्रहार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में पुलिस ने लगभग 90 लीटर देसी शराब बरामद की है, जबकि मौके पर संचालित कई अवैध शराब भट्ठियों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। हालांकि पुलिस के पहुंचते ही शराब कारोबारी और माफिया अंधेरे और झाड़ियों का फायदा उठाकर फरार हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह बिहटा थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के बाटा मुसहरी में लंबे समय से अवैध तरीके से देसी शराब का निर्माण और कारोबार किया जा रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी के निर्देश पर एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया और त्वरित कार्रवाई करते हुए बाटा मुसहरी में छापेमारी की गई।

छापेमारी के दौरान पुलिस को देखते ही वहां मौजूद शराब कारोबारी मौके से भाग निकले। पुलिस टीम ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया, जिसमें करीब 90 लीटर तैयार देसी शराब बरामद की गई। इसके साथ ही शराब बनाने में उपयोग हो रही कई भट्ठियों को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया, ताकि भविष्य में दोबारा अवैध शराब का निर्माण न हो सके।

थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ बिहटा पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि गुरुवार की सुबह बाटा मुसहरी में अवैध शराब निर्माण की सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस टीम ने छापेमारी की और बड़ी मात्रा में देसी शराब बरामद की गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि शराब माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी कीमत पर अवैध शराब के कारोबार को पनपने नहीं दिया जाएगा।

पुलिस के अनुसार छापेमारी के दौरान फरार हुए शराब कारोबारियों और माफियाओं की पहचान की जा रही है। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर कानून के कठघरे में खड़ा किया जाएगा। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में शराब कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया है।

## बिक्रम पीएचसी को स्थानांतरित करने के फैसले के खिलाफ फूटा जनाक्रोश, सड़कों पर उतरे सैकड़ों लोग

निज संवाददाता। बिक्रम, पटना




पटना जिले के बिक्रम में 115 वर्ष पुराने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) को स्थानांतरित करने के सरकारी फैसले के विरोध में गुरुवार को व्यापक जनाक्रोश देखने को मिला। इस फैसले के खिलाफ स्थानीय ग्रामीणों और नागरिकों ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। यह पीएचसी बिक्रम से करीब पांच किलोमीटर दूर नव निर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में स्थानांतरित किया जा रहा है, जिसे लेकर क्षेत्र में भारी नाराजगी है।

सामाजिक कार्यकर्ता दीपक कुमार के नेतृत्व में पीएचसी परिसर से बिक्रम शहीद चौक तक जन आक्रोश मार्च निकाला गया। इस मार्च में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण, महिलाएं, बुजुर्ग और युवा शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि सरकार का यह फैसला जनविरोधी है और इससे आम लोगों की स्वास्थ्य सुविधाओं पर सीधा असर पड़ेगा।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वर्तमान बिक्रम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र न सिर्फ ऐतिहासिक धरोहर है, बल्कि आसपास के सैकड़ों गांवों के लिए जीवनरेखा की तरह काम कर रहा है। यहां रोजाना सैकड़ों मरीज इलाज के लिए आते हैं। पीएचसी के हटने से गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को मजबूरी में निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ेगा, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। आपातकालीन स्थिति या सड़क दुर्घटना के समय पांच किलोमीटर दूर सीएचसी तक पहुंचना कई लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है।

वक्ताओं ने बताया कि जिस स्थान पर वर्तमान पीएचसी संचालित है, वहां पर्याप्त भूमि उपलब्ध है और भवन भी अच्छी स्थिति में है। दूर-दराज के गांवों से आने वाले मरीज यहां आसानी से पहुंच पाते हैं और खुद को सुरक्षित महसूस करते हैं। बिक्रम की 15 पंचायतें और एक नगर पंचायत की लाखों की आबादी इसी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर निर्भर है।

प्रदर्शन के दौरान यह भी आरोप लगाया गया कि चुनाव के समय स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने खुद पीएचसी को यथावत रखने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब सरकार अपने वादे से पीछे हटती नजर आ रही है। इसे जनता के साथ धोखा बताया गया। स्थानीय लोगों ने मांग की कि 115 साल पुराना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जहां संचालित है, वहीं यथावत रखा जाए और नव निर्मित सीएचसी में अतिरिक्त सुविधाओं का विस्तार किया जाए, ताकि दोनों संस्थान मिलकर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दे सकें। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि पीएचसी के स्थानांतरण की प्रक्रिया नहीं रोकी गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा और सरकार को बड़े जन आंदोलन का सामना करना पड़ेगा।

इस विरोध प्रदर्शन में मनोज कुमार चौधरी, बिजेंद्र सिंह, सुदामा चौधरी, सिद्धेश्वर सिंह, रामइकबाल राम, सुधीर कुमार, बुटन सिंह, महेंद्र पंडित, भोला सिंह, सुशीला कुमारी, मनोज पासवान, निर्मल यादव, जुलम दास, शीला देवी, नीरज कुमार, अंजन दास, उपेंद्र साव सहित सैकड़ों ग्रामीण और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## अरवल में 'विकसित भारत 2047' पर दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ

### कुर्था विधायक पप्पु वर्मा ने युवाओं से की आगे आने की अपील





निज संवाददाता। अरवल, पटना

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, पटना की ओर से पायस मिशन स्कूल परिसर, अरवल में 'विकसित भारत 2047' विषय पर आयोजित दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता अभियान का गुरुवार को शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुर्था विधायक पप्पु वर्मा रहे, जिन्होंने दीप प्रज्ज्वलन कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक पप्पु वर्मा ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प तभी साकार होगा, जब देश का युवा वर्ग पूरी प्रतिबद्धता और सकारात्मक सोच के साथ आगे आएगा। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और राष्ट्र निर्माण में अपनी ऊर्जा लगाने की अपील की। विधायक ने कहा कि शिक्षा, अनुशासन और सामूहिक प्रयास के माध्यम से ही विकसित भारत का सपना साकार किया जा सकता है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय संचार ब्यूरो, पटना के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी प्रकाश कुमार सिंह ने बताया कि इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाना है, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से योजनाओं की जानकारी सरल और प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंचाई जा रही है। पायस मिशन स्कूल के सहायक निदेशक अशोक कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि 'विकसित भारत' के संकल्प को पूरा करने में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका है। वहीं विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सोनम मिश्रा ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से उच्च शिक्षा और शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बिहार को शैक्षणिक रूप से अग्रणी राज्य बनाने में विद्यार्थियों की भूमिका निर्णायक होगी। कार्यक्रम के दौरान भारतीय डाक विभाग के सहायक डाक अधीक्षक मुकेश कुमार ने विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। वहीं आयुष्मान भारत योजना के जिला समन्वयक नलिन कुमार ने लोगों से आयुष्मान कार्ड और आभा कार्ड बनवाने की अपील की।

इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गीत, नृत्य, स्वागत गीत, रंगोली और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से 'विकसित भारत' की परिकल्पना को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों को उपस्थित स्थानीय नागरिकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम का संचालन छात्रा अदिति कुमारी और छात्र आदित्य कुमार ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अमरेन्द्र मोहन ने दिया। इस अवसर पर हर्ष सिन्हा, राकेश कुमार सहित शिक्षक, छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी के 5वें दीक्षांत में बेटियों का दबदबा, 31 टॉपरों में 22 छात्राओं को गोल्ड मेडल

निज संवाददाता। बिहटा, पटना

पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी का पांचवां दीक्षांत समारोह पटना स्थित श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में शैक्षणिक उत्कृष्टता का उत्सव देखने को मिला, जहां इस बार भी बेटियों ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। कुल 31 टॉपरों को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया, जिनमें 22 छात्राएं और मात्र 9 छात्र शामिल हैं। यह आंकड़ा विश्वविद्यालय में छात्राओं की मजबूत शैक्षणिक भागीदारी और निरंतर बेहतर प्रदर्शन को दर्शाता है। दीक्षांत समारोह के दौरान 65 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। इसके साथ ही शैक्षणिक सत्र 2023–25 के विभिन्न संकायों और पाठ्यक्रमों के करीब 800 छात्र-छात्राओं को ऑन-स्पॉट पीजी डिग्री सौंपी गई, जिससे विद्यार्थियों के चेहरे पर विशेष उत्साह नजर आया।

विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार इस अवसर पर कुल करीब 9 हजार छात्र-छात्राओं की डिग्री जारी की गई है। हालांकि समारोह में केवल टॉप-10 विद्यार्थियों को ही मंच से डिग्री दी गई, जबकि शेष विद्यार्थी विश्वविद्यालय में आवेदन कर बाद में अपनी डिग्री प्राप्त कर सकेंगे। गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाली छात्रा मनीषा कुमारी ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मेहनत का फल मिलना बेहद सुखद अनुभव है। उन्होंने बताया कि आगे रिसर्च के क्षेत्र में कार्य करने की उनकी इच्छा है और यह सम्मान उन्हें और बेहतर करने की प्रेरणा देगा।





समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार विश्वविद्यालय सेवा आयोग के अध्यक्ष गिरीश कुमार चौधरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यपाल को करनी थी, लेकिन स्वास्थ्य कारणों से वे शामिल नहीं हो सके। उनकी ओर से प्रधान सचिव रॉबर्ट एल चौंगथू ने समारोह में भाग लिया। दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, छात्र-छात्राएं और उनके अभिभावक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान उपलब्धियों, मेहनत और भविष्य की उम्मीदों की झलक साफ तौर पर देखने को मिली। पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी का यह दीक्षांत समारोह न केवल शैक्षणिक सफलता का प्रतीक बना, बल्कि बेटियों की बढ़ती शैक्षणिक शक्ति का भी सशक्त संदेश देकर गया।

## संक्षिप्त समाचार

### पदमपुर स्कूल में होगी दसवीं तक पढ़ाई: राम सूर्या मुंडा



**खूंटी।** खूंटी के विधायक राम सूर्या मुंडा ने कहा कि कर्रा प्रखंड के पदमपुर के स्कूल में बहुत जल्दी दसवीं कक्षा तक की पढ़ाई शुरू हो जाएगी। विधायक गुरुवार को कर्रा प्रखंड अंतर्गत हाकाजांग पंचायत के पदमपुर गांव का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं की जानकारी ले रहे थे। इस दौरान क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को लेकर चर्चा हुई, जिसमें भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने विधायक को अवगत कराया कि गांव से लगभग पांच किलोमीटर के दायरे में कोई भी हाई स्कूल नहीं होने के कारण बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में जाना पड़ता है। इससे ग्रामीण छात्र-छात्राओं को पढ़ाई छोड़ने तक की मजबूरी बन जाती है। साथ ही गांव में आंगनवाड़ी केंद्र तो संचालित हैं, लेकिन भवन के अभाव में उनके संचालन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए विधायक राम सूर्या मुंडा ने आश्वस्त किया कि संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर मिडिल स्कूल को हाई स्कूल में उत्क्रमित कर दसवीं तक पढ़ाई की व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही आंगनबाड़ी भवन निर्माण को लेकर भी शीघ्र पहल की जाएगी। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री का स्पष्ट संकल्प है कि ग्रामीण क्षेत्र का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। सरकार गांव से लेकर देश-विदेश तक शिक्षा प्राप्त करने के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह कटिबद्ध है। इस अवसर पर पंचायत अध्यक्ष दुर्गा उरांव, लखीराज, ग्राम प्रधान फागू मुंडा, प्रधानाध्यापक शत्रुंजय कुमार, शिक्षक फ्रांसिस लकड़ा, बांधना कुमारी सहित कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद थे।

### नगर निकाय चुनाव को लेकर प्रपत्र बिक्री शुरू, संभावित प्रत्याशियों में हलचल



**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिला स्थित चाईबासा में नगर निकाय चुनाव को लेकर चुनावी माहौल बनना शुरू हो गया है। गुरुवार की सुबह अनुमंडल कार्यालय परिसर में बनाए गए प्रपत्र बिक्री केंद्र से प्रपत्रों की बिक्री की शुरुआत हुई। सबसे पहले देवी शंकर दत्ता उर्फ काबू दत्ता ने प्रपत्र खरीदा। इसके बाद अध्यक्ष पद के लिए अनूप सुल्तानिया ने प्रपत्र लिया। वहीं सुनील प्रसाद साव ने भी प्रपत्र कार्ड पर पत्र करने के बाद प्रपत्र खरीदा। प्रपत्र खरीदने के बाद तीनों संभावित प्रत्याशियों ने मीडिया से बातचीत की। देवी शंकर दत्ता उर्फ काबू दत्ता ने कहा कि चाईबासा शहर कई तरह की जन समस्याओं से जूझ रहा है, जिनका समाधान बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि जनता का समर्थन मिला तो वे शहर के विकास और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए पूरी ईमानदारी से काम करेंगे। वहीं अध्यक्ष पद के लिए प्रपत्र लेने वाले अनूप सुल्तानिया ने कहा कि उनकी प्राथमिकता शहर की मूलभूत सुविधाओं जैसे स्वच्छता, पेयजल, सड़क और बिजली व्यवस्था को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्याओं को सुनना और उनका समाधान कराना ही उनका मुख्य लक्ष्य रहेगा। सुनील प्रसाद साव ने भी कहा कि नगर निकाय चुनाव जनता के हित से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि चाईबासा में कई ऐसी समस्याएं हैं, जिन पर अब तक गंभीरता से काम नहीं हुआ है। यदि उन्हें अवसर मिला तो वे जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देंगे। नगर निकाय चुनाव को लेकर प्रपत्र बिक्री शुरू होते ही शहर में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। आने वाले दिनों में और भी संभावित प्रत्याशियों के प्रपत्र खरीदने की संभावना जताई जा रही है।

### पूर्वी सिंहभूम के भालुबासा इंद्रानगर बस्ती में भीषण आग, 85 वर्षीय वृद्धा की जलकर मौत





**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के सीतारामडेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत भालुबासा इंद्रानगर बस्ती में बुधवार देर रात एक दर्दनाक हादसे में 85 वर्षीय शोभा मुखर्जी की जलकर मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना रात करीब ढाई से तीन बजे के बीच हुई, जब परिवार के सभी सदस्य गहरी नींद में थे। परिजनों के अनुसार, शोभा मुखर्जी रात का भोजन करने के बाद अपने कमरे में सोने चली गई थीं। इसी दौरान देर रात अचानक घर से धुआं उठने लगा और कुछ ही पलों में आग की तेज लपटों ने पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया। मृतका की बेटी शोभना मुखर्जी ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि किसी को संभलने या तत्काल बचाव करने का अवसर तक नहीं मिल पाया। धुआं और आग की लपटें देख आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए और परिजनों के साथ मिलकर आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि, आग की भयावहता के कारण शोभा मुखर्जी को सुरक्षित बाहर निकालना संभव नहीं हो सका। जबतक आग पर काबू पाया गया, तबतक उनकी जलकर मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही सीतारामडेरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से आग को पूरी तरह बुझाया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम अस्पताल भेज दिया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। हालांकि, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। घर में बिजली के तारों की स्थिति, विद्युत उपकरणों की हालत और अन्य तकनीकी कारणों की भी जांच की जा रही है, ताकि आग लगने के वास्तविक कारणों का स्पष्ट रूप से पता लगाया जा सके। इस घटना के बाद इंद्रानगर बस्ती में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने और इलाके में बिजली सुरक्षा व्यवस्था की जांच कराने की मांग की है।

# ट्रेन में मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह के चार आरोपित गिरफ्तार

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



चक्रधरपुर मंडल की आरपीएफ उड़नदस्ता टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चलती ट्रेनों में मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। आरपीएफ ने टाटानगर रेलवे स्टेशन से गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से महंगे मोबाइल फोन और चोरी में प्रयुक्त औजार बरामद किए गए हैं। पकड़े गए आरोपितों की पहचान ऋषि तोरवा, अल्ताफ आलम, चंदन राम उर्फ चिंटू और विशाल तिवारी उर्फ जीशान के रूप में हुई है। सभी आरोपित ओडिशा के बड़बिल के निवासी बताए जा रहे हैं। आरपीएफ अधिकारियों के अनुसार बुधवार रात गश्त के दौरान ट्रेन संख्या 12809 मुंबई-हावड़ा मेल के एसी कोच से दो संदिग्ध व्यक्तियों को उतारकर तेजी से भागते हुए देखा गया। उनकी गतिविधियों को संदिग्ध मानते हुए आरपीएफ ने स्टेशन परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच में सामने आया कि चोरी की वारदात को अंजाम देने में कुल चार लोग शामिल थे, जो आपसी तालमेल से यात्रियों के मोबाइल फोन चोरी कर रहे थे। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरपीएफ टीम ने आरोपितों की तलाश तेज की और बुधवार देर शाम टाटानगर रेलवे स्टेशन के नाइट आउट क्षेत्र के पीछे से चारों को धर दबोचा। तलाशी के दौरान उनके पास से चोरी किए गए मोबाइल फोन, एक मोबाइल चार्जर और वारदात में इस्तेमाल किया गया बड़ा कटर, हेक्सा ब्लेड सहित अन्य औजार बरामद किए गए। आरपीएफ ने आरोपितों के पास से एक एप्पल मोबाइल, एक वनप्लस मोबाइल और एक वीवो मोबाइल बरामद किया है, जिनकी कुल कीमत करीब एक लाख साठ हजार रुपये आंकी गई है। आरपीएफ ने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपितों का पूर्व में भी आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। इनमें से अल्ताफ आलम करीब 11 बार जेल जा चुका है। आरपीएफ ने चारों आरोपितों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए रेल थाना टाटानगर को सौंप दिया है, जहां पुलिस मामले की विस्तृत जांच में जुट गई है।

## निकाय चुनाव को लेकर उपायुक्त और एसएसपी ने गोदाम का किया निरीक्षण

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



नगर निकाय आम चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में गुरुवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) पीयूष पांडेय के नेतृत्व में वरीय प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने प्रखंड स्थित नए गोदाम परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गोदाम में स्थापित डिस्पैच और रिसीविंग व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम, प्रवेश और निकास प्वाइंट, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, बिजली-पानी की उपलब्धता, अग्निशमन व्यवस्था सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। प्रशासन की ओर से बताया गया कि इसी गोदाम से मानगो नगर निगम, नगर परिषद और चाकुलिया नगर पंचायत क्षेत्रों के लिए चुनाव सामग्री का वितरण एवं मतदान के बाद वापसी का कार्य किया जाएगा। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में किसी भी तरह की चूक न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर निकाय आम निर्वाचन में लोकसभा और विधानसभा चुनावों की तर्ज पर ही चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था लागू की जाएगी। मतदान केंद्रों से लेकर स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल तक 24 घंटे सुरक्षा बलों की तैनाती सुनिश्चित की गई है। एसएसपी पीयूष पांडेय ने बताया कि चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल के साथ-साथ केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों की भी तैनाती की योजना बनाई गई है। संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान केंद्रों की पहचान कर वहां अतिरिक्त सुरक्षा उपाय किए जाएंगे।

## बाबा राइस मिल ग्रुप से जुड़े ठिकानों पर आयकर का छापा

**एजेंसी। रांची**

आयकर विभाग की अनुसंधान शाखा ने गुरुवार को रांची सहित कुछ अन्य जिलों में छापेमारी की है। यह छापेमारी बाबा राइस मिल ग्रुप से जुड़े ठिकानों पर चल रही है। सूत्रों के अनुसार के रांची के कांके रोड, रातु रोड और अन्य ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी की जा रही है। टीम ने मिल के संचालन, लेन-देन और वित्तीय रिकॉर्ड की जांच शुरू कर दी है। आयकर विभाग की टीम सभी कैश ट्रांजेक्शन, बिल और अन्य वित्तीय दस्तावेजों को खंगाल रही है। इसके तहत चालू लेन-देन, खरीद-बिक्री के रिकॉर्ड और अन्य जरूरी कागजातों की भी पड़ताल की जा रही हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2026 में आयकर विभाग की और से की जाने वाली यह पहली छापेमारी है। यह कार्रवाई व्यापारियों की ओर से अपनी वास्तविक आमदनी छिपा कर टैक्स चोरी करने के मामले में की जा रही है। सूत्रों की मानें तो आयकर विभाग की छापेमारी रांची के अलावा जमशेदपुर, हजारीबाग सहित बिहार के कुछ जिलों में होने की सूचना है।

# झारखंड सरकार पर बाबूलाल मरांडी का व्यंग्य, राज्यवासियों के नाम जारी किया संदेश

**एजेंसी। रांची**



झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्यवासियों के नाम एक व्यंग्यात्मक संदेश जारी कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी सरकार पर हमला बोला है। गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किए गए इस संदेश में उन्होंने कानून-व्यवस्था, नागरिक सुरक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य व्यवस्था, किसानों और आदिवासियों की स्थिति को लेकर राज्य सरकार को कठघरे में खड़ा किया है। मरांडी ने अपने संदेश में कहा कि यदि आप झारखंड में रहते हैं, तो मुख्यमंत्री या सरकार से किसी भी प्रकार की नीति, न्याय या सुशासन की उम्मीद छोड़ दीजिए। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में लिखा कि बस मुख्यमंत्री के विदेशी दौरों और "शॉपिंग टूर" की "सफलता" पर बधाई देना न भूलें। कानून-व्यवस्था को लेकर नेता प्रतिपक्ष ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति झारखंड में रहकर सफल व्यवसाय कर रहा है, तो उसे सतर्क हो जाना चाहिए और अपने परिवार के सदस्यों को घर से बाहर निकलने से रोकना चाहिए। उनका आरोप है कि सरकार नागरिकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेने से इनकार कर चुकी है। मरांडी ने दावा किया कि राज्य में कारोबार करने वालों को अपहरण, फिरौती और गुंडों के साथ-साथ कई बार पुलिस द्वारा भी भयादोहन का सामना करना पड़ता है। किसानों की स्थिति पर राज्य सरकार को घेरते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि खेती करने वाले लोगों को चुनाव के समय किए गए न्यूनतम समर्थन मूल्य के वादों से कम दाम पर अपनी फसल बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि हेमंत सोरेन सरकार ने एक बार फिर किसानों का भरोसा तोड़ा है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि किसानों को अपनी जमीन को "घोटालेबाज मंत्रियों" की नजर से बचाकर रखना होगा। स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर भी मरांडी ने कहा कि यदि कोई झारखंड में रहता है और स्वास्थ्य समस्याओं का सामना कर रहा है, तो उसे पहले से बड़ी रकम का इंतजाम कर लेना चाहिए, क्योंकि सरकारी अस्पताल कभी भी ढह सकते हैं, दवाइयां कभी भी खत्म हो सकती हैं और वेंटिलेटर अक्सर खराब ही रहते हैं। आदिवासी समाज से जुड़े मुद्दों पर बोलते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यदि आप झारखंड में रहते हैं और आदिवासी हैं, तो शिक्षा की उम्मीद छोड़ दीजिए तथा अपनी जमीनों को अवैध घुसपैठियों से बचाने के लिए लगातार संघर्ष करने को तैयार रहिए। युवाओं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को लेकर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि उन्हें साल-दर-साल भर्तियों के निकलने का इंतजार करना पड़ेगा। कभी आवेदन निकलेंगे तो कभी रद्द होंगे। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि बार-बार आवेदन करने, नौकरी खरीदने की क्षमता रखने और उसके बाद भी घोटालों की मार सहने के लिए युवाओं को तैयार रहना होगा।

## रांची के सेंट जेवियर्स स्कूल में 'एआई अनलॉक्ड : वर्क स्मार्टर, नॉट हार्डर' पुस्तक का विमोचन




**एजेंसी। रांची**

रांची के डोरंडा स्थित सेंट ज़ेवियर्स स्कूल में गुरुवार को 'एआई अनलॉक्ड : वर्क स्मार्टर, नॉट हार्डर' पुस्तक का विमोचन शैक्षणिक गरिमा और उत्साहपूर्ण वातावरण के बीच संपन्न हुआ। इस पुस्तक के लेखक डॉ. संतोष कुमार हैं, जो सेंट ज़ेवियर्स स्कूल, डोरंडा में कंप्यूटर साइंस एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) विभाग के प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं। पुस्तक में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के व्यावहारिक अनुप्रयोगों को सरल, सहज और उपयोगी भाषा में प्रस्तुत किया गया है, जिससे यह विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों के लिए भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। पुस्तक का प्रकाशन थॉर्नटन प्रेस द्वारा किया गया है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. डी.के. सिंह, कुलपति, झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एवं रांची यूनिवर्सिटी ने एआई के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसके नैतिक उपयोग (एथिकल यूज़) पर विशेष जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को नवाचार और डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित मंत्री दीपिका पांडेय सिंह राजनीतिक व्यस्तता के कारण उपस्थित नहीं हो सकीं। उनका संदेश विद्यालय के डॉ. अभय सागर मिंज ने पढ़कर सुनाया। वहीं प्रोविंशियल फादर अजीत कुमार खेस का संदेश विद्यालय के प्राचार्य फादर फूलदेव सोरेंग की ओर से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता फादर फूलदेव सोरेंग ने की, जबकि धन्यवाद ज्ञापन फादर रवि भूषण खेस, उप-प्राचार्य ने किया। इस अवसर पर शिक्षाविदों, विभिन्न स्कूलों के प्राचार्यों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## रांची के मोरहाबादी मैदान में रोड सेफ्टी मैराथन 2026 का आयोजन, युवाओं और बच्चों ने दिया सड़क सुरक्षा का संदेश



**एजेंसी। रांची**

झारखंड की राजधानी रांची में सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से गुरुवार को मोरहाबादी मैदान में रोड सेफ्टी मैराथन 2026 का आयोजन किया गया। इस मैराथन में युवाओं, खिलाड़ियों, स्कूली बच्चों, सामाजिक संगठनों के सदस्यों और आम नागरिकों ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को यह संदेश देना था कि यातायात नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है। मैराथन जिला प्रशासन और राज्य सरकार के सहयोग से आयोजित की गई, जिसकी थीम 'सीख से सुरक्षा' रखी गई थी। मैराथन के दौरान प्रतिभागियों के हाथों में सड़क सुरक्षा से जुड़े स्लोगन और संदेश लिखी तख्तियां दिखाई दीं। इनमें सुरक्षित ड्राइविंग, हेलमेट और सीटबेल्ट के उपयोग, ओवरस्पीडिंग से बचाव और ट्रैफिक नियमों के पालन पर विशेष जोर दिया गया। आयोजन स्थल से लेकर पूरे मैराथन रूट तक सड़क सुरक्षा का संदेश गूंजता रहा। इस अवसर पर रांची के यातायात पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने कहा कि इस मैराथन का विशेष फोकस बच्चों और युवाओं पर रखा गया है। उन्होंने बताया कि बच्चों के माध्यम से सड़क सुरक्षा का संदेश परिवार और समाज तक आसानी से पहुंचता है। यदि बच्चे ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक होंगे, तो वे अपने आसपास के लोगों को भी सुरक्षित व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे। इसी कारण इस आयोजन में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित की गई। उन्होंने यह भी बताया कि यातायात जागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसके तहत लोगों को समझाया जा रहा है कि हेलमेट और सीटबेल्ट केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि जान बचाने के लिए जरूरी हैं। साथ ही, शराब पीकर वाहन चलाने, मोबाइल फोन के इस्तेमाल और तेज रफ्तार से होने वाली दुर्घटनाओं के खतरों के बारे में भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जनवरी माह को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने और सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं से जोड़ने के लिए राजधानी रांची सहित राज्य के अन्य जिलों में भी कई जागरूकता कार्यक्रम और अभियान चलाए गए।

## विकास कार्यों को लेकर कई ट्रेनों में बदलाव

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

विभिन्न मंडलों में चल रहे विकासात्मक कार्यों के कारण कई यात्री ट्रेनों के संचालन में बदलाव किया गया है। इन परिवर्तनों का सीधा असर टाटानगर सहित झारखंड, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र को जोड़ने वाली ट्रेनों पर पड़ेगा। दक्षिण पूर्व रेलवे ने यात्रियों से सहयोग की अपील करते हुए असुविधा के लिए खेद जताया है। रेलवे प्रशासन की ओर से गुरुवार को दी गई जानकारी के अनुसार अद्रा मंडल में विकास कार्य के चलते 31 जनवरी 2026 को आसनसोल–अद्रा–आसनसोल मेमू पैसेंजर (68046/68045) को पूरी तरह रद्द किया गया है। वहीं टाटानगर से आसनसोल होते हुए बराभूम जाने वाली मेमू ट्रेन (68056/68060), जो 31 जनवरी 2026 को अपनी यात्रा शुरू करेगी, उसे अद्रा स्टेशन पर ही समाप्त किया जाएगा और वहीं से शॉर्ट ओरिजिनेशन भी किया जाएगा। इससे टाटानगर से यात्रा करने वाले दैनिक यात्रियों को वैकल्पिक साधनों पर निर्भर रहना पड़ सकता है। इसके अलावा नागपुर मंडल में चल रहे विकास कार्यों के कारण टाटानगर और शालीमार को मुंबई से जोड़ने वाली प्रमुख ट्रेनों पर भी व्यापक असर पड़ेगा। शालीमार–लोकमान्य तिलक टर्मिनस (एलटीटी) मुंबई एक्सप्रेस (18030) 4 अप्रैल 2026 से 24 अप्रैल 2026 तक रद्द रहेगी। वहीं एलटीटी मुंबई–शालीमार एक्सप्रेस (18029) 6 अप्रैल 2026 से 26 अप्रैल 2026 तक नहीं चलेगी। इसी तरह एलटीटी मुंबई–शालीमार एक्सप्रेस (12101) और शालीमार–एलटीटी मुंबई एक्सप्रेस (12102) अप्रैल माह में अलग-अलग तिथियों पर रद्द रहेंगी, जिससे टाटानगर होकर मुंबई जाने वाले और आने वाले यात्रियों को अपनी यात्रा योजना में बदलाव करना होगा।

**कार्यालय जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त, पलामू**
**(जिला शस्त्र शाखा)**
**दूरभाष सं0–06562–224033 (का)/224044(आ) Email Id: dc-pal@nic.in**

**आदेश**

सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड, रांची के पत्रांक–1274, दिनांक–26.12.2025 के आलोक में नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2026 को शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित कराने के उदेश्य से इस जिला में निर्गत सभी शस्त्र अनुज्ञप्तियों/शस्त्रों का भौतिक सत्यापन कराया जाना है, ताकि नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2026 के समय सभी शस्त्रों का जमा कराने की कार्रवाई की जा सके। उक्त के आलोक में शस्त्र सत्यापन (Arms Verification) हेतु थानावार निम्नांकित तिथियां निर्धारित की जाती है:–

| क्र0 सं0 | संबंधित पदाधिकारी का पदनाम | प्रखण्ड/अंचल का नाम | थाना का नाम | शस्त्रों के भौतिक सत्यापन हेतु निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंचल अधिकारी, मनातू | मनातू | मनातू थाना | दिनांक–31.01.2026 से 05.02.2026 |
| 2 | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, तरहसी | तरहसी | तरहसी थाना | दिनांक–31.01.2026 से 05.02.2026 |
| 3 | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, लेस्लीगंज | लेस्लीगंज (नीलाम्बर–पीताम्बरपुर) | लेस्लीगंज थाना | दिनांक–31.01.2026 से 05.02.2026 |
| 4 | अंचल अधिकारी, सतबरवा | सतबरवा | सतबरवा थाना | दिनांक–31.01.2026 से 05.02.2026 |
| 5 | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, पांकी | पांकी | पांकी थाना | दिनांक–31.01.2026 से 05.02.2026 |
| 6 | | | पीपराटांड़ थाना | दिनांक–31.01.2026 से 05.02.2026 |
| 7 | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सदर मेदिनीनगर | सदर मेदिनीनगर | शहर थाना | दिनांक–31.01.2026 से 05.02.2026 |
| 8 | | | सदर थाना | दिनांक–31.01.2026 से 05.02.2026 |
| 9 | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, रामगढ़ | रामगढ़ | रामगढ़ थाना | दिनांक–31.01.2026 से 05.02.2026 |
| 10 | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, चैनपुर | चैनपुर | चैनपुर थाना | दिनांक–31.01.2026 से 05.02.2026 |
| 11 | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, पाण्डू | पाण्डू | पाण्डू थाना | दिनांक–31.01.2026 से 05.02.2026 |
| 12 | अंचल अधिकारी, बिश्रामपुर | बिश्रामपुर | बिश्रामपुर थाना | दिनांक–31.01.2026 से 05.02.2026 |
| 13 | | | रेहला थाना | दिनांक–31.01.2026 से 05.02.2026 |
| 14 | अंचल अधिकारी, उंटारी रोड | उंटारी रोड | उंटारी रोड थाना | दिनांक–31.01.2026 से 05.02.2026 |
| 15 | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, नावाबाजार | नावाबाजार | नावाबाजार थाना | दिनांक–31.01.2026 से 05.02.2026 |
| 16 | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, छत्तरपुर | छत्तरपुर | छत्तरपुर थाना | दिनांक–31.01.2026 से 05.02.2026 |
| 17 | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, पण्डवा | पण्डवा | पण्डवा थाना | दिनांक–31.01.2026 से 05.02.2026 |
| 18 | अंचल अधिकारी, नौडीहा बाजार | नौडीहा बाजार | नौडीहा बाजार थाना | दिनांक–31.01.2026 से 05.02.2026 |
| 19 | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, पाटन | पाटन | पाटन थाना | दिनांक–31.01.2026 से 05.02.2026 |
| 20 | | | नावाजयपुर थाना | दिनांक–31.01.2026 से 05.02.2026 |
| 21 | अंचल अधिकारी, हुसैनाबाद | हुसैनाबाद | हुसैनाबाद थाना | दिनांक–31.01.2026 से 05.02.2026 |
| 22 | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, मोहम्मदगंज | मोहम्मदगंज | मोहम्मदगंज थाना | दिनांक–31.01.2026 से 05.02.2026 |
| 23 | अंचल अधिकारी, हैदरगर | हैदरनगर | हैदरनगर थाना | दिनांक–31.01.2026 से 05.02.2026 |
| 24 | अंचल अधिकारी, हरिहरगंज | हरिहरगंज | हरिहरगंज थाना | दिनांक–31.01.2026 से 05.02.2026 |
| 25 | अंचल अधिकारी, पीपरा | पीपरा | पीपरा थाना | दिनांक–31.01.2026 से 05.02.2026 |

जिला में उपलब्ध शस्त्रों को भौतिक सत्यापन हेतु उपरोक्त निर्धारित सत्यापन कार्यक्रम के अनुसार संबंधित अंचल अधिकारी/प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी अपने क्षेत्रान्तर्गत सभी शस्त्रों का भौतिक सत्यापन करते हुए दिनांक–06.02.2026 तक निम्नांकित प्रपत्र में Joint Arms Verification Report अधोहस्ताक्षरी को एवं पुलिस अधीक्षक, पलामू को समर्पित करेंगे।

**शस्त्र सत्यापन से संबंधित विहित प्रपत्र**

| थाना का नाम | अनुज्ञप्ति सं0 | शस्त्र का प्रकार | अनुज्ञप्तिधारी का नाम एवं पता | Aarms Verification के भौतिक सत्यापन की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | | |

इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका),
सह–उपायुक्त, पलामू

PR 371917 (Palamu)25-26*D

संक्षिप्त समाचार

## कलकत्ता हाई कोर्ट का बंगाल सरकार को अल्टीमेटम

**कोलकाता एजेंसी।** कलकत्ता हाई कोर्ट ने आदेश दिया है कि 31 मार्च तक बंगाल सरकार सीमा पर बाड़ लगाने के लिए बीएसएफ को जमीन सौंप दे। जिससे भारत-बांग्लादेश सीमा के संवेदनशील क्षेत्रों में कंटीले तार की बाड़ लगाने का काम शीघ्र पूरा किया जाए।

आरोप है कि राज्य सरकार सीमा पर बाड़ लगाने के लिए अधिग्रहीत भूमि नहीं सौंप रही है। इसके खिलाफ पूर्व सैन्य अधिकारी डा. सुब्रत साहा ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। मालूम हो कि बंगाल की 2,216 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा बांग्लादेश से लगती है। इस सीमा में करीब 600 किलोमीटर में तारबंदी नहीं है। नतीजतन, यहां से घुसपैठ और तस्करी होती रहती है।

मामले की सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुजय पाल और न्यायाधीश पार्थ सारथी सेन की खंडपीठ ने पूछा कि राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा होने के बावजूद राज्य भूमि अधिग्रहण क्यों नहीं कर रहा है? आवश्यकता होने पर भूमि अधिग्रहण अधिनियम की धारा 40 का प्रयोग क्यों नहीं किया जा रहा है?

अंतरराष्ट्रीय सीमा में भागीदार होने के बावजूद राज्य की ओर से पहल न करना अत्यंत चिंताजनक है। कोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार सीमावर्ती क्षेत्र के लगभग 180 किलोमीटर हिस्से में भूमि अधिग्रहण के लिए पहले ही धनराशि दे चुकी है।

भूमि हस्तांतरण के लिए केवल सामाजिक प्रभाव आकलन प्रक्रिया का बहाना उचित नहीं है। साथ ही अदालत ने यह भी कहा कि कंटीले तार की बाड़ लगाने के लिए जिन जमीनों के लिए राज्य मंत्रिमंडल की मंजूरी नहीं मिली है, वहां राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में तत्काल आधार पर भूमि अधिग्रहण संभव है या नहीं, इस बारे में राज्य व केंद्र दोनों के बयान सुने जाएंगे। दोनों पक्षों को हलफनामा दाखिल करना होगा। मामले की अगली सुनवाई दो अप्रैल को होगी।

## फुटपाथ और आम रास्तों से अवैध मंदिर हटाए जयपुर नगर निगम

**जयपुर एजेंसी।** राजस्थान उच्च न्यायालय ने जयपुर शहर के फुटपाथ, सड़क और आम रास्तों पर अवैध रूप से बने मंदिरों को हटाने का आदेश दिया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा एवं न्यायाधीश संगीता शर्मा की खंडपीठ ने यह आदेश एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। जनहित याचिका शहर के निवासी सनी मीणा ने दायर की है। याचिकाकर्ता ने



जयपुर के प्रतापनगर में आम रास्ते में मंदिर बने होने और मंदिर के सहारे अवैध रूप से दुकानें संचालित होने की शिकायत की थी। इसी पर उच्च न्यायालय ने सात दिन में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उच्च न्यायालय ने जयपुर नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए हैं कि वह चार फरवरी को होने वाली आगामी सुनवाई में शपत्र पत्र पेश करके बताएं कि उन्होंने फुटपाथों एवं आम रास्तों पर अवैध रूप से बने मंदिरों को हटाने के लिए क्या कदम उठाए हैं। न्यायालय ने सरकार से कहा कि अवैध रूप से बने मंदिरों के भवनों को ध्वस्त करने एवं उनकी मूर्तियों को पास के वैध मंदिरों में रखवाए जाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करें।

# छत्तीसगढ़ में वेतन बढ़ाने की मांग कर रहीं दो महिला रसोइयों की मौत



**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों में मध्यान्ह भोजन बनाने वाले रसोइये (मिड-डे मील कुक) पिछले महीनेभर से दैनिक मजदूरी को 66 रुपए से बढ़ाकर 400 रुपए करने की मांग को लेकर हड़ताल पर हैं। इसी दौरान बीमार पड़ी दो महिला कुक की हाल ही में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतकों की पहचान रुकमणी सिन्हा और दुलारी यादव के रूप में हुई है। ये कुक अपने मानदेय में बढ़ोतरी की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और इसी दौरान इन दोनों महिलाओं की तबीयत खराब हो गई थी। हालांकि, राज्य सरकार ने इन मौतों का सीधा संबंध मिड-डे मील कुक के आंदोलन से होने से इनकार किया है।

इन दोनों मौत की जानकारी देते हुए आंदोलनकारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक एसोसिएशन और उनके परिवार के सदस्यों ने बताया कि बालोद जिले की मिड-डे मील कुक रुकमणी सिन्हा की 26 जनवरी को पड़ोसी राजनांदगांव जिले के एक अस्पताल में मौत हो गई, जबकि सरकारी खाद्य योजना के तहत काम करने वाली बेमेतरा जिले की रहने वाली एक अन्य महिला दुलारी बाई यादव की उसी दिन तड़के दुर्ग जिले के भिलाई शहर के एक अस्पताल में मौत हो गई। मिड डे मील में खाना बनाने वाले इन हड़ताली रसोइयों में ज्यादातर महिलाएं हैं, पिछले साल 29 दिसंबर से नवा रायपुर अटल नगर के टुटा धरना स्थल पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। ये लोग अपनी दैनिक मजदूरी को 66 रुपए से बढ़ाकर 400 रुपए से अधिक करने की मांग कर रहे हैं। ये हड़ताली महिलाएं जो कि सरकार की महत्वाकांक्षी पोषण योजनाओं में से एक मिड-डे मील के मुख्यकार्य बल हैं,'छत्तीसगढ़ स्कूल मध्याह्न भोजन रसोइया संयुक्त संघ' के बैनर तले विरोध प्रदर्शन कर रही हैं।

### दामाद ने बताया तबीयत खराब होने के बाद लौटी थीं

इस बारे में बुधवार को पीटीआई से बात करते हुए रुकमणी सिन्हा के दामाद मुकेश कुमार सिन्हा ने बताया कि उनकी सास, जो कि बालोद जिले के कुसुमकासा गांव की रहने वाली थीं, ने 20 से 23 जनवरी तक रायपुर में विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया और तबीयत खराब होने की वजह से 24 जनवरी को घर लौट आईं। उन्हें 25 जनवरी की सुबह बालोद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया और बाद में राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज और अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां 26 जनवरी की दोपहर को उनकी मौत हो गई। दामाद ने बताया कि उनकी सास ब्लड प्रेशर से संबंधित समस्याओं से पीड़ित थीं।

### दूसरी महिला की भी तबीयत धरना स्थल पर बिगड़ी

उधर दुलारी यादव के बारे में जानकारी देते हुए रसोइया संयुक्त संघ की बेरला ब्लॉक यूनिट की हेड राधिका साहू ने बताया कि 50 साल की दुलारी बाई यादव बेमेतरा जिले के बेरला ब्लॉक के सलधा-खमारिया गांव के एक प्राइमरी स्कूल में बच्चों के लिए मिड-डे मील बनाती थीं। उन्होंने बताया कि यादव 29 दिसंबर से बीच-बीच में आंदोलन में हिस्सा ले रही थीं और इसी दौरान 24 जनवरी को विरोध स्थल पर उनकी तबीयत खराब हो गई, जिसके बाद उन्हें भिलाई के शंकराचार्य अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 26 जनवरी की सुबह उनकी मौत हो गई।

### सरकार का दोनों मौतों व आंदोलन के बीच संबंध मानने से इनकार

इस बीच, एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रामराज कश्यप ने आरोप लगाया कि 31 दिनों के आंदोलन के बावजूद सरकार ने रसोइयों की मांगों पर कोई सकारात्मक फैसला नहीं लिया है और दावा किया कि प्रदर्शनकारियों की हालत लगातार बिगड़ रही है। हालांकि, राज्य सरकार ने दोनों मौतों और विरोध प्रदर्शन के बीच किसी भी तरह का सीधा संबंध होने से इनकार कर दिया है। इस बारे में एक बयान जारी करते हुए लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) ने कहा कि विरोध कर रहे रसोइयों के प्रतिनिधियों ने निदेशक और सचिव (स्कूल शिक्षा विभाग) सहित वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बात की है, और सरकार उनके मानदेय में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी, यानी 500 रुपए (लगभग 17 रुपए प्रति दिन की बढ़ोतरी) करने के लिए तैयार है।

डीपीआई ने कहा कि सिन्हा 20 और 21 जनवरी को विरोध प्रदर्शन में शामिल हुई थीं, लेकिन बाद में घर लौट आईं, जहां उनकी तबीयत खराब हो गई और उन्हें एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, और यादव पहले से ही एक गंभीर बीमारी से पीड़ित थीं और उन्हें शंकराचार्य अस्पताल भिलाई में भर्ती कराया गया था, जहां उनकी मौत हो गई। दोनों मामलों में मौतों का वर्तमान में जारी विरोध प्रदर्शन से कोई सीधा संबंध नहीं था। राज्य सरकार ने कहा कि वह सभी मिड-डे मील रसोइयों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण के प्रति संवेदनशील है और उनके हित में आवश्यक कदम उठाना जारी रखेगी।

# भाजपा नेताओं के लखनऊ आने पर छह तक रोक

### बैठक और दौरे रद्द, वार रूम बना, क्यों फैसला?

**लखनऊ, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर सन्नाटा पसरा है। पार्टी ने कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक सबको छह फरवरी तक राजधानी लखनऊ आने पर रोक लगा दी गई है। कोई पदाधिकारी या नेता चेहरा चमकाने को कार्यालय पहुंच रहा है तो उसे कोप का भाजन बनना पड़ रहा है। खास बात यह है कि विधानसभा और विधान परिषद की सभी



कमेटियों की बैठकें और दौरे भी छह फरवरी तक स्थगित कर दिए गए हैं। सारी कवायद गहन मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर हो रही है। पार्टी की ओर से प्रदेश मुख्यालय पर एसआईआर के लिए वार रूम बनाया गया है। वहां कुछ पदाधिकारियों के साथ ही वालंटियरों की पूरी टीम लगाई गई है। कमेटियों की इन बैठकों और भ्रमण को स्थगित किए जाने को लेकर विधानसभा और विधान परिषद की ओर से आदेश जारी किए गए हैं। इसमें पूर्व निर्धारित भ्रमण व बैठकें भी तत्काल प्रभाव से निरस्त करने के निर्देश हैं। हालांकि इन आदेशों में एसआईआर का जिक्र नहीं है। मगर स्थगन की वजह यही मानी जा रही है। दरअसल, एसआईआर की अंतिम तिथि भी छह फरवरी है। समितियों की बैठकें व जिलों में भ्रमण भी छह फरवरी तक के लिए प्रतिबंधित किया गया है। दरअसल, पार्टी ने सभी विधायकों को अपने क्षेत्र में डेरा डालने को कहा है जबकि विधान परिषद सदस्यों को भी कम एसआईआर वाली सीटों पर लगाया गया है।

वार रूम बनाकर हो रही निगरानी

प्रदेश मुख्यालय पर एसआईआर के लिए बनाए गए वार रूम से प्रदेश की सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों की लगातार अपडेट ली जा रही है। महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह लगातार इसकी मॉनीटरिंग कर रहे हैं। जिन विधानसभा क्षेत्रों में नए मतदाता बनाने की गति धीमी है, वहां के विधायकों या संभावित दावेदारों के पास सीधे फोन पहुंच रहे हैं। उन्हें क्षेत्र में ही डेरा डालने और सभी कार्यकर्ताओं से नियमित रिपोर्ट लेने को कहा गया है।

बुधवार को भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए एसआईआर की समीक्षा की गई। पार्टी सूत्रों की मानें तो बीते दो-तीन दिनों में प्रदेश में नए वोटर बनाने के काम में खासी तेजी आई है। अब तक प्रदेश में 36 लाख से अधिक नये वोटर बनाए जा चुके हैं। खास बात यह है कि छह फरवरी तक सभी कार्यकर्ताओं को अकारण लखनऊ आने को मना कर दिया गया है

# एसआइआर सुनवाई के दौरान मिट्टी और दादा का पुराना रुमाल लेकर पहुंचा युवक, पुराने बक्से में लाया दस्तावेज

**कोलकाता एजेंसी।** दक्षिण 24 परगना जिले के डायमंड हार्बर में एक युवक मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) की सुनवाई के दौरान अपनी नागरिकता और पहचान साबित करने के लिए तीसरी बार सुनवाई केंद्र पहुंचा। इस बार वह खाली हाथ नहीं था। युवक दाइयान अपने सिर पर लोहे का एक पुराना जंग लगा ट्रंक रखकर लाया, जिसमें उसके पूर्वजों के तमाम दस्तावेजों के साथ-साथ उसके दादा की जहां मौत हुई थी वहां की मिट्टी और उनका पुराना रुमाल भी था।

सविसा ग्राम पंचायत के निवासी दाइयान का दावा है कि वह पहले ही दो बार दस्तावेज जमा कर चुका है, लेकिन उसे बार-बार बुलाया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों के सामने चिल्लाते हुए उसने कहा कि अगर इन कागजों से यकीन नहीं होता, तो मेरे दादा की कब्र की मिट्टी का



डीएनए टेस्ट करा लो, ताकि पता चल सके कि मैं इसी मिट्टी का बेटा हूं। दाइयान ने भावुक होकर बताया कि वह अपने माता-पिता की पांच संतानों में से एक है फिर भी उसकी पहचान पर सवाल उठाए जा रहे हैं। उसकी इस हरकत से ब्लाक कार्यालय में हड़कंप मच गया। दाइयान का कहना है कि बार-बार की पूछताछ ने उसे मानसिक रूप से तोड़ दिया है, इसलिए वह अपने पूर्वजों की आखिरी निशानियां तक उठा लाया। फिलहाल मामले पर प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# कैप्टन शांभवी ने दादी को भेजा गुड मार्निंग मैसेज, विमान हादसे में मौत

**ग्वालियर।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के बारामती में दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान की को-पायलट कैप्टन शांभवी पाठक ने कभी मध्य प्रदेश के ग्वालियर में हवा में उड़ान भरने का सपना देखा था। शांभवी ने ग्वालियर के एयरफोर्स स्कूल नंबर-वन बाल भारती स्कूल से 2016 से 2018 तक पढ़ाई की।




ग्वालियर में रहने वाली दादी मीरा पाठक को शांभवी ने बुधवार सुबह 6ः36 बजे गुड मार्निंग का मैसेज भेजा था। दादी को करीब दो घंटे बाद विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की बुरी खबर मिली। शांभवी की विमान हादसे में मौत हो गई। ग्वालियर में फिलहाल शांभवी की दादी मीरा पाठक ही रहती हैं।

घर में पायलट शांभवी की कुछ बचपन की तस्वीरें लगी हैं। फाइटर प्लेन से उन्हें बेहद लगाव था, क्योंकि उनके पिता इंडियन एयर फोर्स में रहे हैं। दादी ने बताया कि 12 अक्टूबर 2025 को शांभवी से उनकी मुलाकात हुई थी। शांभवी का परिवार अभी दिल्ली में रहता है।

परिवार में छोटा भाई वरुण, मां रोली शुक्ला पाठक हैं। पिता विक्रम पाठक एयरफोर्स में स्क्वाड्रन लीडर थे और यहां ग्वालियर एयरफोर्स में पदस्थ थे। शांभवी का ननिहाल उत्तर प्रदेश के कानपुर में हैं।

शांभवी ने 2018 में ग्वालियर से 12वीं करने के बाद मुंबई यूनिवर्सिटी में प्रवेश लिया। जहां से एयरोनाटिक्स-एविएशन-एयरोस्पेस विज्ञान और प्रौद्योगिकी में बीएससी की डिग्री हासिल की।

फिर न्यूजीलैंड इंटरनेशनल कामर्शियल पायलट अकादमी में दाखिला लिया। यहां उन्होंने कामर्शियल पायलट और फ्लाइट क्रू का प्रशिक्षण लिया। पायलट बनने के अलावा शांभवी भावी पीढ़ी के पायलटों को प्रशिक्षित करने के लिए समर्पित थीं।

### कैप्टन शांभवी की शादी की तैयारी कर रहा था परिवार

कैप्टन शांभवी का परिवार दक्षिणी दिल्ली के सफदरजंग एन्क्लेव में किराये के मकान में रह रहा था। दो दिन पहले ही परिवार सफदरजंग एन्क्लेव में ही अपने फ्लैट में शिफ्ट हुआ है। शांभवी के निधन पर पड़ोसियों को यकीन ही नहीं हो रहा है।

परिवार शांभवी की शादी कराने की तैयारी कर था। बेटी की मौत से मां रोली पाठक एकदम से टूट चुकी हैं। पिता विक्रम पाठक बेटी का शव लेने के लिए मुंबई गए हैं। वहीं, छोटा भाई वरुण मां को ढांढस बंधा रहा है।

# यूपी के गोरखपुर में 30 से ज्यादा स्पा-मसाज सेंटर पर लगवाया ताला

**गोरखपुर, एजेंसी।** गोरखनाथ इलाके में स्थित घर से दोस्त के बुलाने पर निकली किशोरी से होटल में बंधक बनाकर दुष्कर्म व स्पा में भेजे जाने का मामला सामने आने के बाद पुलिस ने बुधवार को शहर के स्थित अवैध स्पा सेंटरों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। अभियान के दौरान बुधवार को शहर के 30 से अधिक सेंटरों को लाइसेंस न होने के आधार पर बंद कराया गया। पुलिस अधिकारियों ने आने वाले दिनों में जिलेभर में इस अभियान को शुरू करने का फैसला लिया है। साथ ही कार्रवाई किए जाने वाले सेटरों की नियमित निगरानी भी की जाएगी। उधर, पुलिस ने बुधवार को बड़हलगंज में भी होटल मालिकों के साथ बैठक कर नियमों के पालन की चेतावनी दी।

दरअसल, गोरखनाथ इलाके की 13 वर्षीय किशोरी की दोस्ती इंस्टाग्राम के जरिए एक किशोर से हो गई थी। उसके कहने पर ही किशोरी ने 10 जनवरी को घर छोड़ दिया। दोस्त के साथ निकली किशोरी होटल में गई, आरोप है कि यहां पर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। इसके बाद कई स्पा सेंटर में रखने के बाद उसे बड़हलगंज के स्पा सेंटर में भेज दिया गया। इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, लापरवाही पाए जाने पर इंस्पेक्टर गोरखनाथ रहे शशिभूषण राय समेत छह पुलिस वालों को निलंबित भी कर दिया गया है। अब स्पा सेंटरों के खिलाफ अभियान की शुरुआत करते हुए बुधवार को शहर के 30 से अधिक स्पा सेंटर को बंद कराया गया।

इस मामले में पुलिस की सख्त कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है। कई जगहों पर पुलिस को अनैतिक गतिविधि की भी जानकारी मिली है। इसी आधार पर पुलिस आगे की जांच कर रही है। संबंधित चौकी को जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वह नियमित निगरानी करें और किसी भी हालत में अनैतिक काम न होने दें। बुधवार को बड़हलगंज में होटल संचालकों के साथ थाना प्रभारी सुनील राय ने बैठक की। उन्हें रजिस्टर संबंधित सभी नियमों का पालन करने को कहा। साफ किया कि पुलिस की मंशा लोगों को सुरक्षित करना है।

### सोशल मीडिया पर लिखा था 'माई लाइफलाइन'

घर से निकलने के बाद भी किशोरी ने अपना इंस्टाग्राम अपडेट किया था। उसने अपने ब्वॉयफ्रेंड का नाम लिखकर उसे पति बताया और 'माई लाइफलाइन' लिखा। उसने इसका स्क्रीन शॉट लेकर कुछ उन परिचितों को भी भेजा, जो इंस्टाग्राम पर उससे नहीं जुड़े थे। पुलिस को एक के बाद एक ऐसे सबूत मिल रहे हैं, जिससे यह साबित हो रहा है कि किशोरी का पूरी तरह से माइंडवॉश कर दिया गया था। एसपी सिटी, अभिनव त्यागी ने कहा कि पुलिस पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच कर रही है। कुछ नाम सामने आए हैं, जिनकी संलिप्तता की भी जांच जारी है। स्पा सेंटरों की जांच की जा रही है।

### चार और आरोपियों के नाम सामने आए

गोरखनाथ थाने में दर्ज केस में किशोरी के बयान के बाद चार और आरोपियों के नाम सामने आए हैं। ये सभी होटल व स्पा से जुड़े बताए जा रहे हैं। अब पुलिस जांच में इनका नाम बढ़ाने के साथ ही इनकी तलाश शुरू कर दी है। खबर है कि सभी आरोपी फरार चल रहे हैं। पुलिस ने उनके ठिकानों और सगे संबंधितों के घरों पर तलाश तेज कर दी है।

# हिमाचल में बर्फबारी से जनजीवन अस्त-व्यस्त, 2 जिलों में स्कूल बंद

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में भारी बर्फबारी ने एक बार फिर जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। जहां एक ओर पहाड़ी इलाकों में भारी हिमपात से सड़कें बंद हो गई हैं तो दूसरी ओर चंबा जिले के जनजातीय क्षेत्र में ग्लेशियर खिसकने से नुकसान की घटना सामने आई है। चंबा के भरमौर उपमंडल की दूरदराज पूलन पंचायत के ओट नाला में देर रात करीब एक बजे ग्लेशियर खिसकने से दो मालवाहक वाहन और तीन व्यावसायिक दुकानें इसकी चपेट में आ गईं। इससे क्षेत्र में दहशत फैल गई, ग्राम पंचायत पूलन की प्रधान अनीता कपूर ने घटना की पुष्टि करते हुए सरकार और प्रशासन से प्रभावित परिवारों को जल्द राहत देने की मांग की है। हालांकि किसी तरह के जानी नुकसान की सूचना नहीं है।

खराब मौसम का असर पूरे प्रदेश में देखने को मिल रहा है और बर्फबारी के चलते प्रदेश में 500 से अधिक सड़कें वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हो गई हैं। इससे कई इलाकों का संपर्क कट गया है। कुल्लू और लाहौल-स्पीति जिलों में हालात को देखते हुए एहतियातन सभी शिक्षण संस्थानों को आज बंद रखने के आदेश जारी किए गए।

कुल्लू जिला प्रशासन ने छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आज जिले के सभी उपमंडलों में सरकारी और निजी स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों, कॉलेजों और आईटीआई को बंद रखने का निर्णय लिया। वहीं लाहौल-स्पीति में लगातार हो रही भारी बर्फबारी से जनजीवन पूरी तरह ठप हो गया है। जिले की करीब 280 संपर्क सड़कें बंद हो चुकी हैं और दारचा से अटल टनल रोहतांग, तांदी से थिरोट-तिंदी और उधर-लोसर से काजा सड़क मार्ग भी बंद होने से स्पीति घाटी का संपर्क टूट गया है; लोक निर्माण विभाग केलांग क्षेत्र में मशीनों के जरिए सड़कों से बर्फ हटाने में जुटा है लेकिन लगातार खराब मौसम राहत कार्यों में बाधा बना हुआ है।



इस बीच लाहौल स्पीति प्रशासन ने हिमस्खलन की आशंका को देखते हुए लोगों से अनावश्यक यात्रा से बचने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। दूसरी ओर मनाली और शिमला में आज दिन के समय मौसम साफ रहा और धूप खिलने से लोगों ने कुछ राहत की सांस ली। हालांकि देर रात मनाली और शिमला के कुफरी घाटी में ताजा बर्फबारी दर्ज की गई, शिमला के कुफरी और नारकंडा में भारी बर्फबारी के कारण अप्पर शिमला को जोड़ने वाली सड़कें बंद हैं, जिन्हें खोलने के लिए प्रशासन प्रयास कर रहा है। मौसम विभाग के अनुसार शिमला जिले के खदराला में सर्वाधिक 41 सेंटीमीटर बर्फबारी दर्ज की गई, जबकि लाहौल-स्पीति के गोंदला में 36 सेंटीमीटर, संधोल में 31, कुकुमसेरी और मनाली में 28-28, कल्पा और शिलारू में 17-17, केलंग में 15 और शिमला में 4 सेंटीमीटर बर्फबारी हुई है, वहीं निचले और मध्यवर्ती इलाकों में तेज बारिश के साथ गरज भी देखी गई, भुंतर में 55 मिलीमीटर, सियोबाग में 47, बिलासपुर, गोहर, नैना देवी और कसौली में 45-45, सुंदरनगर, सलापड़, चुआड़ी और पंडोह में 42-42, जोगिंदरनगर में 40 और सोलन में 39 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग ने आज भी उच्च और मध्य पर्वतीय इलाकों में हल्की बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है, जबकि मैदानी क्षेत्रों में मौसम साफ रहने का अनुमान है, 29 जनवरी को पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहेगा लेकिन 30 जनवरी से एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के आसार हैं, जिसके प्रभाव से 3 फरवरी तक प्रदेश में मौसम फिर बिगड़ सकता है।

### अंतरराष्ट्रीय मीडिया और वैश्विक प्रमुखों ने भारत-ईयू एफटीए की प्रशंसा की

# वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती साख : भारत-ईयू एफटीए को मिली दुनिया भर से सराहना

**भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को वैश्विक मंच पर व्यापक सराहना मिल रही है। अंतरराष्ट्रीय मीडिया, यूरोपीय देशों के शीर्ष नेता, वैश्विक उद्योग प्रमुख और नीति विशेषज्ञ इसे आर्थिक व भू-राजनीतिक दृष्टि से ऐतिहासिक, रणनीतिक और समयोचित करार दे रहे हैं, जो भारत को वैश्विक व्यापार में एक प्रमुख और भरोसेमंद साझेदार के रूप में स्थापित करता है।**

**भारत-ईयू** मुक्त व्यापार समझौते के पूर्ण होने पर दुनिया भर में, अंतरराष्ट्रीय मीडिया, विदेशी राजनीतिक नेतृत्व, वैश्विक व्यापार प्रमुखों और सम्मानित नीति विशेषज्ञों ने मजबूत और सकारात्मक प्रतिक्रियाएं दी हैं। इस समझौते को आर्थिक और भू-राजनीतिक दोनों तरह से ऐतिहासिक, रणनीतिक और सही समय पर उठाया गया कदम बताया जा रहा है।

## अंतरराष्ट्रीय मीडिया

दुनिया के प्रमुख मीडिया संस्थानों ने भारत-ईयू एफटीए की व्यापकता, महत्वाकांक्षा और रणनीतिक समय का उल्लेख किया है।

**द टेलीग्राफ** ने जेम्स क्रिस्प के "मोदी इज़ द रियल विनर इन मदर ऑफ ऑल ट्रेड डील्स विद् ईयू" शीर्षक से एक लेख में इस समझौते को सभी व्यापार समझौतों की जननी बताते हुए कहा कि भारत इस मामले में असली रणनीतिक विजेता के रूप में उभरा है। अख़बार ने बताया कि यह समझौता ईयू से भारत को होने वाले 96.6 प्रतिशत निर्यात पर टैरिफ को खत्म या कम करता है, जबकि ईयू सात वर्षों में 99.5 प्रतिशत भारतीय सामानों पर टैरिफ कम करेगा।

**ब्लूमबर्ग** ने डैन स्ट्रमफ के "ऑल रोड्स लीड टू मोदी एज़ वर्ल्ड हेजिज ट्रम्प" शीर्षक से एक लेख में कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुआ "मदर ऑफ ऑल डील्स" समझौता एक उभरते हुए पैटर्न का नवीनतम उदाहरण हैः भारत देशों के लिए पसंदीदा पार्टनर बन रहा है।

**द वॉल स्ट्रीट** जर्नल ने इस समझौते को वैश्विक टैरिफ बाधाओं के प्रति मध्यम शक्तियों की प्रतिक्रिया के रूप में पेश करते हुए लिखा कि कैसे भारत और ईयू अमेरिकी व्यापार नीतियों से पैदा हुई अनिश्चितता के बीच गठबंधन का विस्तार कर रहे हैं।

**द न्यूयॉर्क टाइम्स** ने इस बात पर ज़ोर दिया कि यह समझौता लगभग दो दशकों की बातचीत के बाद दुनिया के सबसे बड़े आर्थिक ब्लॉक और सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था को एक साथ लाता है।

**द वाशिंगटन पोस्ट** ने इसे एक ऐतिहासिक समझौता बताया और अपनी हेडलाइन में कहा कि 'भारत और ईयू ने एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते में 'मदर ऑफ ऑल डील्स' पर मुहर लगाई'।

**द गार्जियन ने** इसे 'मदर ऑफ ऑल डील्सः ईयू और भारत ने मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए' के तौर पर अपनी खबरों में जगह दी।

इसी तरह की हेडलाइन **बीबीसी** ने भी देते हुए कहा- भारत और ईयू ने 'मदर ऑफ ऑल डील्स' की घोषणा की।

ब्लूमबर्ग ने अपने एक और लेख में सघन आपूर्ति श्रृंखला समेकन की संभावनाओं पर चर्चा करते हुए बताया कि कारों पर ड्यूटी पहले के 100 प्रतिशत से अधिक के स्तर की तुलना में 10 प्रतिशत तक कम हो जाएगी और ऑटो कंपोनेंट्स पर ड्यूटी खत्म कर दी जाएगी।

**एसोसिएटेड प्रेस** ने इस समझौते की व्यापकता की जानकारी देते हुए अपनी हेडलाइन में कहा कि 'भारत और यूरोपीय संघ ने एक मुक्त व्यापार समझौते पर सहमति जताई जो वैश्विक व्यापार का एक तिहाई हिस्सा है'। इस समझौते के पैमाने को अल जज़ीरा ने भी इस समझौते को प्रमुखता से दिखाते हुए कहा कि 'मदर ऑफ ऑल डील्स': भारत-ईयू ट्रेड डील से 27 ट्रिलियन डॉलर का बाज़ार बनेगा।

**रॉयटर्स** ने इसे एक ऐतिहासिक समझौता बताते हुए कहा कि 'भारत, ईयू ने ऐतिहासिक व्यापारिक समझौता किया, ज़्यादातर सामानों पर टैरिफ कम किए जाएंगे'।

**फॉक्स न्यूज़ पर पाकिस्तानी पत्रकार** कमर चीमा ने कहा कि इस समझौते से भारत को फायदा होने वाला है, क्योंकि कई अहम सेक्टर में टैरिफ घटाकर ज़ीरो कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देश अब यूरोपीय बाज़ार में भारत से मुकाबला नहीं कर पाएंगे।



वैश्विक प्रमुख

पूरे यूरोप के कई वरिष्ठ राजनीतिज्ञों ने सार्वजनिक तौर पर इस समझौते का स्वागत किया।

**जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़** ने बातचीत के नतीजे को "बहुत ही सकारात्मक संकेत" बताया और इस वृद्धि और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए इसे शीघ्र अति शीघ्र लागू करने की अपील की।

**फिनलैंड के राष्ट्रपति** अलेक्जेंडर स्टब ने भारत-ईयू एफटीए को ऐतिहासिक और दोनों पक्षों द्वारा अब तक का सबसे बड़ा व्यापार समझौता बताते हुए कहा कि इससे आर्थिक और राजनीतिक संबंध काफी मजबूत होंगे।

**स्वीडन के प्रधानमंत्री** उल्फ क्रिस्टर्सन ने कहा कि यह समझौता सहयोग के एक नए युग की शुरुआत है, जो व्यापार और साझेदारी के माध्यम से समृद्धि, प्रतिस्पर्धा और सुरक्षा को मजबूत करेगा।

**ऑस्ट्रिया के चांसलर** क्रिश्चियन स्टॉक ने कहा कि यह समझौता दो अरब लोगों को फायदा पहुंचाने वाला एक मुक्त व्यापार क्षेत्र बनाता है और इसे तेजी से बदलती वैश्विक व्यवस्था में यूरोप की उदार नीति के लिए एक बड़ा कदम बताया।

**डेनमार्क के विदेश मंत्री** लार्स लोके रासमुसेन ने समझौते को पूरा समर्थन देते हुए इसे भू-राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बताया और दो अरब लोगों के संयुक्त बाजार में पहले कदम उठाने के लाभ पर जोर दिया।

**फ्रांस के विदेश व्यापार और आर्थिक मंत्री** निकोलस फोरिसियर ने ईयू-भारत समझौते को एक बड़ा राजनीतिक कदम बताते हुए इस बात पर जोर दिया कि "यह दूसरे समझौतों से अलग है।"

**यूरोपीय संसद के सदस्य** सैंड्रो गोज़ी ने कहा कि यह समझौता साफ तौर पर साझेदारी में विविधता लाने और अपनी स्वायत्तता और स्वतंत्रता बढ़ाने की ईयू की जरूरत को दिखाता है। उन्होंने भारत को एक प्रमुख वैश्विक राष्ट्र बताते हुए कहा कि भू-राजनीतिक और कूटनीतिक नजरिए से, यह समझौता यूरोपीय और भारतीयों दोनों के लिए महत्वपूर्ण अवसर खोलता है।

## व्यापार प्रमुख और संगठन

भारत में काम कर रहे यूरोपीय और वैश्विक व्यापार प्रमुखों ने इस समझौते से अत्यंत उम्मीद जताते हुए इसे लंबे समय से प्रतीक्षित सफलता बताया।

**एयरबस** में भारत और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक और फेडरेशन ऑफ यूरोपियन बिजनेस इन इंडिया के अध्यक्ष जुर्गन वेस्टरमेयर ने एफटीए को 20 वर्ष की वार्ता के बाद एक "बड़ा पल" बताते हुए कहा कि यह दोनों पक्षों के लिए अवसरों को बढ़ाने का काम करेगा।

**एयरबस इंटरनेशनल के अध्यक्ष** वाउटर वैन वर्श ने इसे "शानदार दिन" बताया, और मेक इन इंडिया, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, रक्षा, अंतरिक्ष और अत्याधुनिक विनिर्माण के प्रति एयरबस की लंबी अवधि की प्रतिबद्धता को दोहराया।

**इंडो-जर्मन चैंबर ऑफ कॉमर्स** के महानिदेशक जान नोएथर ने कहा कि यह समझौता दो अरब लोगों और वैश्विक जीडीपी के लगभग एक चौथाई हिस्से को एक साथ लाता है, और इसे "मदर ऑफ ऑल ट्रेड्स" बताया।

**बर्लिन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईएचके बर्लिन) के अध्यक्ष,** सेबेस्टियन स्टीज़ेल ने भारत-ईयू एफटीए को लगातार तनावपूर्ण वैश्विक स्थिति में खुलेपन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि भारत अब भविष्य का बाज़ार नहीं, बल्कि वर्तमान का बाज़ार है, जिसमें बर्लिन को अब अवसरों का फ़ायदा उठाना चाहिए।

**वोक्सवैगन, बीएमडब्ल्यू और मर्सिडीज-बेंज जैसी प्रमुख जर्मन कार निर्माताओं के सीईओ** सहित प्रमुख उद्योग प्रतिनिधियों ने भारत में जर्मन निर्यात को बढ़ावा देने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने के इस समझौते की क्षमता की सराहना की।

**क्रोएशियाई एम्प्लॉयर्स एसोसिएशन (एचयूपी) और बिजनेसयूरोप** ने वैश्विक संरक्षणवाद के बीच ईयू-भारत एफटीए को ईयू के सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक कदमों में से एक बताया।

स्वीडिश व्यापार संगठनों जैसे **स्वेन्स्कट नेरिंग्सलिव और फ़ोरेटैगार्ना** ने इसे एक बड़ा अवसर बताया है, जिसमें कम टैरिफ और बेहतर बाज़ार पहुंच का हवाला दिया गया है।

**आयरिश आर्थिक और व्यावसायिक निकायों** ने ईयू-भारत एफटीए का स्वागत किया है। चैंबर्स आयरलैंड ने इसे एक ऐतिहासिक समझौता बताया जो आयरिश निर्यातकों, विशेष रूप से मशीनरी और कृषि-खाद्य क्षेत्रों के लिए बाज़ार पहुंच और विविधीकरण को बढ़ाता है।

अन्य वरिष्ठ व्यावसायिक हस्तियों, जिनमें **फ्रैंक श्लोडर (मैनेजिंग डायरेक्टर, हेफ़ेल साउथ एशिया), थॉमस वोल्टर (मैनेजिंग डायरेक्टर, क्रोन्स मशीनरी इंडिया), लार्स एरिक जोहानसन (एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, ऑक्सिया जीएमबीएच), जान-ओलोफ़ जैक (सीईओ, कन्फेडरेशन ऑफ़ स्वीडिश एंटरप्राइज) और फ्रेडरिक पर्सन (प्रेसिडेंट, बिजनेसयूरोप)** शामिल हैं, ने इस समझौते का नियमों पर आधारित व्यापार, आपूर्ति-श्रृंखला उदारता, एसएमई विकास और दीर्घकालिक प्रतिस्पर्धा के लिए एक मजबूत संकेत के रूप में स्वागत किया।

## अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ और थिंक टैंक

वैश्विक नीति विशेषज्ञों और थिंक टैंक ने इस समझौते को ठोस रूप से मजबूत और रणनीतिक रूप से सही समय पर किया गया फैसला बताया।

**सेंटर फॉर स्ट्रेटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज (सीएसआईएस)** के वरिष्ठ सलाहकार रिचर्ड रॉसो ने कहा कि यह समझौता दुनिया की एक चौथाई आबादी और वैश्विक व्यापार के एक बड़े हिस्से को एक साथ लाता है और उन्होंने कहा कि यह सकारात्मक दृष्टिकोण मजबूत आधार को दर्शाता है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के हाल के एफटीए गहरे और अधिक महत्वाकांक्षी व्यापार प्रतिबद्धताओं की ओर एक स्पष्ट बदलाव दिखाते हैं।

**अटलांटिक काउंसिल के सीनियर फेलो** माइकल कुगेलमैन ने भारत-ईयू एफटीए को "सही समय पर सही समझौता" बताते हुए इस बात पर जोर दिया कि यह अमेरिकी टैरिफ से परे है और एक व्यापक, तेजी से बढ़ती रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करता है।

**भू-राजनीतिक रणनीतिकार वेलिना चकारोवा** ने इसे पैमाने और रणनीतिक इरादे दोनों के मामले में इस दशक के सबसे महत्वपूर्ण भू-आर्थिक समझौतों में से एक बताया।

**कील इंस्टीट्यूट फॉर द वर्ल्ड इकोनॉमी** ने कहा कि गहरे ईयू-भारत एकीकरण से द्विपक्षीय व्यापार में 41 से 65 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है, दोनों पक्षों में जीडीपी के 0.12-0.13 प्रतिशत तक वास्तविक आय बढ़ सकती है।

**यूरोपियन काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस** ने ईयू-भारत एफटीए को हाल के वर्षों में हुए सबसे बड़े व्यापार समझौतों में से एक बताया, जिसमें सामान, सेवाएं, निवेश, डिजिटल व्यापार और नियामक सहयोग शामिल हैं।

**इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रेटेजिक स्टडीज (आईआईएसएस)** ने कहा कि कई भागीदारों के साथ व्यापार समझौतों को आगे बढ़ाने पर भारत की हाल की प्रगति- एक अधिक खुली अर्थव्यवस्था की ओर एक कदम का संकेत देती है और यह भारत के अपने दीर्घकालिक विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की संभावनाओं को बढ़ाएगा।

# आवारा कुत्ते, आखिर क्या है समस्या का हल?

आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट में रखी जा रही दलीलों से अभी कोई नतीजा भले नहीं निकला हो, लेकिन अदालत ने इस समस्या का ठोस हल निकालने का साफ संदेश दिया है। इसके बरक्स कुछ लोगों को पशुओं के प्रति संवेदनहीनता दर्शाने और कानूनों को ताक पर रखने में हिचक नहीं हो रही है, तो यह मानवीय संवेदना और समझ पर एक सवालिया निशान है। अगर आवारा कुत्तों की वजह से कोई समस्या पैदा हो रही है, तो उससे बचाव के लिए उचित उपाय निकालने के लिए सरकार से मांग करने और अपने स्तर पर भी सावधानी बरतने की जरूरत है। इसके बजाय अगर कुछ लोगों को कुत्तों को मार डालने जैसे क्रूर रास्ते अपनाना सही लग रहा है, तो यह एक बेहद अफसोसनाक स्थिति है। गौरतलब है कि तेलंगाना के याचाराम गांव में बुधवार को कुछ लोगों ने कम से कम सौ कुत्तों को कथित तौर पर जहर देकर मार डाला। पुलिस के मुताबिक, ताजा घटना इस महीने तेलंगाना के कई जिलों में अब तक लगभग पांच सौ आवारा कुत्तों को मार डालने के बाद सामने आई है। यह समझना मुश्किल है कि आवारा कुत्तों के टीकाकरण, बंध्याकरण और उन्हें अनुकूल पर्यावास मुहैया कराने के लिए सरकार से जरूरी कदम उठाने की मांग करने के बजाय लोगों को मानवीय संवेदना के न्यूनतम तकाजों को भी ताक पर रखना क्यों जरूरी लग रहा है। ऐसे लोगों को संभवत- पशु क्रूरता निवारण से जुड़े कानून की भी कोई फिक्र नहीं है, जो जानवरों को अनावश्यक दर्द पहुंचाने और पीड़ा देने से रोकता है और इसका उल्लंघन करने वालों के लिए दंड का प्रावधान करता है। विडंबना यह है कि आवारा कुत्तों के काटने या इससे जुड़ी अन्य समस्याओं पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बावजूद सरकारें रिहायशी इलाकों से उन्हें हटाने या इस समस्या का हल निकालने को लेकर ज्यादा संवेदनशील नहीं दिखतीं।

# सरकार क्या करना चाहती है, क्यों हो रहा मणिकर्णिका घाट पर विरोध?

**( अभिनय आकाश )**

सरकार दावा कर रही है कि विरासत को सजोने और जरूरत के हिसाब से बेहतर बनाने के लिए काम किया जा रहा है। तो विपक्ष इसे धर्म और प्राचीन विरासत को बर्बाद करने और मुनाफा कमाने के लिए किया जा रहा व्यवस्था बता रहा है। खाक भी जिस जमीं की पारस है, ये शहर वही बनारस है। इसे काशी कहो, बनारस या फिर वाराणसी, गंगा की पवित्रता बसती है जहां दिलों को छू देने वाली प्रकृति का मनमोह लेने वाला नजारा है वहां। जिसके बारे में अमेरिकी लेखक मार्क ट्वेन ने कहा था- बनारस इतिहास से भी पुराना है, परंपराओं से भी प्राचीन है। किवदंतियों से भी पुरातन है और अगर हम इन सबको जोड़ दें तो उनसे भी दोगुना प्राचीन है। संस्कृत में एक शब्द है कास जिसका अर्थ है चमक यानी लाइट। इसी काश से बना है शब्द काशी यानी वो जगह जहां शिव का प्रकाश सबसे तेज चमकता है। इसीलिए काशी को प्रकाश या ज्ञान का शहर भी कहा जाता है। लेकिन इस शहर में एक चमक या लाइट ऐसी भी है जो कभी नहीं बुझती। श्मशान की चमक गंगा किनारे पूरे 24 घंटे लगातार जलते रहने वाले श्मशान की चमक। मणिकर्णिका एक शाश्वत श्मशान घाट जहां कभी शांति नहीं रहती। जहां कभी आराम नहीं होता, जहां अनगिनत मृत शरीर मोक्ष की प्रतीक्षा कर रहे होते हैं, इस समय खूब चर्चाओं में है। वजह है इतिहास से भी प्राचीन बताए जाने वाले इस शहर को संवारने सजाने के लिए हो रहे विकास के कार्य जिसे कुछ लोग विनाश का कार्य भी बता रहे हैं। कुछ लोग इसे कंस्ट्रक्शन बता रहे हैं तो कुछ डिस्ट्रक्शन बता रहे हैं। सरकार दावा कर रही है कि विरासत को सजोने और जरूरत के हिसाब से बेहतर बनाने के लिए काम किया जा रहा है। तो विपक्ष इसे धर्म और प्राचीन विरासत को बर्बाद करने और मुनाफा कमाने के लिए किया जा रहा व्यवस्था बता रहा है। तो आखिर में हो क्या रहा है मर्णिकड़िका घाट पर? इतना बवाल क्यों मचा हुआ है? क्या वाकई मंदिर तोड़े गए या फिर एआई से फोटो जनरेट कर अफवाह फैलाया जा रहा। किस बात पर एफआईआर दर्ज की गई? सरकार क्या करना चाहती है और इसका विरोध क्यों हो रहा है? वाराणसी सदियों से ये शिक्षा और संस्कृति का केंद्र रहा तो साथ ही मृत्यु और मोक्ष का शहर भी रहा है। भगवान शिव के त्रिशूल पर टिके सबसे प्राचीन नगर वाराणसी में जहां काशी विश्वनाथ मंदिर से आती मंगला आरती की ध्वनियां और इनमें घुलता हुआ घंटियों का मधुर संगीत। इन्हीं ध्वनियों को सुनकर आदिकाल से वाराणसी जागता रहा है। यहां तथ्य और कल्पना, इतिहास और मिथक, लोक कथा और ग्रंथों के बीच की रेखाएं धुंधली पर जाती हैं। लेकिन इसे मृत्यु और मोक्ष का शहर भी कहा जाता है। यह अपनी तरह का अनोखा शहर है जहां हर साल असंख्य लोग मृत्यु को गले लगाने आते हैं। ऐसी मान्यता है कि माता सती के कर्ण फूल काल में पहने जाने वाला एक तरह का झुमका यहां गिर गया था। इस वजह से इस जगह का नाम मणिकर्णिका घाट पड़ा। हिंदू अंत्यष्ट परंपराओं के अनुसार हां 24 घंटे दाह संस्कार होते हैं। इसे मोक्ष का द्वार कहा जाता है। 1771 में इंदौर की महारानी अहिल्याबाई होलकर ने मणिकर्णिका घाट समेत पांच अन्य घाटों का निर्माण करवाया था। पक्का घाट बनवाया था। शिव के अनन्य भक्त अहिल्याबाई होलकर ने ही काशी विश्वनाथ मंदिर का भी पुनरद्धार कराया था। पिछले करीब 250 सालों से यह घाट इसी स्वरूप में बने हुए थे।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5988

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 3 | | | 1 | |
| 1 | 3 | 9 | | 8 | 2 | | 6 | |
| 6 | | | | | | | 8 | |
| 7 | | 2 | | | | | | 1 |
| | | | 9 | | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 9 | | 6 |
| | 8 | | | | | | | 5 |
| | 5 | | 1 | 4 | | 2 | 9 | 7 |
| | 1 | | | 9 | | | 3 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5987

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 3 | 7 | 5 | 9 | 8 | 2 | 4 |
| 4 | 8 | 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 7 | 5 |
| 5 | 2 | 7 | 8 | 3 | 4 | 6 | 1 | 9 |
| 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 8 | 4 | 3 | 2 |
| 3 | 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 |
| 1 | 4 | 2 | 6 | 9 | 3 | 7 | 5 | 8 |
| 2 | 5 | 4 | 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 |
| 7 | 9 | 1 | 3 | 8 | 5 | 2 | 4 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 4 | 2 | 1 | 5 | 9 | 7 |

# आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन काफी सृजनात्मक रहने वाला है। जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उस का फल उसी समय मिल सकता है। अधूरे काम निपट जाएंगे और महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। ऑफिस में अपने विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा और आपके साथी भी आपका सहयोग करेंगे। रात्रि में विवाह शादी में जाने का अवसर मिल सकता है।

### वृष
आज अपने व्यवहार में संयम व सावधानी बरतनी होगी। आस पास के लोगों से टकराव की नौबत न आए इस बात का ध्यान रखें। मौसम परिवर्तन से शीतोष्ण विकार उत्पन्न हो सकते हैं। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्म विश्वास के साथ कार्य करें। रात्रि के समय स्थिति में और भी सुधार होगा।

### कर्क
आज दिन आपके लिए लाभकारी रहेगा। कार्य व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रोजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है। मौसम परिवर्तन से शीतोष्ण विकार उत्पन्न हो सकते हैं। जमीन जायदाद के मामले में पारिवारिक और आस-पास के लोग कुछ परेशानी पैदा करने की कोशिश करेंगे।

### सिंह
आज आर्थिक स्थिति काफी मजबूत दिख रही है। दिन भर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। ऐसे में कार्यशील रहें। परिवार में सुख शांति और स्थिरता का आनंद उठाएं। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता ला सकें तो आगे चलकर लाभ होगा। काम में नई जान आएगी। मौसम परिवर्तन से शीतोष्ण विकार उत्पन्न हो सकते हैं।

### मिथुन
आज दिन वैसे तो काफी व्यस्त रखने वाला है, लेकिन आपको धर्म-अध्यात्म के बीच पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना अच्छा होगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्यों में रूकावट डालने की कोशिश करेंगे। रात्रि का समय मंगलमय कार्यों में व्यतीत होगा।

### कन्या
आज राज्य से विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है। भौतिक विकास का योग अच्छा है। आज कोई खास डील फाइनल हो जाएगी। मंगलोत्सवों में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा। समाज में शुभ व्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी।

### तुला
आज आपका दिन काफी रचनात्मक रहने वाला है। किसी क्रिएटिव और आर्टिस्ट काम को पूरा करने में आप दिन बिता सकते हैं। जो काम आपको सबसे प्रिय है आज वहीं करने को मिलेगा। आज आपको रिलैक्स करने में मदद मिलेगी। नई योजनाओं भी दिमाग में आयेंगी। अपने से सीनियर का सहयोग पाने का प्रयास करें।

### वृश्चिक
आज दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनेस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठायें तो बड़ा लाभ होने की आशा है। रोजमर्रा के कामों से परे कुछ नए कामों में हाथ आजमाएं। किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। नया मौका आपके आस-पास है, उसे पहचानना आपके हाथ में है। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निबटाने का आज सुनहरा मौका है।

### मकर
आज दिन सामान्य है। भागीदारी में साझे में किया व्यापार काफी फायदा पहुंचायेगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निबटाने का आज सुनहरा मौका है। हो सकता है आज आपको पुत्र-पुत्री के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़े। ईमानदारी और निर्धारित नियमों का ध्यान रखें। कई प्रकार के काम एक साथ हाथ में आने से व्यग्रता बढ़ सकती है।

### कुंभ
आज आपके स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतनी होगी। मौसम परिवर्तन से शीतोष्ण विकार उत्पन्न हो सकते हैं। खानपान में लापरवाही न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोच समझ कर करें। ईमानदारी और निर्धारित नियमों का ध्यान रखें। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निबटाने का आज सुनहरा मौका है।

### धनु
आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। किसी देवस्थान की यात्रा से मन को सुकून मिलेगा। कानूनी विवादों में सफलता, स्थान परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद पराक्रम की वृद्धि होगी। परिवार में हर्ष मंगलमय परिवर्तन व मनोरथ सिद्धि होगी। कार्यालय में भी आपके अनुकूल वातावरण बनेगा तथा आपके साथी आपका सहयोग करेंगे।

### मीन
आज का दिन लाभकारी रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर होगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधार कर ठीक किया जा सकता है। अपनी बुद्धि का प्रयोग कर आप वह सब कुछ पा सकते है, जिसकी आपको अभी तक कमी रही है। किसी संकटग्रस्त व्यक्ति की सहायता कर सकें तो शुभ रहेगा।

## वर्ग पहेली 5988



**संकेतः बाएं से दाएं**
1. 4 जून 1959 को रिलायंस समूह के अध्यक्ष और इस प्रसिद्ध व्यवसायी का जन्म हुआ था (6)
6. मुस्लिम रीति से निकाह करवाने वाला, मुसिफ, न्यायकर्ता (2)
7. पंजाबी में बात को यह कहते है (2)
8. संसार, दुनिया, जगत (4)
9. औषधि का बना लड्डू (2)
10. उपस्थित करना, ले आना (2)
11. वह तारा जो सूर्य की परिक्रमा करता हो, सौरमंडल के पिंड (2)
13. हलफ, कसम, सौगंध (3)
14. गले में पहनने का हार (4)
17. नलाकार, अस्थि, कंबु (3)
18. इस वृक्ष के छोटे-छोटे फलों से मदिरा निर्माण भी होता है (3)
20. मद्यकुंभ, इनामल (2)
22. फोटो, चित्र, फोटोग्राफ (3)
23. अभिप्राय, प्रयोजन (4)

**ऊपर से नीचे**
1. दुर्भिक्षग्रस्त, जिस क्षेत्र में अकाल पड़ा हो (5)
2. मेरा या मेरी, वैयक्तिक, आत्मीय (2)
3. रामायण के अनुसार बालि का पुत्र जो राम की सेना में था (3)
4. छोटा बच्चा, मास्टर सूरज, जयमाला जरूश्रीटी, जगदीप आदि अभिनीत और आदर्श द्वारा निर्देशित फिल्म (1969) (3)
5. प्रसिद्ध भारतीय शतरंज खिलाड़ी जिसमें 5 बार विश्व शतरंज प्रतियोगिता जीती है (8)
8. आर्तनाद, रूदन, करूण क्रंदन (3)
12. गुणनकर्म, गड़ाई, वध (3)
15. स्थिति, दशा, अवस्था (2)
16. दस्तावेज, लिखित, कलमबंदी, तहरीरी, लिपिबद्ध (3)
19. देवमूर्ति, मंदिर मूर्ति (2)
21. ख्याति, प्रसिद्धि, शोहरत (2)

### वर्ग पहेली 5987 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इं | दौ | र | | सु | क | रा | त |
| का | ल | म | | ख | र | ह | रा |
| र | त | | | दा | दा | | श |
| | | स | हा | य | ता | | ना |
| | अ | द | र | क | | सो | |
| बि | स | र | ना | | त | मा | म |
| | बा | | | मा | त | लि | |
| | ब | ह | री | न | | या | दें |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# पीडब्ल्यूएल की अंक तालिका में हरियाणा थंडर्स नंबर वन

## ● 5 मैचों के मुकाबलों में 29 बाउट जीते, लीग चरण का समापन

**झज्जर (एजेंसी)।** अनिरुद्ध गुलिया ने हेवीवेट वर्ग में दमदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा थंडर्स को रात की पांचवीं बाउट जीत दिलाई और यूपी डोमिनेटर्स पर 6-3 की जीत सुनिश्चित की। इसके साथ ही हरियाणा थंडर्स ने प्रो रेसलिंग लीग 2026 के लीग चरण में पहला स्थान पक्का कर लिया। इस जीत के साथ हरियाणा ने पांच मुकाबलों में आठ अंकों और कुल 29 बाउट जीत के साथ लीग चरण का समापन करते हुए अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। छह बाउट्स के बाद मुकाबला 3-3 की बराबरी पर था, जिसके बाद प्लेयर ऑफ द मैच इरीना कोलियादेंको ने सातवीं बाउट में फॉल से नाटकीय वापसी करते हुए मुकाबले की दिशा निर्णायक रूप से हरियाणा के पक्ष में मोड़ दी। यूपी डोमिनेटर्स, जो लीग चरण में दो जीत, चार अंक और 23 बाउट जीत के साथ चौथे स्थान पर रहे, अब सेमीफाइनल में अपनी किस्मत जानने के लिए पंजाब रॉयल्स और दिल्ली दंगल वॉरियर्स के मुकाबले के नतीजे का इंतजार करेंगे। यूपी डोमिनेटर्स के लिए शानदार प्रदर्शन के चलते तपस्या गहलावत को फाइटर ऑफ द मैच चुना गया।



● **हर बाउट का रहा कड़ा मुकाबला** – हरियाणा ने शुरुआती दो बाउट्स में बेहद करीबी और दबाव भरी जीत के साथ मजबूत शुरुआत की।76 किग्रा महिला वर्ग में काजल धोचक ने मानसी लाथर के खिलाफ कड़े मुकाबले में 3-3 की बराबरी के बाद आखिरी अंक के आधार पर जीत दर्ज की। शुरुआती टेकडाउन के जवाब में दूसरे पीरियड में अहम टेकडाउन और पैसिविटी प्वाइंट ने काजल को जीत दिलाई। इसके बाद 57 किग्रा पुरुष वर्ग में अंकुश चंद्रम और राहुल देसवाल के बीच मुकाबला 4-4 से बराबरी पर था, लेकिन आखिरी क्षणों में अंकुश के स्कोरिंग सीक्वेंस ने आखिरी अंक के आधार पर हरियाणा की बढ़त को दोगुना कर दिया।

### तपस्या गहलावत को मिला फाइटर ऑफ द मैच

बेहतरीन प्रदर्शन के लिए झज्जर की तपस्या गहलावत को फाइटर ऑफ द मैच दिया गया।57 किग्रा महिला वर्ग में तपस्या गहलावत के जरिए यूपी डोमिनेटर्स ने जोरदार वापसी की।शुरुआती बराबरी के बाद तपस्या ने पावर मिनट में पूरा नियंत्रण हासिल करते हुए फेज़ 6 में दो निर्णायक टेकडाउन लगाए और 10-3 की शानदार जीत दर्ज कर अंतर कम किया।

इसके बाद 65 किग्रा पुरुष वर्ग में विशाल काली रमन ने तुमुर ओचिर तुलगा के खिलाफ जबरदस्त वापसी करते हुए पैसिविटी कॉल्स, सफल चैलेंज और पावर मिनट में निर्णायक टेकडाउन के बाद पुश-आउट के दम पर 9-6 से जीत दर्ज की और मुकाबला 2-2 से बराबर कर दिया।तपस्या गहलावत को चुना गया फाइटर ऑफ द मैच।

युवराज सिंह बोले-

# सम्मान नहीं मिलने के कारण लिया था संन्यास

## खुद से सवाल करने लगा था कि क्रिकेट क्यों खेल रहा हूं



**नईदिल्ली (एजेंसी)।**

क्रिकेटर युवराज सिंह ने जून 2019 में क्रिकेट से संन्यास लेने के पीछे की असली वजह बताई है। युवराज ने सानिया मिर्जा के साथ एक पॉडकास्ट में कहा कि उन्हें उस समय न खेल में खुशी मिल रही थी, न ही टीम मैनेजमेंट और माहौल से वह सम्मान, जिसके वे हकदार थे। 44 साल के युवराज ने कहा, मैं अपने खेल का आनंद नहीं ले पा रहा था। जब मजा ही नहीं आ रहा था, तो खुद से सवाल करने लगा कि आखिर क्रिकेट क्यों खेल रहा हूं। सपोर्ट और सम्मान की कमी भी महसूस हो रही थी। युवराज ने आखिरी इंटरनेशनल मैच 30 जून 2017 को एंटीगुआ में खेला था। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ इस वनडे मैच में 39 रन बनाए थे।

### वर्ल्ड कप 2019 में चयन न होना टर्निंग पॉइंट बना

युवराज को 2019 वनडे वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिली। उन्हें टीम में नंबर-4 स्लॉट के लिए चुने जाने की चर्चा थी। लेकिन, उन्हें खुद इसकी उम्मीद नहीं थी। चयन न होने के बाद युवराज ने मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इंटरनेशनल क्रिकेट और इंडियन प्रीमियर लीग से संन्यास का ऐलान कर दिया था। आईपीएल में उनका आखिरी सीजन 2019 रहा। इसमें वे मुंबई इंडियंस की ओर से खेल रहे थे। युवी को इस सीजन में ज्यादा मैच खेलने को नहीं मिले थे। युवराज ने माना कि जब आप मानसिक रूप से खेल का लुत्फ उठाना बंद कर देते हैं, तो मैदान पर प्रदर्शन करना और भी कठिन हो जाता है।

### मानसिक और शारीरिक रूप से थक चुका था

युवराज सिंह ने साफ किया कि संन्यास लेने के बाद उन्हें मानसिक शांति मिली। उन्होंने माना कि क्रिकेट ने उन्हें बहुत कुछ दिया, लेकिन सही समय पर रुकना भी जरूरी होता है। युवराज ने कहा, मैं मानसिक और शारीरिक रूप से थक चुका था। यह सोचकर परेशान था कि मैं क्या साबित करने के लिए खेल रहा हूं। जिस दिन मैंने क्रिकेट छोड़ा, उसी दिन मुझे लगा कि मैंने फिर से खुद को पा लिया है।

● **एक क्रिकेटर ने पिता से कहा था कि युवराज में प्रतिभा नहीं है** – युवराज ने अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए बताया कि एक समय ऐसा भी था जब उनकी काबिलियत पर शक किया गया था। उन्होंने बताया, जब मैं 13-14 साल का था, तब एक सीनियर खिलाड़ी (जो उस समय टीम इंडिया के लिए खेल रहे थे) ने मेरे पिता से शायद औपचारिकता में कुछ कह दिया था। उन्हें लगा होगा कि मुझमें उतनी प्रतिभा नहीं है। मैंने इसे व्यक्तिगत रूप से नहीं लिया, लेकिन मेरे पिता को यह बात बहुत बुरी लगी थी।

### 2011 वनडे वर्ल्ड कप के प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे युवराज

वनडे वर्ल्ड कप 2011 में युवराज सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार जीता था। उन्होंने 8 पारियों में 90.50 की औसत से कुल 362 रन बनाए थे, जिसमें चार अर्धशतक और एक शतक शामिल था। उन्होंने टूर्नामेंट में 15 विकेट भी झटके थे। युवराज टूर्नामेंट में चार बार प्लेयर ऑफ द मैच बने और अंत में उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। टूर्नामेंट के बाद युवराज को कैंसर होने का पता चला, जिसके बाद उनका इलाज चला। इसके बाद वे एक साल से ज्यादा समय तक टीम इंडिया से बाहर रहे। पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद उन्होंने सितंबर 2012 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 मैच से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की।

# शिवम दुबे की भारत के लिए तीसरी सबसे तेज फिफ्टी

## 101 मीटर लंबा सिक्स भी लगाया, रिंकू ने चार कैच पकड़े, बने रिकॉर्ड्स



**विशाखापट्टनम (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड ने टी-20 सीरीज के चौथे मुकाबले में भारत को 50 रन से हरा दिया। विशाखापट्टनम में 216 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम 18.4 ओवर में 165 रन पर ऑलआउट हो गई।इस हार के बावजूद भारत के लिए सबसे बड़े पॉजिटिव शिवम दुबे रहे। उन्होंने महज 16 गेंदों में अर्धशतक जड़कर टी-20 इंटरनेशनल में भारत की ओर से तीसरी सबसे तेज फिफ्टी का रिकॉर्ड अपने नाम किया। पारी की पहली ही गेंद पर उन्होंने 101 मीटर लंबा छक्का लगाया। फील्डिंग में रिंकू सिंह छाए रहे। उन्होंने मुकाबले में चार शानदार कैच लपककर इतिहास रच दिया और एक पारी में चार कैच पकड़ने वाले भारत के दूसरे आउटफील्डर बन गए।

### 1. दुबे की भारत के लिए तीसरी सबसे तेज फिफ्टी

शिवम दुबे ने भारत के लिए तीसरी सबसे तेज टी-20 फिफ्टी लगा दी। उन्होंने 15वीं बॉल पर सिक्स लगाकर अर्धशतक पूरा किया।इससे पहले इसी सीरीज में अभिषेक शर्मा ने सिर्फ 14 गेंदों में अर्धशतक लगाकर दूसरी सबसे तेज फिफ्टी का रिकॉर्ड बनाया था।भारत के लिए टी-20 में सबसे तेज फिफ्टी का रिकॉर्ड युवराज सिंह के नाम है, जिन्होंने 2007 टी-20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ 12 गेंदों में अर्धशतक जड़ा था।

**हेनरी दूसरे बॉलर जिन्होंने सीरीज में दोनों ओपनर्स को पहली बॉल पर आउट किया** – मैट हेनरी टी-20 इंटरनेशनल इतिहास में दूसरे ऐसे गेंदबाज बन गए हैं, जिन्होंने एक ही सीरीज में दो बार किसी टीम के ओपनर को पारी की पहली गेंद पर आउट किया।इसी सीरीज में हेनरी ने पहले गुवाहाटी में संजू सैमसन को और फिर विशाखापट्टनम में अभिषेक शर्मा को पहली ही गेंद पर पवेलियन भेजा।इससे पहले ऐसा कारनामा 2023 में नॉर्डिक टी20 कप के दौरान अबदुल नासिर बलूच (स्वीडन) ने किया था। -

**न्यूजीलैंड का भारत के खिलाफ सेकेंड हाईएस्ट टी-20 टोटल** – न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ टी-20 में अपना दूसरा सबसे बड़ा टोटल बनाया। टीम ने 215 रन बनाए। इससे पहले न्यूजीलैंड ने वेलिंगटन में 219 रन बनाए थे।

**2022 के बाद भारत के खिलाफ पहली बार 100+ ओपनिंग साझेदारी** – टी-20 में भारत के खिलाफ 2022 के बाद पहली बार 100 से ज्यादा की ओपनिंग साझेदारी देखने को मिली। इससे पहले ऐसा कारनामा टी-20 वर्ल्ड कप 2022 के सेमीफाइनल में हुआ था, जब जोस बटलर और एलेक्स हेल्स ने एडिलेड में नाबाद 170 रन की ओपनिंग साझेदारी की थी।वहीं अगर भारत की सरजमीं की बात करें, तो भारत में यह 2017 के बाद पहली 100+ ओपनिंग पार्टनरशिप रही। इससे पहले राजकोट में कॉलिन मुनरो और मार्टिन गप्टिल ने 105 रन की ओपनिंग साझेदारी की थी।

# टी20 विश्व कप से पहले अमेरिका का स्टार बल्लेबाज सस्पेंड

## आईसीसी ने इस वजह से की कार्रवाई

**दुबई, एजेंसी।** आईसीसी ने 2023-24 में बारबाडोस में आयोजित बीआईएम10 लीग के दौरान कथित फिक्सिंग के मामले में अमेरिका के बल्लेबाज आरोन जोन्स को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया।जोन्स 2024 में टी20 विश्व कप में डेब्यू करते हुए सुपर-8 चरण तक पहुंचने वाली अमेरिकी टीम का हिस्सा थे।उन पर भ्रष्ट प्रस्ताव की जानकारी संबंधित अधिकारियों को न देने और कथित अपराध की जांच में सहयोग न करने का भी आरोप लगाया गया है।

### आईसीसी ने बयान जारी किया

आरोन जोन्स को लेकर आईसीसी ने बयान जारी किया।आईसीसी की तरफ से कहा गया, 'आईसीसी ने अमेरिका के खिलाड़ी आरोन जोन्स पर क्रिकेट वेस्टइंडीज और आईसीसी के भ्रष्टाचार-रोधी संहिता के तहत पांच उल्लंघनों का आरोप लगाया है।

# भारत आएगी बांग्लादेश की टीम, इस खिलाड़ी के पास खास पासपोर्ट, नहीं लेगा वीजा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हाल ही में टी20 वर्ल्ड कप 2026 को लेकर भारत और बांग्लादेश के बीच बड़ा बवाल देखने को मिला था. बांग्लादेश ने अपनी टीम को भारत भेजने से मना कर दिया था, जिसके चलते उन्हें टूर्नामेंट से भी बाहर होना पड़ा. बांग्लादेश सरकार ने सुरक्षा का हवाला देते हुए अपने मैच श्रीलंका में शिफ्ट करने की मांग की थी, जिसे आईसीसी ने ठुकरा दिया था. लेकिन बांग्लादेश सरकार ने एशियन राइफल एंड पिस्टल शूटिंग चैंपियनशिप के लिए अपने फैसले से सभी को चौंका दिया है.



**भारत आएगी बांग्लादेश की टीम-** बांग्लादेश सरकार ने एशियन राइफल एंड पिस्टल शूटिंग चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए अपनी नेशनल शूटिंग टीम के भारत दौरे को मंजूरी दे दी है. यह चैंपियनशिप 2 से 14 फरवरी 2026 तक आयोजित होगी. इस फैसले से पहले टीम की भागीदारी को लेकर अनिश्चितता बनी हुई थी, लेकिन अब आधिकारिक रूप से मंजूरी मिल गई है. युवा एवं खेल मंत्रालय ने बुधवार को आधिकारिक सरकारी आदेश (जीओ) जारी किया, जिसमें टीम को इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की छूट दी गई. शूटिंग चैंपियनशिप के मामले में बांग्लादेश सरकार का मानना है कि सुरक्षा जोखिम कम है, क्योंकि यह आयोजन इंदौर में होगा, जो सुरक्षित जगह है. युवा और खेल सचिव एमडी महबूब-उल-आलम ने फैसले की पुष्टि करते हुए कहा कि दौरे को मंजूरी देने से पहले सभी पहलुओं पर विचार किया गया.

# 'मैं टीम के लिए जरुरी नहीं हूं...'

## रिटायरमेंट पर केएल राहुल ने अपने बयान से किया हैरान, जानिए क्या कहा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केएल राहुल भारत के स्टार क्रिकेटर हैं, जो टीम इंडिया की कप्तानी भी कर चुके हैं. हालांकि वह टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए टीम का हिस्सा नहीं हैं. राहुल जैसे बड़े खिलाड़ी का ये कहना कि वह खुद को टीम के लिए ज्यादा जरुरी नहीं मानते, हैरान करने वाली बात है. उन्होंने 'द स्विच, केविन पीटरसन' यूट्यूब चैनल पर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान के साथ बातचीत में अपने भविष्य की प्लानिंग पर बात की. केएल राहुल ने पीटरसन के साथ बातचीत में कहा, 'मुझे लोगों के प्रति क्रिकेट को लेकर दीवानगी के चलते क्रिकेट से प्यार नहीं हुआ. ये बस मैंने चुन लिया. मुझे याद है कि मेरे पापा भी क्रिकेट खेला करते थे और जब भी हमारे घर पर सभी लोग साथ होते थे तो सभी मर्द क्रिकेट खेलते थे. पापा मुझे गेंद करवाते और मैं दिन भर खेलता था, क्योंकि मुझे इसमें मजा आता था. शायद मेरी किस्मत में ही क्रिकेट खेलना लिखा था. '

**मैं सुपरस्टार नहीं हूं- केएल राहुल-** राहुल ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मैं सुपरस्टार हूं. लोग जब मेरी तारीफ करते हैं तो मुझे अजीब लगता है.' राहुल ने अपने द्वारा चलाए जा रहे फाउंडेशन पर कहा कि, 'मुझे खुद को बताना पड़ता है कि मुझे ये मौके कैसे मिले. मैं उन लोगों की मदद कर सकता हूं, जो अपनी जिंदगी में संघर्ष कर रहे हैं और उन्हें सहारे की जरुरत है. लोग मुझसे सीधे भी संपर्क करते हैं, ये मौके मुझे क्रिकेट की वजह से मिले.



**रिटायरमेंट पर क्या बोले राहुल-** केविन पीटरसन ने कहा कि भारत में रिटायरमेंट के बारे में सोचना सबसे मुश्किल है, इस पर केएल राहुल ने कहा, 'मैंने जब भी इस बारे में सोचता हूं, तो जब आप खुद के लिए ईमानदार हैं तो ये सब करना मुश्किल नहीं है. जब रिटायरमेंट का समय आना होगा तो आएगा, इसे लंबा खींचने का कोई मतलब नहीं. जाहिर है कि अभी थोड़ा वक्त है. मैं कई बात चोटिल हुआ हूं और उससे उबरना किसी भी खिलाड़ी के लिए मुश्किल लड़ाई होती है. यह मानसिक लड़ाई होती है जब आप हार मान लेते हो. ' राहुल ने आगे कहा, 'क्रिकेट ने आपको बहुत कुछ दिया है, जिसमें अगले काफी समय तक गुजारा हो सकता है. इसलिए छोड़ दो, बस आनंद लो उन चीजों का जो आपके पास है. आपके पास आपका परिवार है.

4टी20 वर्ल्ड कप 2026

# रोहित शर्मा ने बताई टीम इंडिया की सबसे बड़ी चुनौती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत टी20 वर्ल्ड कप 2026 में खिताब बचाने के इरादे से उतरेगा और मौजूदा फॉर्म को देखते हुए टीम इंडिया को टूर्नामेंट का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। दुनिया की नंबर-1 टी20 टीम ने पिछले एक साल में लगातार शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन पूर्व कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि यह सफर उतना सरल नहीं होगा जितना बाहर से दिखता है।

वर्ल्ड कप से पहले रोहित ने उस अहम चुनौती की ओर इशारा किया है, जो टीम मैनेजमेंट के लिए सबसे बड़ा सिरदर्द बन सकती है।

● **भारत फेवरेट, लेकिन चुनौती बरकरार-** टीम इंडिया मौजूदा समय में टी20 क्रिकेट की सबसे संतुलित और मजबूत टीमों में गिनी जाती है। बल्लेबाजी में गहराई, ऑलराउंडरों की भरमार और बेहतरीन गेंदबाजी विकल्प भारत की ताकत हैं। यही वजह है कि फैंस और एक्सपर्ट्स भारत को सेमीफाइनल तक का पक्का दावेदार मान रहे हैं। हालांकि, रोहित शर्मा के मुताबिक टूर्नामेंट में असली परीक्षा टीम कॉम्बिनेशन को लेकर होगी, जहां हर फैसला बेहद सोच-समझकर लेना पड़ेगा।



● **स्पिन अटैक बना सबसे बड़ा सवाल-** रोहित शर्मा ने खास तौर पर भारत के स्पिन आक्रमण को लेकर चिंता जाहिर की। उनके अनुसार, कप्तान सूर्यकुमार यादव और कोच गौतम गंभीर के सामने सबसे मुश्किल सवाल यह होगा कि कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती जैसे दो स्पेशलिस्ट स्पिनरों को एक साथ खिलाया जाए या पूरे टूर्नामेंट में सिर्फ वरुण पर भरोसा किया जाए। भारत पिछले एक साल से स्पिन गेंदबाजों पर काफी निर्भर रहा है, जिसमें कुलदीप, वरुण और अक्षर पटेल ने कई मैचों का रुख पलटा है।

● **दो स्पिनर या एक, यही है दुविधा** –रोहित के मुताबिक, अगर टीम मैनेजमेंट कुलदीप और वरुण दोनों को प्लेइंग इलेवन में शामिल करना चाहता है, तो उसे सिर्फ दो विशेषज्ञ तेज गेंदबाजों के साथ उतरना पड़ेगा। टर20 क्रिकेट में यह एक बड़ा जोखिम हो सकता है। उन्होंने कहा कि यह फैसला पूरी तरह इस बात पर निर्भर करेगा कि कप्तान और कोच किस तरह का संतुलन चाहते हैं।

### ओस बनेगी बड़ा फैक्टर

रोहित शर्मा ने टूर्नामेंट के समय को भी एक अहम चुनौती बताया।उन्होंने कहा कि फरवरी-मार्च के दौरान, जब सर्दियों से वसंत का मौसम आता है, भारत के ज्यादातर मैदानों पर शाम के मैचों में भारी ओस देखने को मिलती है।ओस की वजह से स्पिनरों के लिए गेंद पकड़ना और कंट्रोल बनाए रखना मुश्किल हो जाता है, जिससे टीम की रणनीति प्रभावित हो सकती है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### स्कूल में बाल मेला और स्पोर्ट्स मीट का आयोजन

दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि. सं.)। जिले के दाउदनगर प्रखंड अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय अकबरपुर में गुरुवार को बाल मेला, स्पोर्ट्स मीट और शिक्षक–अभिभावक संगोष्ठी का संयुक्त आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़े छह वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का शत-प्रतिशत विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करना और अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य अमरेंद्र कुमार उर्फ अरविंद यादव ने किया, जबकि आयोजन का सफल संचालन प्रभारी प्रधानाध्यापक रामपदारथ और शिक्षक बसंत कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यालय में नामांकन बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। बाल मेला के सफल आयोजन में आंगनबाड़ी सेविका चंद्रकांती देवी का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर आंगनबाड़ी के बच्चों के साथ-साथ कक्षा तीन तक के विद्यार्थियों और उच्च कक्षाओं के छात्रों ने भी विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने खेल गतिविधियों और बाल मेले का भरपूर आनंद लिया, जिससे विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा।

# दो फरवरी से इंटर, 17 फरवरी से मैट्रिक की परीक्षा होगी शुरू

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले में मैट्रिक और इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2026 के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और कदाचारमुक्त आयोजन को लेकर जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग ने तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इन परीक्षाओं के लिए जिले में परीक्षा केंद्रों का निर्धारण कर लिया गया है। मैट्रिक की परीक्षा जिले के 48 परीक्षा केंद्रों पर जबकि इंटरमीडिएट की परीक्षा 50 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। प्रशासन का दावा है कि परीक्षार्थियों की संख्या को देखते हुए सुरक्षा और सुविधा दोनों स्तर पर पुख्ता व्यवस्था की जा रही है। मैट्रिक परीक्षा में कुल 47,026 परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिनमें पहली पाली में 23,509 और दूसरी पाली में 23,517 छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा में कुल 39,696 परीक्षार्थियों के शामिल होने की संभावना है, जिसमें विज्ञान संकाय के 20,426, कला संकाय के 18,870 और वाणिज्य संकाय के 400 परीक्षार्थी शामिल हैं। इतनी बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों की उपस्थिति को देखते हुए प्रशासन की ओर से परीक्षा केंद्रों पर बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था और स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित किया जा रहा है। बीएसईबी के कार्यक्रम के अनुसार इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षा 2 फरवरी से शुरू होगी जबकि मैट्रिक की परीक्षा 17 फरवरी से प्रारंभ की जाएगी। परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी की तैनाती की जाएगी तथा संवेदनशील और अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था की जा रही है। परीक्षा अवधि के दौरान केंद्रों के आसपास निषेधाज्ञा लागू रहेगी ताकि अनावश्यक भीड़ और असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके। परीक्षा को कदाचारमुक्त बनाए रखने के लिए सभी केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स जैसे मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच, ब्लूटूथ डिवाइस और अन्य संचार उपकरणों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। कई परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे और वीडियोग्राफी के माध्यम से पूरी परीक्षा प्रक्रिया की निगरानी की जाएगी। प्रश्नपत्रों की गोपनीयता बनाए रखने और उत्तरपुस्तिकाओं के सुरक्षित संधारण के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं तथा प्रश्नपत्र वितरण और उत्तरपुस्तिकाओं के संग्रहण के दौरान विशेष निगरानी रखी जाएगी।




### शिक्षा विभाग ने परीक्षार्थियों से की अपील : समय से पहुंचे, केवल आवश्यक सामग्री लाएं

शिक्षा विभाग ने परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे परीक्षा केंद्र पर समय से पहले पहुंचें और केवल आवश्यक व अनुमत सामग्री ही साथ लाएं। अनावश्यक वस्तुएं या प्रतिबंधित इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पाए जाने पर परीक्षा से वंचित किया जा सकता है। वहीं अभिभावकों से भी सहयोग की अपील की गई है ताकि परीक्षा प्रक्रिया शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई जा सके।

### लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

परीक्षा तिथियों की घोषणा के साथ ही केंद्राधीक्षकों, वीक्षकों और अन्य परीक्षा कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और सभी परीक्षा केंद्रों का भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है ताकि किसी भी प्रकार की कमी को समय रहते दूर किया जा सके। जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र प्रसाद ने बताया कि परीक्षा के सफल आयोजन के लिए सभी प्रशासनिक और सुरक्षा संबंधी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएंगी और किसी भी स्तर पर लापरवाही या कदाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि नकल या अनुशासनहीनता की शिकायत मिलती है तो संबंधित परीक्षार्थी के साथ-साथ जिम्मेदार कर्मियों पर भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क हादसे में महिला दारोगा की मौत

## केस डायरी जमा कर लौटते समय ट्रक ने मारी टक्कर, कांस्टेबल भी घायल

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

नगर थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर पिपरडीह मोड़ के पास मंगलवार की देर रात एक अनियंत्रित ट्रक ने स्कूटी सवार महिला दारोगा को रौंद दिया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई, जबकि साथ में मौजूद कांस्टेबल गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतका की पहचान रिंकी कुमारी के रूप में की गई है, जो वर्ष 2020 बैच की दारोगा थीं। वह मूल रूप से जमुई जिले की रहने वाली थीं, हालांकि वर्तमान में उनका परिवार पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में निवास करता है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और दोनों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने महिला दारोगा को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल कांस्टेबल भीम कुमार का इलाज जारी है।

बताया गया कि महिला दारोगा रिंकी कुमारी पहले ओबरा थाना में पदस्थापित थीं और करीब तीन महीने पहले उनका तबादला ढिबरा थाना में हुआ था। वह मंगलवार को ढिबरा थाना में पदस्थापित कांस्टेबल के साथ एक मामले से संबंधित केस डायरी समर्पित करने व्यवहार न्यायालय आई थीं। केस डायरी जमा करने के बाद कुछ विभागीय कार्य के कारण वे शहर में ही रुकी हुई थीं और बुधवार सुबह पटना जाने की तैयारी में थीं। रात में विश्राम के लिए किसी परिचित के आवास की ओर जा रही थीं, तभी पिपरडीह मोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी, जिससे यह दर्दनाक हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल, प्रशिक्षु डीएसपी अभिषेक कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर फहीम आजाद खान और प्रभारी नगर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सदर अस्पताल पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल ट्रक की पहचान और चालक की तलाश शुरू कर दी है तथा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। मृतका के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। बताया गया कि परिजनों के औरंगाबाद पहुंचने में कुछ समय लग सकता है, इसलिए फिलहाल शव को सुरक्षित रखा गया है और परिजनों के आने के बाद ही पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इधर, इस हादसे के बाद पिपरडीह मोड़ की खतरनाक स्थिति एक बार फिर सामने आ गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले दो महीनों में इसी स्थान पर चार लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी है। पांच दिन पहले ही राजद नेता उदय उज्जवल के भाई अजय कुमार यादव की भी इसी मोड़ पर हादसे में जान चली गई थी, जबकि इससे पहले मुफस्सिल थाना क्षेत्र के आनंदपुरा गांव के दो चचेरे भाइयों की भी यहां सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी है। लगातार हो रही दुर्घटनाओं को लेकर स्थानीय लोग इस मोड़ पर यातायात नियंत्रण और सुरक्षा उपायों की मांग कर रहे हैं।

### पुलिस अधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि



गुरुवार को शहीद पु0अ0नि0 स्व. रिंकी कुमारी के पार्थिव शरीर को पुलिस केंद्र औरंगाबाद लाया गया, जहां पुलिस अधीक्षक, एसडीपीओ सदर-02, डीएसपी साइबर सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारियों और जवानों ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव भुल्लो, थाना लछुआई, जिला जमुई भेजा गया।

# पदक लाओ, नौकरी पाओ योजना से संवर रहा खिलाड़ियों का भविष्य : खेल मंत्री श्रेयसी सिंह

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



बिहार की खेल एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है और "पदक लाओ, नौकरी पाओ" योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि यह योजना राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ियों के लिए न केवल सम्मान का प्रतीक बन रही है, बल्कि उनके सुरक्षित और आत्मनिर्भर भविष्य की मजबूत नींव भी रख रही है। औरंगाबाद के एकदिवसीय दौरे पर पहुंचीं खेल मंत्री का पूर्व सांसद आवास पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, भाजपा के वरीय नेता सुनील कुमार सिंह, औरंगाबाद विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह और कुटुंबा विधायक ललन राम के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने माला और बुके के साथ उनका अभिनंदन किया। स्वागत समारोह के दौरान खेल मंत्री ने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए सरकार की खेल नीतियों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। खेल मंत्री ने बताया कि पिछले वर्ष इस योजना के तहत बिहार के 71 खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी दी गई थी, जबकि चालू वर्ष में अब तक 86 खिलाड़ियों को सरकारी सेवाओं में नियुक्ति दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को और अधिक प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से सरकार आने वाले वर्षों में इस संख्या को और बढ़ाने की दिशा में लगातार काम कर रही है, ताकि अधिक से अधिक प्रतिभावान खिलाड़ियों को सुरक्षित भविष्य मिल सके।

श्रेयसी सिंह ने कहा कि बिहार में खेल संस्कृति को मजबूत करने के लिए आधारभूत संरचना के विकास के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर के कोचों की नियुक्ति की भी योजना बनाई जा रही है, जिससे राज्य के खिलाड़ी विश्वस्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

# राइस मिल कारोबारी के ठिकानों पर आयकर विभाग की रेड, ऑफिस-मिल और आवास पर एक साथ छापेमारी

- तीनों ठिकानों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम, किसी को भी अंदर-बाहर जाने की अनुमति नहीं

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिले में शुक्रवार की सुबह आयकर विभाग की टीम ने बड़े स्तर पर कार्रवाई करते हुए राइस मिल कारोबारी विश्वजीत जायसवाल से जुड़े तीन ठिकानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की। यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति, टैक्स चोरी और संदिग्ध वित्तीय लेन-देन की जांच को लेकर की जा रही है। शहर के महाराजगंज रोड स्थित वी-मार्ट के पीछे उनके कार्यालय, वियाडा परिसर में स्थित रितेश चंद्रवंशी के राइस मिल तथा देव प्रखंड स्थित आवास पर अलग-अलग टीमों द्वारा दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है। सुबह-सुबह शुरू हुई इस कार्रवाई के बाद तीनों परिसरों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर दिए गए हैं और किसी को भी अंदर या बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। आयकर विभाग की टीमें कारोबारी गतिविधियों से जुड़े कागजात, बैंक लेन-देन और निवेश से संबंधित दस्तावेजों की बारीकी से जांच कर रही हैं। सूत्रों के अनुसार रितेश चंद्रवंशी के राइस मिल में भी कारोबारी विश्वजीत जायसवाल का निवेश जुड़ा हुआ बताया जा रहा है, जिस कारण यह परिसर भी जांच के दायरे में लिया गया है।

हालांकि छापेमारी कर रही टीम के अधिकारियों ने फिलहाल किसी भी तरह की आधिकारिक जानकारी देने से इनकार किया है और कहा है कि जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट की जाएगी। बताया जा रहा है कि कार्रवाई का दायरा व्यापक है और बड़ी मात्रा में दस्तावेजों की पड़ताल की जा रही है, जिससे यह संकेत मिल रहा है कि मामला सिर्फ स्थानीय कारोबार तक सीमित नहीं हो सकता। जानकारी के अनुसार विश्वजीत जायसवाल वर्तमान में वाराणसी में रहते हैं और बिहार व उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में उनका राइस मिल और रेलवे रेक लोडिंग से जुड़ा बड़ा कारोबारी नेटवर्क फैला हुआ है। पहले वे औरंगाबाद के बड़े व्यवसायी शंभू पांडेय के साथ पार्टनरशिप में थे, लेकिन बाद में दोनों के रास्ते अलग हो गए। इसके बाद उनका कारोबार कई जिलों में तेजी से फैलता गया, जिस पर आयकर विभाग की नजर पहले से बनी हुई थी। फिलहाल आयकर विभाग की कार्रवाई जारी है और माना जा रहा है कि जांच पूरी होने के बाद विभाग की ओर से आधिकारिक बयान जारी किया जाएगा, जिसके बाद पूरे मामले की वास्तविक स्थिति सामने आ सकेगी। जिले में इस छापेमारी को लेकर कारोबारी जगत में भी हलचल का माहौल बना हुआ है।

### तीन गांजा तस्करों को कोर्ट ने दिया दोषी करार

औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)। औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय के जिला जज-1 सह स्पेशल एनडीपीएस कोर्ट के न्यायाधीश विश्व विभूति गुप्ता की अदालत ने गुरूवार को अम्बा थाना कांड संख्या-73/22, जीआर-15/22 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को एनडीपीएस एक्ट की धारा-20, 25 एवं 29 में दोषी करार दिया है। स्पेशल पीपी परवेज अख्तर ने बताया कि काराधीन अभियुक्त नंद भारद्वाज (चेनारी रोहतास), धीरज पाठक(शिवसागर रोहतास) और रोशन कुमार(चेनारी) को 138 किलो गांजा की तस्करी करने के जुर्म में कोर्ट ने दोषी ठहराया। सुनवाई के दौरान पूर्व में रोशन कुमार को हाईकोर्ट से बेल मिल गया था, जिसे आज दोषी करार देते हुए बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया। मामले में कोर्ट ने सजा के बिंदु पर सुनवाई की तारीख 12 फरवरी निर्धारित की है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि अभियुक्तों को गुप्त सूचना के आधार पर अम्बा के थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने 31 मार्च 2022 को गांजा के साथ हरिहरगंज से अम्बा आते हुए सड़क पर चेकिंग अभियान में पकड़ा था।

# बिहार गीत से हुआ अष्टभुजी महोत्सव का शुभारंभ



निज संवाददाता | बारूण (औरंगाबाद)

बारूण प्रखंड के जम्होर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरा स्थित प्रसिद्ध अष्टभुजी धाम के प्रांगण में गुरुवार को अष्टभुजी महोत्सव का शुभारंभ बिहार गीत के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि नबीनगर के विधायक चेतन आनंद, उनकी पत्नी डॉ. आयुषी सिंह तोमर, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज, एडीएम जय प्रकाश नारायण, एस.एच. खान, बारूण के बीडीओ नीरज कुमार, महोत्सव के मुख्य संरक्षक रत्न संजीव कुमार सिंह, राज्य महोत्सव संघ के सचिव स्वर्णजीत कुमार सिंह, प्रो. विजय कुमार सिंह, प्रसिद्ध ज्योतिर्विद शिवनारायण सिंह, जिला परिषद प्रतिनिधि धनंजय सिंह व सत्येंद्र सिंह, पिपरा पंचायत की मुखिया प्रीति कुमारी, बारूण की उप प्रमुख प्रभावती देवी, भाजपा नेत्री रेणु देवी व सीमा देवी सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों के सम्मान में दानिका संगीत महाविद्यालय एवं इंटर विजन क्लास की छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। स्वागत भाषण जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज ने दिया और कहा कि अष्टभुजी माता की महिमा अपरंपार है तथा इस स्थल का उल्लेख पुराणों में भी मिलता है।

# स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर रफीगंज नगर पंचायत में बैठक, रैंक सुधारने पर जोर



- बेहतर रैंकिंग के लक्ष्य के साथ रफीगंज नगर पंचायत में स्वच्छता पर मंथन

निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)

जिले के रफीगंज नगर पंचायत में स्वच्छता सर्वेक्षण को सफल बनाने और नगर की रैंकिंग में सुधार के उद्देश्य से गुरुवार को अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कर्मियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर पंचायत के पदाधिकारियों ने की, जिसमें स्वच्छता व्यवस्था की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधारों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में उप मुख्य पार्षद आरती देवी, कार्यपालक पदाधिकारी मैमून निशा, वार्ड पार्षद राजू कुमार मिश्रा, रविंद प्रसाद और मदन चौधरी, कनीय अभियंता सुरेश कुमार राम, तृप्ति कुमारी, दिव्या कुमारी सहित कार्यालय कर्मी, स्वच्छता सफाई कर्मी और सुपरवाइजर उपस्थित रहे। सभी को स्वच्छता सर्वेक्षण के मानकों के अनुरूप कार्य करने, नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने और नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए अपने-अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान यह भी कहा गया कि कचरा प्रबंधन, नालियों की नियमित सफाई, सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता और नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने जैसे बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि सर्वेक्षण में नगर पंचायत का प्रदर्शन बेहतर हो सके। पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि निरंतर प्रक्रिया है और इसमें सभी कर्मियों के साथ-साथ आम नागरिकों की सहभागिता भी आवश्यक है। नगर पंचायत प्रशासन ने भरोसा जताया कि सामूहिक प्रयासों से रफीगंज को स्वच्छ और बेहतर रैंकिंग वाला नगर बनाया जा सकेगा।

# सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न, एनईपी 2020 पर हुई गहन चर्चा

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



शहर के सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय में शिक्षा विभाग एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी गुरुवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। संगोष्ठी के दौरान "राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में शिक्षक की पहचान, पुनर्संकल्पना, स्वायत्तता, सशक्तिकरण एवं जवाबदेही" जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक और विचारोत्तेजक चर्चा हुई।

दो दिवसीय संगोष्ठी के दूसरे दिन के प्रथम तकनीकी सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. (प्रो.) रमाकांत सिंह ने व्याख्यान दिया। इस सत्र में ऑनलाइन माध्यम से भी कई प्रतिभागियों ने भाग लिया। सत्र की अध्यक्षता डॉ. वीरेंद्र पांडेय ने की, जबकि रिपोर्टियर की भूमिका सहायक प्राध्यापक सोनाली कुमारी ने निभाई। इस सत्र का धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक छोटे लाल यादव ने किया और मंच संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ. किरण कुमारी ने किया। पेपर प्रस्तुतीकरण फार्मेसी विभाग के स्मार्ट क्लास में संपन्न हुआ, जिसमें चेयरपर्सन के रूप में अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष सुमन उपस्थित रहे तथा विवेकानंद बीएड कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रंजय कुमार ने पेपर इवैल्यूएटर की भूमिका निभाई। इस सत्र का धन्यवाद ज्ञापन शिक्षा संकाय के सहायक प्राध्यापक कौशल किशोर कुमार ने किया।

संगोष्ठी के अंतिम सत्र में कल्चरल सेल की समन्वयक नीतू सिंह के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक संगीत एवं नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति दी, जिसमें दर्शकों ने निरंजन विद्यार्थी के गीतों का विशेष रूप से आनंद लिया। इस अवसर पर आगत अतिथियों के सम्मान में विदाई सह सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया तथा संगोष्ठी में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस सत्र का धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने किया, जबकि मंच संचालन सहायक प्राध्यापक बहादुर भीम कुमार सिंह ने किया। दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समग्र सारांश फार्मेसी विभाग की सहायक प्राध्यापक श्वेता कुमारी ने प्रस्तुत किया।

# पीएचसी का औचक निरीक्षण: प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अनुपस्थित, कई खामियों पर सिविल सर्जन नाराज

निज संवाददाता | गोह (औरंगाबाद)



औरंगाबाद जिले के गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का सिविल सर्जन डॉ. कृष्णा प्रसाद ने गुरुवार को औचक निरीक्षण किया, जिसमें अस्पताल की कार्यप्रणाली को लेकर कई गंभीर खामियां सामने आईं। निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शिवशंकर कुमार अस्पताल से अनुपस्थित पाए गए, जिसे लेकर सिविल सर्जन ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। निरीक्षण के क्रम में सिविल सर्जन ने पाया कि मरीजों को दिए जाने वाले सुबह के नाश्ते और दोपहर के भोजन का मेन्यू निर्धारित सरकारी मानकों के अनुरूप नहीं था, जो नियमों का उल्लंघन माना जाता है। इसके अलावा अस्पताल परिसर और वार्डों की साफ-सफाई व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं पाई गई, जिस पर उन्होंने संबंधित कर्मियों को फटकार लगाई और व्यवस्था में तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

सिविल सर्जन ने कहा कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की अनुपस्थिति और निरीक्षण में पाई गई अन्य अनियमितताओं की विस्तृत जांच कराई जाएगी तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मरीजों की सुविधा और स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

गुरुवार शाम करीब छह बजे दूरभाष पर बातचीत में डॉ. कृष्णा प्रसाद ने निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं की पुष्टि करते हुए कहा कि निरीक्षण रिपोर्ट तैयार कर वरीय अधिकारियों को भेजी जाएगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले दो शातिर गिरफ्तार 86 एटीएम कार्ड और 25 हजार से अधिक नकद बरामद

निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)



औरंगाबाद पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर लोगों के खातों से रुपये निकालने वाले दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। दोनों को दाउदनगर थाना क्षेत्र के भखरुआ मोड़ स्थित यूनियन बैंक के एटीएम के पास उस समय पकड़ा गया, जब कुछ स्थानीय लोगों ने उन्हें संदिग्ध गतिविधि करते हुए पकड़ लिया और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही दाउदनगर थानाध्यक्ष विकास कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों संदिग्धों को मोटरसाइकिल सहित हिरासत में लेकर दाउदनगर थाना लाई। थाने में की गई तलाशी के दौरान दोनों अभियुक्तों के पास से तथा उनकी मोटरसाइकिल की डिक्की से कुल 86 एटीएम कार्ड और 25 हजार 500 रुपये नकद बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी एटीएम के पास आने वाले भोले-भाले लोगों की मदद करने के बहाने उनका कार्ड बदल लेते थे और बाद में उनके खातों से रुपये निकाल लेते थे।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान गया जिले के खिजरसराय थाना क्षेत्र के उतरावन निवासी शनि कुमार (30) और इसी थाना क्षेत्र के पादुमचक महाराजगंज निवासी प्रमोद कुमार साव (30) के रूप में की गई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ दाउदनगर थाना में प्राथमिकी संख्या 100/26 के तहत सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया है। पूछताछ के दौरान दोनों ने अपने अपराध को स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है और यह भी जांच की जा रही है कि उन्होंने अब तक कितने लोगों को अपना शिकार बनाया है।

# फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की तैयारी, 10 से 27 फरवरी तक चलेगा घर-घर दवा वितरण

निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने की। बैठक में आशा फैसिलेटर, बाल विकास परियोजना की एलएस, जीविका प्रतिनिधि तथा स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मियों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. सिंह ने बताया कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है, जिससे व्यक्ति हाथीपांव जैसी जटिल समस्या से ग्रसित हो सकता है, इसलिए इस बीमारी को जड़ से समाप्त करने के उद्देश्य से सरकार 10 फरवरी से 27 फरवरी 2026 तक घर-घर जाकर दवा खिलाने का विशेष अभियान चलाएगी। जिला कोऑर्डिनेटर (पिरामिल) जितेंद्र कुमार ने बताया कि यह दवा दो वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों को निर्धारित मात्रा में दी जाएगी, जबकि गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को यह दवा नहीं दी जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि दवा सेवन के बाद कुछ लोगों को उल्टी या हल्की असहजता महसूस हो सकती है, लेकिन इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है और यह सामान्य प्रतिक्रिया मानी जाती है। उन्होंने सभी कर्मियों से अपील की कि वे लोगों को पहले से जागरूक करें, ताकि दवा सेवन को लेकर किसी तरह की अफवाह या डर न फैले।

बैठक में अभियान को सफल बनाने के लिए सभी कर्मियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।